वार्षिक रिपोर्ट
2017 - 2018

NATIONAL INSTITUTE OF EDUCATIONAL PLANNING AND ADMINISTRATION

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान

वार्षिक रिपोर्ट
2017-18

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान

(मानित विश्वविद्यालय)

17–बी, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली–110016

© राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान, 2018
(भारत सरकार द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अंतर्गत घोषित)

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान के लिए कुलसचिव, नीपा द्वारा प्रकाशित तथा मैसर्स विबा प्रेस प्रा. लि., ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेस–।।, नई दिल्ली–110020, जून 2021 में 150 प्रतियां डिजाईन एवं मुद्रित

विषय सूची

अध्याय		
1.	विहंगावलोकन	01
2.	अध्यापन और व्यावसायिक विकास कार्यक्रम	23
3.	अनुसंधान	41
4.	पुस्तकालय और प्रलेखन सेवाएं	67
5.	कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं	75
6.	प्रकाशन	79
7.	नीपा में सहायता अनुदान योजना	83
8.	प्रशासन और वित्त	89
अनुलग्नक		
I.	संकाय का अकादमिक योगदान	95
परिशिष्ट		
I.	नीपा परिषद के सदस्य	205
II.	प्रबंधन बोर्ड के सदस्य	207
III.	वित्त समिति के सदस्य	208
IV.	अकादमिक परिषद के सदस्य	209
V.	अध्ययन बोर्ड के सदस्य	211
VI.	संकाय और प्रशासनिक स्टाफ	213
VII.	वार्षिक लेखा	217
लेखापरीक्षा रिपोर्ट		259
अधिसूचना (नाम परिवर्तन–न्यूपा से नीपा)		267

1

विहंगावलोकन

विहंगावलोकन

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा) राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तरों पर अपने महत्वपूर्ण और व्यापक शैक्षणिक कार्यकलापों के साथ देश के शिक्षा संस्थानों के नेटवर्क में विशेष स्थान रखता है। यह देश में एक समावेशी और वहनीय शैक्षणिक रणनीति के उद्‌गम हेतु मार्ग प्रशस्त करने के लिए उत्तरदायी है।

नीपा की स्थापना आरंभिक रूप से फरवरी 1962 में यूनेस्को तथा भारत सरकार के बीच हस्ताक्षरित समझौते के अंतर्गत शैक्षिक योजनाकारों, प्रशासकों तथा पर्यवेक्षकों के लिये एशिया क्षेत्रीय केंद्र के रूप से हुई थी। इस केंद्र का मुख्य कार्य एशिया के शैक्षिक योजनाकारों, प्रशासकों तथा पर्यवेक्षकों के लिये शैक्षिक योजना, प्रशासन तथा विद्यालय पर्यवेक्षण से संबंधित समस्याओं पर अनुसंधान तथा अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन तथा सदस्य राज्यों को तकनीकी सहायता प्रदान करना था।

1 अप्रैल 1965 से शैक्षिक योजनाकारों, प्रशासकों तथा पर्यवेक्षकों के लिये एशिया क्षेत्रीय केंद्र का नाम बदलकर एशिया शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान कर दिया गया। यूनेस्को तथा भारत सरकार के बीच दस वर्ष के समझौते के समाप्त होने के बाद, एशिया संस्थान को भारत सरकार द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया और तत्पश्चात 1970 में शैक्षिक योजनाकारों तथा प्रशासकों के लिये राष्ट्रीय स्टाफ कालेज की स्थापना की गई। पुनः इस कालेज का पुनर्गठन किया गया और 31 मई 1979 को इसका विस्तार करते हुये इसको राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा) के रूप में पुनः पंजीकृत किया गया।

शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रशासन के क्षेत्र में नीपा द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यों को देखते हुये संस्थान को वर्ष 2006 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अंतर्गत इसे 'मानित विश्वविद्यालय' का दर्जा प्राप्त हुआ जिसके अंतर्गत इसे डिग्री प्रदान करने की शक्ति प्रदान की गई और पुनः नाम परिवर्तन के बाद इसे राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा) कहा जाने लगा। इसे आगे 'राष्ट्रीय विश्वविद्यालय' के नाम से भी संबोधित किया जायेगा। अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों की तरह यह पूर्णतः भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित है।

दिनांक 30.11.2017 की अधिसूचना संख्या फा.सं. न्यूपा/प्रशासनिक/आरओ/परिपत्र/030/2017 के द्वारा **राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा)** का नाम परिवर्तन **राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा) (मानित विश्वविद्यालय)** के रूप में कर दिया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिनांक 10 नवंबर 2017 और 29 नवंबर 2017 के संप्रेषित पत्राचार सं. एफ. 5–1/2017(सी.पी.पी.–I/डी.यू.) द्वारा भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में 'विश्वविद्यालय' शब्द के स्थान पर 'संस्थान' शब्द रख दिया गया है।

नीपा का विज़न और मिशन

संस्थान का उद्देश्य 'ज्ञान के उन्नयन से एक मानवीय अधिगम समाज का निर्माण करना है'। इस विज़न के अंतर्गत संस्थान शैक्षिक नीति, उच्च स्तरीय शिक्षण के साथ योजना तथा प्रबंधन, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में अनुसंधान तथा क्षमता निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट केंद्र के रूप में सेवायें प्रदान करने हेतु मिशन के रूप में कार्य कर रहा है।

संस्थान का उद्देश्य 'ज्ञान के उन्नयन से एक मानवीय अधिगम समाज का निर्माण करना है'। इस विज़न के अंतर्गत संस्थान शैक्षिक नीति, उच्च स्तरीय शिक्षण के साथ योजना तथा प्रबंधन, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में अनुसंधान तथा क्षमता निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट केंद्र के रूप में सेवायें प्रदान करने हेतु मिशन के रूप में कार्य कर रहा है।

संस्थान के मुख्य कार्यनीतिक उद्देश्य निम्नांकित हैं :

- शैक्षिक क्षेत्र के विकास लक्ष्यों तथा उद्देश्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी नीतियों, योजना तथा कार्यक्रमों के निर्माण और क्रियान्वयन हेतु राष्ट्रीय तथा संघ क्षेत्रों के स्तर पर सांस्थानिक क्षमता का सुदृढ़ीकरण तथा स्कूल, समुदाय, जिला, राज्य/संघ प्रदेशों तथा राष्ट्रीय स्तर पर एक त्वरित, सहभागिता और जवाबदेह शैक्षिक अभिशासन तथा प्रबंधन प्रणाली का सांस्थनीकरण।
- शैक्षिक सुधारों का अनुसमर्थन करने और शिक्षा क्षेत्र के विकास कार्यक्रमों की प्रभावी योजना, डिजाइन, कार्यान्वयन और अनुश्रवण को बढ़ावा देने के प्रयोजन से अपेक्षित ज्ञान और कौशलों से सुसज्जित शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन के क्षेत्र में युवा पेशेवरों सहित और शिक्षाविदों सहित विशेषीकृत मानव संसाधनों के समूह का विस्तार करना;
- शैक्षिक क्षेत्र में उभरती तथा वर्तमान चुनौतियों का सामना करने हेतु तथ्य आधारित जवाबदेही एवं प्रभावी कार्यक्रम क्रियान्वयन को बढ़ावा देने हेतु शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रशासन एवं संबंधित विषयों के ज्ञान आधार में वृद्धि;
- शैक्षिक क्षेत्र विकास लक्ष्यों तथा उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु प्रभावी शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन व्यवहार तथा बेहतर शैक्षिक नीतियों के क्रियान्वयन हेतु शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन व्यवहार, अनुसंधान परिणामों, नवाचारों तथा सर्वोत्तम व्यवहार समेत सूचना तथा ज्ञान की साझेदारी एवं पहुंच में सुधार;
- अंतरशास्त्रीय जिज्ञासाओं को प्रोत्साहन देते हुये शैक्षिक नीति निर्माण, शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन व्यवहार/तकनीक शिक्षा के सभी चरणों तथा व्यवस्था में, तथा रणनीतिक उपागम शैक्षिक योजना प्रक्रियाओं, अभिशासन तथा प्रबंधन में सुधार हेतु तथा अंतरशास्त्रीय जिज्ञासाओं में नेतृत्वकारी भूमिका जो शैक्षिक नीति–निर्माण तथा देश में शैक्षिक योजना तथा प्रशासन व्यवहार का निर्माण करती है।

मुख्य कार्य

अपने मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान निम्नांकित मुख्य कार्यों में संलग्न है :

- शिक्षा के सभी चरणों में शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रबंधन में नेतृत्वकारी भूमिका प्रदान करना;
- सर्वोत्तम प्रशिक्षित शैक्षिक योजनाकारों तथा प्रशासकों के कैडर के गठन हेतु प्री–डाक्टरल, डॉक्टरल तथा पोस्ट डॉक्टरल कार्यक्रमों और व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों सहित अध्यापन के विकसित अंतरशास्त्रीय कार्यक्रमों का विकास तथा आयोजन और साथ में शैक्षिक नीतियों योजना तथा कार्यक्रमों की रूपरेखा, क्रियान्वयन, अनुश्रवण हेतु सतत् सांस्थानिक क्षमता का निर्माण करना;
- शैक्षिक लक्ष्यों और उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु अनुसंधान एजेंडा तथा वचनबद्धता को स्वरूप देना, क्षमता निर्माण कार्यक्रम के लिये आवश्यक समर्थन हेतु नये ज्ञान का सृजन तथा तथ्य आधारित नीति निर्माण और बेहतर शैक्षिक योजना और प्रबंधन व्यवहार/तकनीक का प्रयोग करना;
- केंद्रीय तथा राज्य सरकारों को तथा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय संस्थानों को उनकी शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन से संबंधित क्षमता निर्माण तथा अनुसंधान आवश्यकताओं को पूर्ण करने हेतु तकनीकी समर्थन प्रदान करना और उन्हें शैक्षिक नीतियों, योजनाओं तथा कार्यक्रमों की रूपरेखा, अनुश्रवण तथा मूल्यांकन में सुधार हेतु मदद करना;
- शैक्षिक क्षेत्र के विकास कार्यक्रमों के मूल्यांकन तथा निर्माण हेतु राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों को परामर्श सेवायें प्रदान करना;
- शिक्षा के क्षेत्र में वर्तमान तथा नवीन ज्ञान के सृजन हेतु सूचना तथा विचारों के समाशोधन गृह के रूप में कार्य, शैक्षिक नीतियों, योजना तथा प्रशासन में विशेष रूप से, विचारों/अनुभवों के आदान–प्रदान तथा नीति–निर्माताओं, शैक्षिक योजनाकारों तथा प्रशासकों के बीच नीतिगत चर्चा हेतु विचार मंच प्रदान करना, प्रभावी नीतियों तथा शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन तकनीक/व्यवहार को शिक्षा क्षेत्र संबंधी चुनौतियों को सामना करने हेतु चिह्नित करना तथा शिक्षा क्षेत्र संबंधी विकास लक्ष्यों/उद्देश्यों को प्राप्त करना;
- शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन में सुधार हेतु संयुक्त प्रयासों/कार्यक्रमों तथा अनुसंधान अध्ययनों को प्रोत्साहन देने के लिए संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था के अंतर्गत कार्यक्रमों, निधि एवं एजेंसियों समेत राष्ट्रीय

तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थानों एवं संगठनों के साथ नेटवर्किंग तथा सहयोग;

- शैक्षिक क्षेत्र के विकास में उभरती हुई प्रवृत्तियों का मूल्यांकन तथा विश्लेषण, शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन में उभरती हुई चुनौतियों की पहचान तथा शैक्षिक क्षेत्र के विकास लक्ष्यों और उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु उपयुक्त नीति निर्माण तथा कार्यक्रम हस्तक्षेप के निर्माण को सुगम बनाने के लिए शैक्षिक क्षेत्र विकास लक्ष्यों और उद्देश्यों की प्रगति का मूल्यांकन।

संस्थान के उपरोक्त कार्य राज्य तथा संघशासित प्रदेश एवं केंद्रीय स्तर पर सरकारों तथा संस्थानों के साथ निकटतम संपर्क तथा सहयोग द्वारा आयोजित किये जाते हैं। उच्च स्तरीय शिक्षा के साथ संस्थान कार्यक्रम क्रियान्वयन तथा मूल्यांकन एवं शिक्षा व्यवस्था की योजना तथा प्रबंधन से संबंधित मुद्दों को संबोधित करता है। संस्थान का एक मुख्य पहलू जमीनी स्तर पर संस्थान का संबंध द्वि–रूप कार्य प्रणाली है। संस्थान अपने ज्ञान आधार में वृद्धि वास्तविकता क्षेत्र में अनुसंधान तथा क्षेत्र कार्यकर्ताओं के साथ स्कूल, कालेज, राज्य तथा केंद्रीय सरकार के विभिन्न स्तरों पर विभागों के साथ संपर्क द्वारा करता रहा है। संस्थान के रूप में, संस्थान राज्यों/संघशासित प्रदेशों की शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन संबंधी क्षमता निर्माण को पूर्ण करने हेतु संसाधन व्यक्तियों को प्रशिक्षण, राज्य सरकारों तथा राज्य संस्थानों के साथ निकटवर्ती संपर्क, उनकी शैक्षिक व्यवस्था का समालोचनात्मक अध्ययन, नीतियां तथा कार्यक्रम एवं उन्हें व्यावसायिक परामर्श तथा तकनीकी समर्थन हेतु प्रयासरत है। संस्थान अपने ऐसे कार्यक्रमों की शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन के क्षेत्र में एक थिंक टैंक (प्रसार केन्द्र) बना हुआ है। संस्थान अपने अधिकांश क्षमता निर्माण के कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी विशेषज्ञता, अनुभव और अन्तर्दृष्टि जमीनी स्तर के शैक्षिक कार्यकर्त्ताओं को हस्तान्तरित कर रहा है। इस प्रकार से संस्थान की इस दोहरी भूमिका ने अपने अध्यापन तथा अनुसंधान के अकादमिक कार्य को व्यापक प्रामाणिकता प्रदान की है।

अकादमिक ढांचा तथा समर्थन सेवाएं

संस्थान के अकादमिक ढांचे में विभाग, केंद्र, विशेष पीठ हैं जो शिक्षा के विशिष्ट पक्षों तथा तकनीकी समर्थन एकक/समूह तथा अकादमिक समर्थन प्रणाली अपने संबंधित विषयगत क्षेत्रों से जुड़ी विकास तथा क्रियान्वयनकारी गतिविधियों के प्रति उत्तरदायी हैं। संस्थान के संकाय में प्रोफेसर, सह–प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर तथा राष्ट्रीय अध्येता सम्मिलित हैं जो शिक्षा नीति, योजना तथा प्रशासन के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ हैं। प्रत्येक विभाग अंतरशास्त्रीय विषयों के आधार पर संयोजित है और वे ज्ञान, विद्वता तथा अन्य अध्ययन कार्यक्रमों और अनुसंधान क्षेत्रों, सामान्यतः शिक्षा, और विशेष रूप से शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रबंधन में विशेष तौर पर संसाधन प्रदान करते हैं। प्रत्येक विभाग के पास अनुसंधान/परियोजना सहायकों तथा अनुसचिवीय कर्मचारियों के अतिरिक्त विषय विशेषज्ञ के रूप में संकाय सदस्य हैं। अकादमिक विभाग का अध्यक्ष प्रोफेसर होता है। विभाग विभिन्न प्रशिक्षण तथा अनुसंधान कार्यक्रमों के निष्पादन और विकास तथा उनको प्रदान किये गये क्षेत्रों में परामर्श तथा सलाहकारी सेवाएं प्रदान करने के लिए जिम्मेदार होते हैं।

समीक्षाधीन वर्ष के अंतर्गत, संस्थान के अकादमिक कार्यक्रमों का आयोजन आठ अकादमिक विभागों तथा विशेष पीठ स्कूल मानक एवं मूल्यांकन एकक, परियोजना प्रबंधक एकक, भारत–अफ्रीका शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (आई.ए.आई.ई.पी.ए.) तथा दो केंद्रों द्वारा किया गया जिन्हें अकादमिक तथा प्रशासनिक सेवा एककों द्वारा समर्थन प्रदान किया गया।

अकादमिक संगठन

विभाग

- शैक्षिक योजना
- शैक्षिक प्रशासन
- शैक्षिक वित्त
- शैक्षिक नीति
- विद्यालय एवं अनौपचारिक शिक्षा
- उच्चतर एवं व्यावसायिक शिक्षा
- शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली
- शैक्षिक प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास

केन्द्र

- राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केन्द्र
- उच्च शिक्षा नीति अनुसंधान केन्द्र
- राष्ट्रीय शिक्षा संसाधन केन्द्र

एकक

- विद्यालय मानक एवं मूल्यांकन एकक

आईएआईईपीए

- भारत–अफ्रीका शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान

समर्थन सेवाएं

- पुस्तकालय तथा प्रलेखन केन्द्र
- कंप्यूटर केन्द्र
- प्रकाशन एकक
- परियोजना प्रबंधन एकक
- डिजीटल अभिलेखागार
- प्रशिक्षण कक्ष/ हिन्दी कक्ष

पीठ तथा राष्ट्रीय अध्येता

- मौलाना अबुल कलाम आज़ाद पीठ
- अध्यापक विकास और प्रबंधन पीठ
- नीपा राष्ट्रीय अध्येता

अकादमिक विभाग

शैक्षिक योजना विभागः केंद्रीकृत नियोजन से हटकर विकेंद्रीकृत योजनाओं पर बल के साथ, नीपा के प्रमुख विभागों में से एक यह विभाग, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर संस्थागत योजना के आगतों, प्रक्रियाओं, और उत्पादों के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करता है। पारंपरिक अर्थों में व्यापक योजना से हटकर आज, आर्थिक उदारीकरण की पृष्ठभूमि में, ध्यान रणनीतिक योजना पर स्थानांतरित हो गया है। हाल के दिनों में, गरीबी कम करने और स्थायी विकास को बढ़ावा देने के लिए एक साधन के रूप में शिक्षा पर दबाव के साथ न केवल शैक्षिक योजना का दायरा समष्टि स्तर पर रणनीतिक योजना के संस्थानीकरण को समेकित करना है बल्कि विकेन्द्रीकरण को बढ़ावा देने और शिक्षा के क्षेत्र में निवेश की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए स्कूल मैपिंग, सूक्ष्म नियोजन और स्कूल सुधार योजना के रूप में स्थानीय स्तर की योजना तकनीकों का प्रयोग करना भी है। विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निकायों को परामर्श उपलब्ध कराने के साथ–साथ शिक्षण और प्रशिक्षण, शैक्षिक योजनाकारों के पेशेवर विकास, अनुसंधान और क्षमता विकास कार्यक्रमों के माध्यम से किया जाता है। विभाग शैक्षिक विकास में पहल का निदान और मूल्यांकन के लिए महत्वपूर्ण आंकड़ा विश्लेषण और संकेतकों के प्रयोग हेतु शिक्षा पदाधिकारियों की क्षमताओं में सुधार करने में लगा हुआ है। विभाग एम.फिल. और पीएच.डी. के विभिन्न केंद्रिक और वैकल्पिक पाठ्यक्रमों के संचालन, शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में राष्ट्रीय डिप्लोमा (डेपा) और अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा (आईडेपा) शिक्षण कार्यक्रमों के संचालन में योगदान देता है।

शैक्षिक प्रशासन विभाग

शैक्षिक प्रशासन विभाग मुख्य रूप से सभी शैक्षिक स्तर और शाखाओं को समाहित करते हुए प्रशासन और प्रबंधन के विविध आयामों अनुसंधान, अध्ययन, प्रशिक्षण तथा प्रचार–प्रसार में सक्रिय रूप से संलग्न है। विभाग का एक मुख्य शैक्षिक क्षेत्र सरोकार एक समृद्ध ज्ञान आधार का विकास करना और शैक्षिक प्रशासन तथा प्रबंधन के विविध आयामों पर शैक्षिक प्रशासकों तथा शोधार्थियों को एक मजबूत पेशेवर अनुसमर्थन का निर्माण करना है। अपने लक्ष्य के अनुसार विभाग शैक्षिक प्रशासन और प्रबंधन पर ठोस ज्ञान के आंकड़ा आधार का निर्माण किया है। रिपोर्ट की अवधि के दौरान विभाग ने कई अध्ययन किये और एक बड़े पैमाने पर शैक्षिक प्रशासन के तीसरे अखिल भारतीय सर्वेक्षण, शैक्षिक प्रशासन में नवाचार के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार योजना और जिला एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों के लिए राज्य स्तरीय सम्मेलन के आयोजन के साथ कई दूरगामी और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किये। कार्यशालाओं, सम्मेलनों एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से विभाग ने राज्यों और भारत के केन्द्र शासित प्रदेशों भर में करीब एक हजार तीन सौ राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर की शिक्षा अधिकारियों तक अपनी पहुंच बनाई। विभाग ने जिला और ब्लॉक स्तर के शिक्षा अधिकारियों के लिए नवाचार पर राष्ट्रीय पुरस्कार योजना का क्रियान्वयन किया।

शैक्षिक वित्त विभाग

इस विभाग का दोहरा उद्देश्य शिक्षा के सभी स्तरों– राष्ट्रीय, प्रादेशिक तथा विश्वस्तर पर आर्थिक तथा वित्तीय पक्ष पर अनुसंधान करना तथा उसे प्रोत्साहित करना है तथा विकासशील देशों और भारत में शिक्षा क्षेत्र की वित्तीय योजना तथा प्रबंधन से जुड़े कर्मियों के क्षमता निर्माण और ज्ञान का सृजन करना है। विभाग के कार्यक्रम/गतिविधियां– अनुसंधान, अध्यापन, प्रशिक्षण तथा परामर्श हैं जो नीति, योजना तथा विकास, शिक्षा के सार्वजनिक तथा निजी वित्त पोषण, सरकारी तथा निजी संसाधनों की लामबंदी, शिक्षा के सभी स्तरों पर संसाधनों का आवंटन तथा उपयोग, प्राथमिक से उच्च, तथा संसाधन आवश्यकताओं के आकलन से

जुड़े मुद्दों के इर्द–गिर्द केंद्रित हैं। अधिकांशतः शोध के क्षेत्र शिक्षा के वित्त पोषण, कार्यक्रम और नीतिगत मुद्दों से संबंधित हैं। परामर्शकारी सेवाएँ नीतिगत मुद्दों पर केंद्रित हैं। अध्यापन के विषय में शिक्षा का अर्थशास्त्र और शैक्षिक वित्त पोषण से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। प्रशिक्षण और अभिविन्यास कार्यक्रम के विषय योजना तकनीक और प्रबंधन प्रणाली पर आधारित हैं।

शैक्षिक नीति विभाग

शैक्षिक नीति विभाग शैक्षिक अभिशासन और प्रबंधन में वर्तमान समस्याओं के समाधान के लिए शैक्षिक नीति का अध्ययन, शैक्षिक समस्याओं का मूल्यांकन और विश्लेषण, नीति तथा व्यवहारों का मार्गदर्शन तथा परिणामों को समझने के लिए प्रतिबद्ध है। चूँकि अपने मिशन में यह प्रतिबद्ध है, शैक्षिक क्षेत्र में प्रासंगिता और गुणवत्ता, समता, पहुँच जैसे अवरोधकों के प्रति ज्ञान के वर्धन में, इसलिए यह विभाग समय–समय पर विभिन्न नीतिगत मुद्दों पर हितधारकों, व्यवहारकर्त्ताओं तथा भारत में शैक्षिक व्यवस्था को प्रमाणित करने वाली जननीति मुद्दों पर चर्चाएं आयोजित करता है। उपरोक्त मुद्दों के साथ शैक्षिक अनुसंधान और शैक्षिक नीति के बीच शैक्षिक संस्थानों में अध्ययन अधिगम और प्रदर्शन के बेहतर लिंकेज को स्थापित करने हेतु यह विभाग अनुसंधान पर बल देता है। अनुसंधान का उद्देश्य केवल शैक्षिक प्रतिभास की जटिलताओं को दर्शाना ही नहीं होता। बल्कि कार्रवाई के लिए संस्तुतियों को प्रदान करना भी होता है। समाज में वर्तमान परिवर्तनों और शिक्षा पर इसके प्रभाव को देखते हुए, विभाग समय–समय पर हितधारकों द्वारा आवश्यक कार्रवाई के लिए गुंज–यंत्र के रूप में कार्य करता है। विभाग योजनाकारों, प्रशासकों, क्रियान्वयनकर्त्ताओं तथा विद्वानों के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान करता है जिससे कि वे वर्तमान ढांचे, प्रक्रियाओं और भारत में संगठित शिक्षा के सांस्कृतिक संदर्भ में प्रभावी और नैतिकता से कार्य कर सकें।

विद्यालय एवं अनौपचारिक शिक्षा विभाग

विद्यालय एवं अनौपचारिक शिक्षा विभाग व्यापक रूप से अधिकार–आधारित और समेकित ढांचे के अंतर्गत–स्कूल शिक्षा, अनौपचारिक और प्रौढ़ साक्षरता से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेष बल देता है। यह गुणवत्ता, समता, सामाजिक न्याय और समेकन की सैद्धांतिक समझ विकसित करने का प्रयास करता है। यह विभाग संस्थान के रूप में स्कूलों और स्कूल तथा अनौपचारिक शिक्षा में हो रहे बदलावों पर नीतियों तथा व्यावहारिक हस्तक्षेपों हेतु अनुभवजन्य आधार प्रदान करने के उद्देश्य से शोध अध्ययन करता है। यह विभाग शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम एवं एम.फिल, पी–एच.डी. के कुछ पाठ्यक्रमों के अध्यापन सहित राज्य, जिला स्तर के अधिकारियों के लिये कार्यशालाएं और क्षमता विकास के कार्यक्रम आयोजित करता है। यह योजनाओं तथा नीतियों के अध्ययन तथा निर्माण में केन्द्र तथा राज्य सरकारों को परामर्श सेवाएं प्रदान करता है। यह विभाग सह–क्रियात्मक संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के साथ अनुभव और विशेष क्षमता साझा करता है। वर्तमान में व्यावहारिक कारणों के मद्देनजर यह विभाग कमोबेस सीमित चार क्षेत्रों–अधिकार आधारित ढांचे के अंदर स्कूली शिक्षा में समता गुणवत्ता और समावेशन, अध्यापक विकास और प्रबंधन, स्कूल नेतृत्व एवं स्कूली मानकों के मूल्यांकन पर विशेष बल दे रहा है। संकाय के सदस्य राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केंद्र में भी कार्य करते हैं और विद्यालय मानक और मूल्यांकन एकक में भी संबद्ध हैं।

उच्चतर एवं व्यावसायिक शिक्षा विभाग

यह विभाग वर्षों से मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार को लगातार अनुसंधानात्मक अनुसमर्थन और नीतिगत सुझाव प्रदान करता रहा है। विभाग के विश्व व्यापार संगठन कक्ष ने गेट्स के अंतर्गत प्राप्त अनुरोधों के विश्लेषण और भारत की सहमति की पुष्टि करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। विभाग ने उच्चतर शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण के विविध आयामों पर अध्ययन किया और उन पर विमर्श हेतु संगोष्ठियां आयोजित की तथा उनके निष्कर्षों का प्रसारण किया। यह विभाग उच्चतर शिक्षा के लिये विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं को अंतिम रूप देने में सहयोग करता रहा है। यह विभाग विशेषज्ञों, विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, संकायाध्यक्षों और कुलसचिवों के सम्मेलन और संगोष्ठियों के आयोजन में यू.जी.सी. का सहयोग करता रहा है। इस विभाग ने कार्य निष्पादन आधारित उच्चतर शिक्षा पर विश्व

सम्मेलन आयोजित करने हेतु यूनेस्को क्षेत्रीय सम्मेलन के आयोजन ओर भारतीय उच्चतर शिक्षा में कार्य निष्पादन आधारित वित्त पोषण पर योजना आयोग – विश्व बैंक प्रायोजित संगोष्ठी के आयोजन में भी सहयोग किया है। वार्षिक कार्यक्रमों के अंतर्गत यह विभाग विभिन्न श्रेणियों के कॉलेज प्राचार्यों के लिये नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। विभाग विश्वविद्यालयों तथा कालेजों को उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच के विभिन्न आयामों तथा अकादमिक सुधार पर संगोष्ठियां आयोजित करने में अकादमिक समर्थन प्रदान करता है। विभाग राष्ट्रीय संस्थान के शैक्षणिक कार्यक्रम– एम.फिल. तथा पी–एच.डी. कार्यक्रमों के केंद्रिक तथा वैकल्पिक पाठ्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है और इसके शोधार्थियों का अतिरिक्त शोधनिर्देशन कर रहा है।

शैक्षिक प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास विभाग

यह विभाग शैक्षिक प्रशासकों की क्षमता में सुधार के लिये राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तरों पर सहसंबंध विकसित करने पर विशेष बल देता है। शिक्षा विभाग में प्रशिक्षित दलों का वृहद सृजन हेतु विभाग स्थायी और समर्पित सांख्यानिक प्रबंधन को सृजित करने के उद्देश्य से राज्य संस्थानों को सशक्त बनाने हेतु कार्यक्रमों की संरचना तैयार करता है। चरणबद्ध तरीके से पूरे राष्ट्र में डी.ई.ओ. / बी.ई.ओ. के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राज्य सम्मेलनों के द्वारा देश में जारी शैक्षिक सुधार नीतियों और कार्यक्रमों की स्पष्टता हेतु आधारभूत स्तर पर पहुंचने का प्रयास किया जाता है। कार्यक्रम विषयगत और संवर्ग आधारित पाठ्यक्रम होते हैं, विशेषतौर से अधिष्ठापन और प्रोन्नत स्तर पर।

इसके अलावा यह विभाग लंबी अवधि के दो डिप्लोमा कार्यक्रम, एक राष्ट्रीय और दूसरा अंतरराष्ट्रीय शिक्षा कर्मियों के लिये आयोजित करता है। शैक्षिक योजना और प्रशासन में राष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम आयोजित करता है तथा शैक्षिक योजना और प्रशासन में अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम भी वार्षिक रूप से आयोजित करता है।

यह विभाग राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा में क्षमता निर्माण रणनीति और प्रशिक्षण में अनुसंधान करता है। स्कूल और उच्च शिक्षा स्तर के प्रशासकों और क्षेत्रीय कार्यकर्त्ताओं के विभिन्न संवर्ग की शैक्षिक प्रशिक्षण आवश्यकताओं के मूल्यांकन पर इसका मुख्य बल होता है।

शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली विभाग

शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली विभाग शोध और क्षमता विकास संबंधित कार्य करता है और भारत सहित विश्व के विभिन्न देशों की शिक्षा का आंकड़ा आधार और प्रबंधन सूचना प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए तकनीकी परामर्श देता है। यह विभाग भारत में प्रारंभिक शिक्षा की प्रबंधन सूचना प्रणाली (एम आई एस) और आंकड़ा आधार को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। विभाग मानव संसाधन विकास मंत्रालय और यूनीसेफ के सहयोग से जिला शिक्षा सूचना प्रणाली (डाइस) का प्रबंधन करता है। इसके अलावा यह विभाग शैक्षिक सांख्यिकी के मुद्दों और शिक्षा के समकालीन मुद्दों पर सम्मेलन / संगोष्ठियां और शैक्षिक योजना में मात्रात्मक विधियों पर कार्यशालाएं / प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है और सांख्यिकी तथा शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली पर परामर्श प्रदान करता है। विभाग के संकाय सदस्य मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा स्कूल शिक्षा सांख्यिकी की एकीकृत प्रणाली के निर्माण हेतु गठित विशेषज्ञ समिति में सक्रिय रूप से शामिल हैं। तद्नुसार स्कूल शिक्षा सांख्यिकी की एकीकृत प्रणाली की दिशा में वर्ष 2012–13 से देशभर में समान आंकड़ा प्रपत्र में पहले कदम के रूप में डाइस और सेमीस का समेकित आंकड़ा संगृहित किया गया है। वर्ष 2015–16 के दौरान स्कूल शिक्षा प्रदान कर रहे 1.5 मिलियन स्कूलों से आंकड़ा एकत्र किए गए। विभाग द्वारा आयोजित कुछ कार्यक्रमों / संगोष्ठियों / कार्यशालाओं के विषय हैं :

एजुसेट द्वारा डाइस पर संवेदनशीलता कार्यक्रम, शैक्षिक शोध में डाइस आंकड़ों का उपयोग और स्कूल शिक्षा सांख्यिकी की एकीकृत प्रणाली आदि। यह विभाग विकासशील देशों के लिए ईएमआईएस पर सुनियोजित पाठ्यक्रम के साथ–साथ पीजीडेपा के भाग के रूप में शैक्षिक योजना में मात्रात्मक विधि पर पाठ्यक्रम का अध्यापन करता है। विभाग का संकाय ईएमआईएस और स्कूली शिक्षा से संबंधित पक्षों पर भारत सरकार के साथ–साथ राज्य सरकारों को परामर्शकारी सेवाएं प्रदान करता है।

विशेष पीठ

मौलाना अबुल कलाम आज़ाद पीठ

यह पीठ स्वतंत्र भारत के शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति के पहले मंत्री मौलाना आज़ाद के योगदान को स्मरण करने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में नीपा में स्थापित किया गया है। पीठ का मुख्य अनुसंधान क्षेत्र 1950 के दशक के अंतिम वर्षों के दौरान मौलाना आजाद के योगदान की खोज करते हुए एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति के विकास पर अध्ययन करना है। यह पीठ राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष, मौलाना आजाद स्मारक व्याख्यान का आयोजन करता है। यह पीठ मौलाना आज़ाद के दर्शन और वैश्विक विचारों व अन्य संबंधित मुद्दों पर राष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन भी करता है।

अध्यापक विकास और प्रबंधन पीठ

राजीव गांधी स्थापना पीठ, अध्यापक विकास और प्रबंधन पीठ जून 2013 से प्रारंभ हुआ। यह भारत भर में प्रबंधन प्रणालियों और अध्यापक विकास की प्रभाविकता में सुधार करने हेतु नीतियों तथा आचरण का विकास के लिए विश्लेषण और अनुसंधान को बढ़ावा देने की अभिव्यक्ति है।

प्रावधान, आवंटन और शिक्षा प्रणालियों की मांगों को पूरा करने के लिए अध्यापकों का उपयोग, प्रभावी ढंग से कार्य निष्पादन हेतु वर्तमान शिक्षकों की आवश्यकताओं को पूरा करना; और व्यवसायीकरण और स्कूल/संस्थागत नेतृत्व का क्षमता विकास अंत:संबंध है। हालांकि, यहाँ एक सुसंगत नीति और कार्यक्रम रूपरेखा की कमी है जो उन्हें एक साथ जोड़ सकें और ब्लॉक, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तरों पर शिक्षक विकास और प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं से संबंधित मुद्दों को संबोधित कर सकें। प्रोफेसर विमला रामचंद्रन को आर.जी.एफ. पीठ का प्रोफेसर प्रभारी नियुक्त किया गया है।

पीठ की विशेष गतिविधियों में शामिल हैं:

- विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में शिक्षकों और संबंधित शैक्षिक प्रबंधन मुद्दों की कार्यशील स्थितियों पर स्वतंत्र और सहयोगात्मक अनुसंधान। यह आशा की जाती है, सूचित निर्णय लेने और नीतियों के सुसंगत ढांचे के निर्माण के लिए आवश्यक ज्ञान के आधार को समृद्ध करेगा।
- राज्य मंत्रालयों और अन्य राज्य/केंद्रशासित प्रदेशों के संस्थानों को तकनीकी सहायता प्रदान करना ताकि उन्हें शिक्षक विकास और प्रबंधन प्रथाओं में सुधार करने में मदद मिल सके।

- अनुमोदित कार्यक्रम हस्तक्षेप में शामिल हितधारकों और राज्य स्तरीय शिक्षा प्राधिकरणों को सम्मिलित करते हुए अध्यापक विकास और प्रबंधन से जुड़े मुद्दों पर नीतिगत संवाद को बढ़ावा देना और सुविधा प्रदान करना।
- प्रलेखन और ज्ञान एवं सूचना की जानकारी का प्रचार–प्रसार, शोध निष्कर्षों समेत, सर्वोत्तम प्रथाओं और राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर हितधारकों के बीच नवाचारों सहित सूचित निर्णय लेने की सुविधा।
- प्रभावी शिक्षक विकास और प्रबंधन प्रथाओं को अपनाने के लिए समर्थन।

दो परियोजनाएं चल रही हैं:

नौ राज्यों में प्रारंभिक और माध्यमिकः इन दो स्तरों पर सरकारी स्कूलों में सभी श्रेणियों के कार्यरत शिक्षकों (नियमित और अनुबंध शिक्षकों) के लिए काम की परिस्थितियों, वेतन तथा व्यवहार, तैनाती की नीतियों का दस्तावेजीकरण और विश्लेषण (स्थानान्तरण, पोस्टिंग, व्यावसायिक विकास और विकास) सरकार के अधिसूचना, आदेश और शिक्षक प्रबंधन में शामिल महत्वपूर्ण प्रशासकों के साथ राज्य–स्तरीय क्षेत्र–आधारित अध्ययनों के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें सरकारी सूचनाओं, शिक्षकों के प्रबंधन में शामिल प्रमुख प्रशासकों के आदेश, साक्षात्कार शामिल हैं।

केंद्र

राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केंद्र

राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केन्द्र (एनसीएसएल) विद्यालयों के रूपांतरण की वचनबद्वता के साथ 2012 में राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान में स्थापित किया गया था। एनसीएसएल के लिए प्रमुख प्राथमिकता स्कूल परिवर्तन को तैयार करना है। एनसीएसएल–नीपा देश भर में 6500 ब्लॉक, 679 जिलों तथा 35 राज्यों तथा संघ शासित प्रदेशों में नेतृत्व आवश्यकता और संदर्भित स्कूल मुद्दों को संबोधित करता है। प्रत्येक राज्य में प्रत्येक स्कूल के लिए परिवर्तन एजेंडा को लागू करने पर केन्द्र की सारी गतिविधियां आधारित हैं। केन्द्र अंतर संबंधी और व्यावहारिक नेतृत्व मॉडल के उद्भव पर बल देता है।

केंद्र का मकसद देश के प्रत्येक विद्यालय तक पहुंचना है, जिससे हर स्कूल उत्कृष्ट हो और हर बच्चा शिक्षित हो। इस मिशन को पूर्ण करने हेतु केन्द्र ने निम्नांकित चार घटकों को सम्मिलित किया है जो केंद्र की रूपरेखा की गतिविधियों में समाहित हैं। पाठ्यक्रम और सामग्री विकास, क्षमता निर्माण, नेटवर्किंग और संस्था निर्माण, अनुसंधान और विकास।

स्कूल नेतृत्व पर पारंपरिक लघु–कालिक कार्यक्रमों के विपरीत, केन्द्र ने स्कूल नेतृत्व गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की है जो स्कूल प्रमुखों और व्यवस्थित प्रशासकों को सतत संलग्नता तथा दीर्घकालिक विकास प्रदान करती है। भारत में पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर स्कूल नेतृत्व पर एक राष्ट्रीय कार्यक्रम की रूपरेखा और पाठ्यचर्या विकास की संकल्पना की गई है। संपूर्ण कार्यक्रम व्यवहारकर्त्ता केंद्रित पाठ्यचर्या पर तैयार की गई है। जो कि राज्यों में स्कूलों के संदर्भित मुद्दों और बुनियादी आवश्यकताओं और विविधता को संबोधित करती है। पाठ्यचर्या रूपरेखा के अंतर्गत, स्कूल नेतृत्व विकास पर एक हस्तपुस्तिका विकसित की गई है जो कि एक समृद्ध संग्रह है और जो भविष्य की चुनौतियों का समना करने हेतु संभावित नेतृत्व की तैयारी और स्कूलों के रूपांतरण हेतु वर्तमान नेतृत्व को समक्ष करने के लिए एक संदर्भित रूपरेखा है।

उच्च शिक्षा नीति अनुसंधान केंद्र (सीपीआरएचई)

उच्च शिक्षा नीति अनुसंधान केंद्र (सीपीआरएचई) भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नीति अनुसंधान और समर्थन नीति और नियोजन को बढ़ावा देने के लिए संस्थान द्वारा एक विशेष संस्थान के रूप में स्थापित किया गया है। भारत में उच्च शिक्षा की योजना और नीति बनाने में एक विचार मंच के रूप में कार्य करने के लिए सीपीआरएचई का व्यापक मिशन है। केंद्र नीति, योजना की तैयारी में मदद और भारत में उच्च शिक्षा के विकास के लिए कार्यक्रमों की रूपरेखा के लिए अनुसंधान साक्ष्य के सृजन में योगदान की अपेक्षा रखता है। केंद्र वर्तमान राष्ट्रीय प्राथमिकताओं पर अपनी गतिविधियों और अनुसंधानों को केंद्रित करता है।

केंद्र की नियमित गतिविधियाँ निम्नलिखित हैं: i) विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में अनुसंधान परियोजनाओं का आयोजन; ii) नीतिगत संवादों का आयोजन; iii) इंडिया हायर एजुकेशन रिपोर्ट (आईएचईआर) का वार्षिक प्रकाशन; iv) एक चयनित विषय पर प्रतिवर्ष एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का संगठन; और v) प्रत्येक वर्ष एसएचईसी के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों की बैठक का आयोजन। द्वितीय 'भारत उच्च शिक्षा रिपोर्ट 2016' (आईएचईआर 2016) उच्च शिक्षा में समता पर केंद्रित है। सेज, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित की गई है। तृतीय, भारत उच्च शिक्षा रिपोर्ट 2017 (आई.एच.ई.आर. 2017) शिक्षण, अधिगम और गुणवत्ता पर केंद्रित है तथा भारत उच्च शिक्षा रिपोर्ट 2018 (आई.एच.ई.आर. 2018) शिक्षा के वित्तपोषण पर केंद्रित है और प्रकाशनाधीन है।

गुणवत्ता, आश्वासन और उत्कृष्टता के संदर्भ में अनुभव और आचरण पर चर्चा हेतु राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान, नीपा, नई दिल्ली और ब्रिटिश काउंसिल ने संयुक्त रूप से उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और उत्कृष्टता पर संगोष्ठी आयोजित की। केन्द्र ने 'उच्च शिक्षा में वित्तपोषण में नवाचार', द्वारा प्रो. एन.वी. वर्गीज और प्रो. जिणुसा पाणिग्रही, सीपीआरएचई/नीपा नई दिल्ली, द्वारा रिपोर्ट का प्रकाशन किया गया। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सीपीआरएचई ने दो अनुसंधान आलेखों का प्रकाशन ''अनुसंधान आलेख श्रृंखला'' के अंतर्गत किया।

केंद्र द्वारा पूर्ण अनुसंधान परियोजनाओं की रिपोर्ट जारी की है। केंद्र में निम्नलिखित शोध रिपोर्ट उपलब्ध हैं: उच्च शिक्षा में अध्यापक नियुक्तिः राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा की भूमिका; उच्च शिक्षा के लिए नागरिक अधिगम और लोकतांत्रिक संवादः उच्च शिक्षा संस्थानों में विविधता और भेदभाव पर अध्ययन; पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन के क्रियान्वयन का मूल्यांकन; उच्च तकनीकी शिक्षा संस्थानों में एकाग्रता और अधिक आपूर्ति; राष्ट्रीय अनुसंधान प्रोफेसरशिप योजना का मूल्यांकन।

एकक

स्कूल मानक एवं मूल्यांकन एकक

स्कूल मानक एवं मूल्यांकन एकक मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में स्कूल मानक और मूल्यांकन पर राष्ट्रीय कार्यक्रम (शाला सिद्धि) में अग्रणी भूमिका अदा कर रहा है। एडनेक्स्ट के भाग के रूप में – शाला सिद्धि को स्कूल शिक्षा में आईसीटी पर राष्ट्रीय सम्मेलन में माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री द्वारा शुरु किया गया था।

शाला सिद्धि कार्यक्रम गुणवत्ता सुधार के लिए स्कूल मूल्यांकन की दिशा में एक पहल है। इसका लक्ष्य ''स्कूल

मूल्यांकन'' का साधन और ''स्कूल सुधार'' के रूप में देखता है। कार्यक्रम जवाबदेही के साथ स्कूल सुधार के प्रति आन्तरिक और बाह्य मूल्यांकन के लिए प्रत्येक स्कूल को स्पष्ट मार्ग प्रदान करता है। स्कूल सुधार के साक्ष्य आधारित प्रणाली, स्कूल के मानकों और मूल्यांकन ढांचे के आधार पर, प्रयास के एक नए क्षेत्र के रूप में, स्कूलों और शिक्षार्थियों की वृद्धिशील प्रगति की दिशा में स्कूलों के आत्म संलग्नकता पर महत्वपूर्ण जोर देता है। शाला सिद्धि कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्य विकसित करना है, एक तकनीकी रूप से वैचारिक ढांचे, कार्यप्रणाली, साधन; भारतीय स्कूलों की विविधता के अनुरूप स्कूल मूल्यांकन की प्रक्रिया; प्रत्येक विद्यालय की क्षकता में निरंतर सुधार के लिए स्वयं को बेहतर बनाना। यह एकक शाला सिद्धि कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन और संस्थागतकरण के लिए सभी राज्यों को समर्थन प्रदान कर रहा है।

एकक ने देश में शाला सिद्धि कार्यक्रम के विकास के लिए बहुत व्यवस्थित दृष्टिकोण का पालन किया। वैचारिक ढांचे को स्कूल मूल्यांकन पर आधारित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शोध के साक्ष्य द्वारा दृढ़ता से समर्थन किया जाता है। स्कूल मानकों और मूल्यांकन ढांचे, स्कूल मूल्यांकन डैशबोर्ड और दिशानिर्देशों का एक व्यापक पैकेज विकसित किया गया है और इसका उपयोग स्कूलों के स्वः और बाह्य मूल्यांकन के लिए किया जाता है। इन सभी दस्तावेजों का अनुवाद और संदर्भ सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा किया जाता है। स्कूल मूल्यांकन के व्यापक पैकेज और एक समर्पित वेब पोर्टल (आईटी सक्षम समर्थन) के विकास की अगली कड़ी के रूप में, शाला सिद्धि कार्यक्रम एक विस्तृत रणनीतिक योजना के बाद नीपा के शैक्षणिक समर्थन के साथ राज्यों और संघ शासित प्रदेशों द्वारा कार्यान्वित किया जाता है।

वर्ष 2017–18 के दौरान, 34 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने मुख्य हितधारकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया, राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर शाला सिद्धि कोर टीमों का गठन किया और स्कूलों और अधिकारियों को सभी सामग्रियों का अनुवाद और संदर्भीकरण का वितरण किया। लगभग 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने पहले ही स्कूल स्वःमूल्यांकन प्रक्रिया को लागू कर दिया है और शाला सिद्धि वेब पोर्टल पर स्कूल मूल्यांकन डैश बोर्ड अपलोड कर दिया है।

स्कूली शिक्षा और सीखने के परिणामों की गुणवत्ता में

सुधार के लिए केंद्र के रूप में व्यापक स्कूल मूल्यांकन की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में, शाला सिद्धि कार्यक्रम (स्कूल मूल्यांकन) ने स्कूल सुधार के लिए समग्र स्कूल मूल्यांकन की दिशा में गति उत्पन्न की है। यह प्रत्येक स्कूल को स्वः और बाह्य मूल्यांकन के लिए एक स्पष्ट रोड–मैप प्रदान करता है, जिससे जवाबदेही के साथ स्कूल सुधार प्रगति की ओर अग्रसर होता है। शाला सिद्धि कार्यक्रम की स्थिरता के लिए समय अवधि, तैयारियों, क्षमता निर्माण, सामग्री विकास, प्रणालीगत, वित्त और मानव संसाधन समर्थन की आवश्यकता होती है।

परियोजना प्रबंधन एकक (पी.एम.यू.)

संस्थान में परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू) समर्थन और गृह स्तर प्रबंधन एवं प्रायोजित अनुसंधान के उद्देश्य से स्थापित किया गया है।

यह एकक शिक्षा नीति और शैक्षिक योजना एवं प्रशासन (व्यक्ति शोध) के क्षेत्र में अध्ययन के लिए नीपा सहायता योजना के कार्यान्वयन हेतु नीपा, मानव संसाधन विकास मंत्रालय और अध्ययन सेमिनार, मूल्यांकन आदि के लिये अनुदान सहायता योजना विभाग के सभी बाह्य वित्त–पोषित और आंतरिक अनुसंधान परियोजनाओं के उचित समन्वय के लिये प्रशासन की एक केन्द्रीकृत प्रणाली के रूप में कार्य करता है।

यह एकक सामान्य रूप से, परियोजना अनुमोदन प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिये परियोजना कार्यान्वयन में प्रगति की निगरानी और संबंधित समर्थन सेवाएँ प्रदान करने सहित नीपा में किए गए विभिन्न परियोजनाओं के प्रबंधन के लिये प्रशासनिक सहायता प्रदान करता है। यह सभी मामलों में धन और घरेलू व्यय के लेखा सहित नीपा – परियोजना भर्ती और नियुक्तियों से संबंधित मुद्दों को संबोधित करता है।

पीएमयू विभिन्न परियोजनाओं के लेखांकन, परियोजना स्टाफ की भर्ती, बजट के अलावा संस्थान में चल रहे और पूर्ण अनुसंधान परियोजनाओं से संबंधित सभी कार्य की देखभाल करता है।

पीएमयू एकक में अध्यक्ष, कुलपति द्वारा चयनित किया जाता है। इसके अलावा पांच अन्य अकादमिक तथा समर्थन स्टाफ भी चयनित किये जाते हैं। समर्थन स्टाफ में परियोजना परामर्शदाता, परियोजना प्रबंधक तथा कनिष्ठ परामर्शदाता सम्मिलित हैं।

भारत अफ्रीका संस्थान

भारत अफ्रीका शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (आई.ए.आई.ई.पी.ए) :

भारत अफ्रीका शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान अप्रैल 2008 में आयोजित भारत–अफ्रीका मंच सम्मेलन के संकल्पों के कार्यान्वयन हेतु बनाई गई कार्यवाई योजना के ढांचे के अंतर्गत स्थापित एक अखिल अफ्रीकी संस्था है। यह संस्थान बुरूण्डी गणराज्य की राजधानी बुजुम्बुरा में स्थित है। राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा), भारत सरकार की तरफ से आईएआईईपीए की स्थापना, संचालन तथा प्रबंधन संबंधी कार्य कर रहा है। इस संस्थान का मुख्य कार्य क्षमता विकास करना है। इसके शैक्षणिक कार्यक्रमों/गतिविधियों का प्रथम चरण भवन नवीनीकरण और परिसर विकास संबंधी अन्य गतिविधियों के पूरा होने के तीन–चार माह बाद ही शुरु करने का प्रस्ताव है।

इसके प्रथम चरण में निम्नलिखित गतिविधियां शामिल होंगी– (i) अफ्रीकी संघ सदस्य देशों की शैक्षिक योजनाकारों और प्रशासकों को प्रशिक्षण प्रदान करना, (ii) शैक्षिक नीति शैक्षिक योजना और प्रशासन के क्षेत्र में अफ्रीकी संघ सदस्य देशों की शिक्षा प्रणाली से संबंधित मुद्दों पर शोध और केस अध्ययन, (iii) देश और क्षेत्र/महाद्वीप स्तरों पर शिक्षा के विकास की प्रवृत्तियों का विश्लेषण और आकलन, (iv) अफ्रीका संघ देशों को क्षमता विकास और शोध से संबंधित विशिष्ट शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन की जरूरतों को पूरा करने में तकनीकी सहायता प्रदान करना, (v) अफ्रीकी संघ देशों में शैक्षिक योजना और प्रबंधन से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए परस्पर अनुभवों और कार्य व्यवहारों को साझा करना, (vi) अफ्रीका और अफ्रीका के बाहर के शिक्षा शोध से जुड़े शोधकर्त्ताओं तथा संस्थानों का नेटवर्क बनाना, (vii) सामान्यतः शैक्षिक विभाग और विशेषकर अफ्रीका संघ सदस्य देशों में शैक्षिक योजना एवं प्रबंधन संबंधी मुद्दों पर नीतिगत परिसंवाद।

इसके प्रथम चरण के दौरान आयोजित कार्यक्रमों/गतिविधियों के विस्तार के साथ दूसरे चरण के दौरान संस्थान शैक्षिक योजना और प्रशासन पर लम्बी अवधि का उन्नत डिप्लोमा कार्यक्रम आयोजित करेगा जिसमें अफ्रीका संघ सदस्य देशों के प्रशिक्षित शैक्षिक योजनाकारों और प्रशासकों में बढ़ोतरी के लिये समिश्रित उपागम पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शामिल किए जाएंगे।

अकादमिक अनुसमर्थन सेवा एकक

पुस्तकालय और प्रलेखन केन्द्र :

संस्थान में एक अत्याधुनिक पुस्तकालय है जिसमें शैक्षिक नीति, शैक्षिक योजना, शैक्षिक प्रशासन और अन्य सहायक विषयों से संबंधित पुस्तकों और अन्य सामग्री का समृद्ध संग्रह है। पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र अपने पाठकों को विभिन्न सेवाएं जैसे–सीएएस, एसडीआई, संदर्भ सेवाएं वेब ओपैक, प्रसारण और फोटोकापी की सुविधाएं प्रदान करता है। पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तरों पर संसाधनों की साझेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डेलनेट का सदस्य भी है। वर्तमान में पुस्तकालय में अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों, जैसे–यूएनओ, यूएनडीपी, यूनेस्को, आईएलओ, यूनीसेफ, विश्व बैंक, ओईसीडी आदि द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों और संगोष्ठियों की रिपोर्टों के अलावा 59,208 से अधिक पुस्तकों/दस्तावेज़ों तथा 7,616 जर्नलों का समृद्ध संग्रह है। पुस्तकालय में शैक्षिक नीति, योजना और प्रबंधन तथा अन्य सहायक क्षेत्रों से संबंधित 250 जर्नल मंगाए जाते हैं। इसके अलावा पुस्तकालय पाठकों के लिए ऑन लाइन जर्नल डाटाबेस, जैसे–जेएसटीओआर, एलसेवियर और सेज भी मंगाता है। नीपा के प्रलेखन केंद्र में अधिकारिक रिपोर्टों, केंद्र तथा राज्य सरकारों के प्रकाशनों, शैक्षिक सर्वेक्षणों, पंचवर्षीय योजनाओं और जनगणना रिपोर्टों आदि सहित लगभग 17,993 दस्तावेज हैं। प्रलेखन केंद्र के पास महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टें और शैक्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट हैं जो शैक्षिक शोध अेर नीति निर्माण के लिए जरूरी हैं। राष्ट्रीय संस्थान में एक डिजीटल अभिलेखागार बनाया गया है। भारत में शिक्षा के सभी क्षेत्रों, स्तरों और पक्षों पर शोध और संदर्भ के स्रोत के रूप में एक स्थान पर सभी दस्तावेजों की साफ्टकापी सुलभ करवाई जा सके। इसका मुख्य उद्देश्य प्रयोक्ता समुदाय का निर्माण करना है जो कि संस्थान के कार्यों का एक विस्तार है। नवीनतम सूचना संप्रेषण प्रौद्योगिकी के रूप में उच्च स्तरीय स्वचालित डिजीटल स्कैन का उपयोग डिजाइन, संग्रह और डिजीटल दस्तावेजों की पुनः प्राप्ति के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। इस डिजीटल अभिलेखागार में प्रयोक्ता सुलभ बहुखोजी विकल्पों के साथ अंतर्निहित उपयोगों सहित साफ्टवेयर उपलब्ध है।

वर्ष 2013 में शैक्षिक प्रलेखों का एक डिजीटल अभिलेखागार स्थापित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य सभी शैक्षिक प्रलेखों को एक स्थान पर डिजीटल रूप में संग्रहित करना है। डिजीटल अभिलेखागार में 11,000 से अधिक अभिलेख संग्रहित हैं और सतत् इनकी संख्या में वृद्धि की जा रही है। प्रलेखों को मुख्यतः 18 श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है और इसी क्रम में आगे भी केंद्र, राज्य, जिला, ब्लॉक स्तर पर उप वर्ग बनाए गये हैं। डिजीटल अभिलेखागार में आज़ादी के बाद से शिक्षा प्रणाली के सभी स्तरों तथा क्षेत्रों से संबंधित नीतिगत तथा अन्य अभिलेख सुलभ करवाए जाते हैं ताकि नीति विश्लेषकों, योजनाकारों, शोधार्थियों एवं अभिरुचि रखने वाले अन्य विद्वानों को एक स्थान पर आवश्यक सामग्री सुलभ करवाई जा सके और उन्हें संदर्भ सामग्री और आंकड़ों के लिए कहीं और नही जाना पड़े। डिजीटल अभिलेखागार नीपा का विस्तारित कार्य है जो प्रयोक्ता समुदाय को समर्पित है।



कंप्यूटर केंद्र : कंप्यूटर केंद्र संस्थान की सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी जरुरतें पूरा करता है। यह केंद्र संस्थान के सभी प्रशिक्षणार्थियों और स्टाफ सदस्यों को कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधाएं प्रदान करता है। नेटवर्क संसाधन को पहुंचाने के लिए सभी संकाय और स्टाफ को नेटवर्क प्वाइंट सुलभ किए गए हैं। नीपा डोमेन से सभी संकाय और स्टाफ सदस्यों के व्यक्तिगत ई–मेल खाता खोले गए हैं। सभी संकाय सदस्यों को 1 जीबीपीएस की इंटरनेट कनेक्टिविटी दी गई है। सभी स्टाफ सदस्यों को डेस्कटॉप और संकाय सदस्यों को लैपटाप आवंटित किए गए हैं। संस्थान में समुचित नेटवर्क सुरक्षा का रखरखाव किया जा रहा है। केद्र में आधुनिकतम सुविधाएं हैं, जैसे–आईबीएम–ई सिरीज सर्वर जो तीव्र अर्थनेट से जुड़ा है। वर्तमान में निम्नलिखित आधारभूत सुविधाएं हैं–उन्नत कैट–6 केबल, केंद्रीकृत कंप्यूटिंग सुविधा, जिसमें उच्च कार्यनिष्पादन वाले सर्वर्स, क्लाइंट पी सी, इंटरनेट से अपलिंक और अन्य सेवाएं और अति सक्षम बहुकल्पिक यू पी एस के जरिए पर्याप्त रूप में अनवरत पावर आपूर्ति उपलब्ध है।

प्रकाशन एकक : संस्थान में शिक्षा के शोध और विकास के प्रसार–प्रचार हेतु प्रकाशन कार्यक्रम है। नीपा प्रकाशन एकक विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा अन्य संबंधित सामग्रीरिपोर्टों, पुस्तकों, जर्नलों, न्यूज़लेटर, अनुसंधान आलेखों, तथा अन्य प्रकाशनों के माध्यम से शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रशासन से संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान तथा विकास की सूचनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। संस्थान के कुछ महत्वपूर्ण प्रकाशन हैं : जर्नल ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन, 'परिप्रेक्ष्य' हिन्दी जर्नल तथा एंट्रीप न्यूज़लेटर। संस्थान का प्रकाशन एकक मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार की विशिष्ट आवश्यकताओं को भी पूर्ण करता है।

हिंदी कक्ष : यह कक्ष शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन में व्यावसायिक प्रकाशनों के अनुवाद के माध्यम से अनुसंधान, प्रशिक्षण तथा प्रसार में अकादमिक सहायता प्रदान करता है। यह कक्ष राजभाषा नीति के क्रियान्वयन में भी प्रशासन और संकाय को सहयोग देता है।



अभिशासन और प्रबंधन

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अंतर्गत घोषित एक मानित विश्वविद्यालय है जो सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत है। इस संस्थान के प्राधिकारियों में शामिल हैं : अध्यक्ष, कुलाधिपति, कुलपति, परिषद, प्रबंधन बोर्ड, अकादमिक परिषद, वित्त समिति और अध्ययन बोर्ड तथा विश्वविद्यालय के प्रबंधन बोर्ड द्वारा घोषित ऐसे अन्य प्राधिकरण। संस्थान के कुलपति प्रधान शैक्षणिक और कार्यकारी अधिकारी हैं।

नीपा परिषद : नीपा परिषद संस्थान का सर्वोच्च निकाय है जिसका प्रमुख अध्यक्ष होता है। परिषद का मुख्य कार्य कार्यालय ज्ञापन में निर्धारित राष्ट्रीय संस्थान के लक्ष्यों को कार्यान्वित करना है। नीपा परिषद संस्थान के सभी मामलों के सामान्य पर्यवेक्षण का उत्तरदायी है। माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री, भारत सरकार नीपा परिषद के अध्यक्ष हैं। संस्थान के कुलपति इसके उपाध्यक्ष हैं। परिषद के पदेन सदस्य हैं : सचिव, भारत सरकार, उच्च शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सचिव, भारत सरकार, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, और वित्त सलाहकार, मा.सं.वि. मंत्रालय, भारत सरकार। परिषद के अन्य सदस्य हैं– अध्यक्ष द्वारा नामित तीन विख्यात शिक्षाविद्, अध्यक्ष द्वारा नामित राज्य/संघ क्षेत्र प्रतिनिधि (5 प्रभागों में से प्रत्येक प्रभाग से एक–एक प्रतिनिधि) और अध्यक्ष द्वारा नामित नीपा संकाय का



एक सदस्य। संस्थान के कुलसचिव परिषद के सचिव हैं। दिनांक 31 मार्च 2018 के अनुसार नीपा परिषद के सदस्यों की सूची परिशिष्ट–I में प्रस्तुत है।

प्रबंधन बोर्ड : प्रबंधन बोर्ड संस्थान का प्रमुख कार्यकारी निकाय है। संस्थान के कुलपति प्रबंध बोर्ड के पदेन अध्यक्ष हैं। अन्य सदस्य हैं : संस्थान के अध्यक्ष द्वारा नामित तीन सदस्य मा.सं.वि. मंत्रालय, भारत सरकार का एक नामिती, वि.अ.आ. के अध्यक्ष का एक नामिती, राष्ट्रीय संस्थान के संकाय डीन, संस्थान के दो संकाय सदस्य (एक प्रोफेसर और एक सह–प्रोफेसर/सहायक प्रोफेसर), कुलसचिव, नीपा, प्रबंधन बोर्ड का सचिव होता है। 31 मार्च, 2018 के अनुसार प्रबंधन बोर्ड के सदस्यों की सूची परिशिष्ट–II में दी गई है।

वित्त समिति : वित्त समिति की मुख्य भूमिका संस्थान की लेखा की जांच करना और व्यय के प्रस्तावों की समीक्षा करना है। राष्ट्रीय संस्थान की वार्षिक लेखा और वित्तीय आकलनों को वित्त समिति के सम्मुख रखा जाता है और समिति की टिप्पणियों के साथ इसे अनुमोदन के लिए प्रबंधन बोर्ड को प्रस्तुत किया जाता है। वित्त समिति संस्थान की आय और संसाधनों के आधार पर वार्षिक आवर्ती और गैर आवर्ती व्यय की सीमाऐं तय करती है। संस्थान के कुलपति वित्त समिति के पदेन अध्यक्ष हैं; इसके अतिरिक्त नीपा परिषद के अध्यक्ष द्वारा नामित दो व्यक्ति, कुलपति द्वारा नामित एक व्यक्ति, वित्तीय सलाहकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का एक प्रतिनिधि होता है। वित्त अधिकारी, वित्त समिति के सचिव का कार्य करता है। 31 मार्च 2018 के अनुसार वित्त समिति के सदस्यों की सूची परिशिष्ट–III में दी गई है।

अकादमिक परिषद : नीपा अकादमिक परिषद संस्थान का शीर्षस्थ अकादमिक निकाय है। अकादमिक परिषद शिक्षा, प्रशिक्षण, शोध और परामर्श के स्तर पर सतत सुधार और अंतर–विभागीय सहयोग, परीक्षा और परीक्षण आदि के प्रति उत्तरदायी होता है। इसका पदेन अध्यक्ष कुलपति होता है। अकादमिक परिषद में शामिल हैं : संस्थान के संकाय डीन, अकादमिक विभागों के अध्यक्ष, और अध्यक्ष द्वारा मनोनीत तीन शिक्षाशास्त्री जो संस्थान की गतिविधियों से जुड़े हुए क्षेत्रों से संबंधित हों और संस्थान की सेवा में न हों, कुलपति द्वारा चक्रानुसार नामित एक सहायक प्रोफेसर और तीन सहयोजित सदस्य जो शैक्षणिक स्टाफ के सदस्य न हों और अकादमिक परिषद द्वारा विषय विशेषज्ञ के आधार पर सहयोजित किए गए हों। नीपा का कुलसचिव परिषद का सचिव होता है। 31 मार्च 2018 के अनुसार सदस्यों की सूची–IV में दी गई है।

अध्ययन बोर्ड : नीपा के कुलपति अध्ययन बोर्ड के पदेन अध्यक्ष हैं। इसके सदस्य हैं: संकाय–डीन, विभागाध्यक्ष, कुलपति द्वारा नामित एक सह–प्रोफेसर, और एक सहायक प्रोफेसर और कुलपति द्वारा सहयोजित अधिकतम दो विषय विशेषज्ञ। अध्ययन बोर्ड के सदस्यों की सूची 31 मार्च, 2018 के अनुसार परिशिष्ट–V में दी गई है।

कार्यबल और समितियां : कुलपति द्वारा विशिष्ट कार्यक्रमों के लिए समय–समय पर विशेष कार्यबलों और समितियों का गठन किया जाता है। विभिन्न परियोजनाओं के लिए विशेषज्ञों को शामिल करके परियोजना सलाहकार समितियां गठित की जाती हैं। विशेषज्ञों से गठित परियोजना सलाहकार समिति विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं के निरीक्षण और सलाह देने के लिए कार्य करती है। कुलपति की अध्यक्षता में शोध अध्ययन सलाहकार बोर्ड गठित किया गया है। इसमें अन्य विशेषज्ञों के साथ–साथ सभी विभागाध्यक्ष इसके सदस्य होते हैं। कुलसिचव इस समिति के सदस्य सचिव हैं जो सहायता योजना के अंतर्गत शैक्षिक योजना और प्रशासन के क्षेत्र में प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करती है।

प्रशासन और वित्त

संस्थान के प्रशासनिक ढांचे में तीन अनुभाग–अकादमिक प्रशासन, कार्मिक प्रशासन, सामान्य प्रशासन और दो कक्ष–प्रशिक्षण कक्ष और एम.फिल., पीएचडी कक्ष हैं। कुलसचिव सभी अनुभागों के प्रभारी हैं। कुलसचिव नीपा परिषद, प्रबंधन बोर्ड और अकादमिक परिषद के सचिव भी हैं। कुलसचिव को प्रशासनिक कामकाज में प्रशासनिक अधिकारी, प्रशिक्षण अधिकारी और अनेक अनुभाग अधिकारी अनुसमर्थन प्रदान करते हैं।

कुलसचिव अकादमिक अनुसमर्थन सेवा एककों, जैसे– पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र, कंप्यूटर केंद्र, एवं डिजीटल अभिलेखागार, प्रकाशन एकक और हिंदी कक्ष के कार्यकलापों के प्रति उत्तरदायी हैं। वित्त अधिकारी वित्त और लेखा अनुभाग के प्रभारी है। अनुभाग अधिकारी (लेखा) वित्त अधिकारी का अनुसमर्थन करता है।

स्टाफ की संख्या (2017–18)

31 मार्च, 2018 के अनुसार संस्थान की कुल स्टाफ संख्या 162 थी।

वर्ष 2017–18 के दौरान संस्थान को कुल 2612.95 लाख रुपये का अनुदान मिला (गैर–आवर्त्ती और आवर्त्ती मद)। वर्ष के आरंभ में संस्थान के पास आवर्त्ती मद में 548.15 लाख रुपये शेष थे। वर्ष के दौरान कार्यालय और छात्रावास से 59.32 लाख रुपए की राशि प्राप्ति हुई। योजना और गैर–योजना मदों में इस वर्ष का व्यय 2956.09 लाख रुपये था।

दूसरे संगठनों द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों/अध्ययनों की मद में इस वर्ष के दौरान संस्थान के पास 1247.44 लाख रुपये थे और 570.27 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि प्राप्ति हुई। प्रायोजित कार्यक्रमों/अध्ययनों पर वर्ष में कुल 535.06 लाख रुपये खर्च किए गए। (परिशिष्ट–VII)

परिसर और भवन आधारभूत सुविधा

संस्थान के पास एक चार–मंजिला कार्यालय, सुसज्जित स्नानघरयुक्त 60 कमरों वाला एक सात मंजिला छात्रावास और एक आवास–क्षेत्र है। इस आवास क्षेत्र में टाइप–I के 16, टाइप–II से V तक के 8–8 क्वार्टर और एक कुलपति आवास है।

संस्थान के पास बिंदापुर, द्वारका में टाइप–III के 25 क्वार्टर हैं।

संस्थान परिसर में सुसज्जित प्रशिक्षण कक्ष, कंप्यूटर केंद्र, अंतरराष्ट्रीय डायनिंग हाल, जिम और क्लास रूम हैं।

संस्थान ने हाल ही में परिसर में अर्जित 2100 वर्ग मीटर के भूखंड में नया अकादमिक भवन के निर्माण के लिये अपेक्षित कदम उठाए हैं। इसके लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण ने लीज डीड जारी कर दिया है।

2

अध्यापन और व्यावसायिक विकास कार्यक्रम

अध्यापन और व्यावसायिक विकास कार्यक्रम

एम.फिल. और पी–एच.डी.

वस्तुतः संस्थान की एम.फिल और पी.एच.डी. उपाधियाँ विशेष रूप से शैक्षिक नीति, योजना, प्रशासन और वित्त पर केंद्रित हैं। इसके द्वारा संस्थान विभिन्न पृष्ठभूमि के शोधकर्ताओं को सशक्त और सक्षम बनाता है।

शैक्षिक प्रशासन के लिए विद्वान तैयार करना

संस्थान एक प्रोत्साहक संस्था है जो प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के स्तरों पर शैक्षिक प्रशासन से संबंधित जरुरत के अनुसार शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन में विशेषज्ञता से युक्त मानव संसाधनों का विकास करता है ऐसे विशेषज्ञ जो अंतरशास्त्रीय कार्यक्रमों/एम.फिल. और पी–एच.डी. उपाधियों के पाठ्यक्रमों या प्रशिक्षण कार्यक्रमों के द्वारा तैयार किये जाते हैं। वे व्यापक एवं गतिशील संदर्भों में समुचित योजनाओं और कार्यनीतियों के निर्माण या सांस्थानिक प्रबंधन के सीमित भूमिकाओं से जुड़े मामलों के समाधान हेतु पूर्णतः सक्षम होते हैं।

वस्तुतः संस्थान की एम.फिल. और पी–एच.डी. उपाधियाँ विशेष रूप से शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन पर केंद्रित हैं। इसके द्वारा संस्थान युवा शोधकर्त्ताओं को सशक्त और सक्षम बनाता है और शैक्षिक योजना और प्रशासन के क्षेत्र में उनका करियर तैयार करता है। नीपा यह कार्य कर रहा है और इसके माध्यम से यह शैक्षिक नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों की डिजाइन, कार्यान्वयन और अनुश्रवण करने हेतु विशेषज्ञ और सक्षम मानव संसाधन के विकास में महत्वपूर्ण योगदान कर रहा है। पूर्व डाक्टोरल और डाक्टोरल कार्यक्रमों का महत्व इसमें अंतर्निहित गतिशील और लचीले उपागम के द्वारा है जिसमें यह शिक्षा और सामाजिक विकास के अन्य सहायक क्षेत्रों से जुड़कर नवाचारी बहुशास्त्रीय पाठ्यक्रमों का विस्तार करता है।

संस्थान द्वारा संचालित पूर्व डाक्टोरल और डाक्टोरल कार्यक्रम में शामिल हैं: (i) पूर्णकालिक एम.फिल. कार्यक्रम (ii) पूर्णकालिक पी–एच.डी. कार्यक्रम और (iii) अंशकालिक पी–एच.डी. कार्यक्रम। ये कार्यक्रम वर्ष 2007–08 में आरंभ किए गए थे। एम.फिल. और पी–एच.डी. कार्यक्रम विभिन्न पृष्ठभूमि के शोधकर्मियों की शोध क्षमता के निर्माण के लिए डिजाइन किए गए हैं जो शैक्षिक नीति, योजना प्रशासन तथा वित्त के संबंधित क्षेत्रों में व्यापक ज्ञान और कौशल प्रदान करते हैं। एम.फिल.

और पी–एच.डी. कार्यक्रमों के अंतर्गत पूरे किए गए शोध अध्ययनों से अपेक्षा की जाती है कि ये नीति निर्माण, शिक्षा सुधार कार्यक्रमों तथा क्षमता विकास संबंधी गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान देने के साथ–साथ ज्ञान आधार को समृद्ध करने में भारी योगदान करेंगे। एम.फिल. और पी–एच.डी. कार्यक्रमों के अंतर्गत शोध के व्यापक क्षेत्रों में शामिल हैं– शैक्षिक नीति, शैक्षिक योजना, शैक्षिक प्रशासन, शैक्षिक वित्त, शैक्षिक प्रबंधन, सूचना प्रणाली, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, शिक्षा में समता और समावेशन, शिक्षा में लैंगिक मुद्दे, अल्पसंख्यक शिक्षा, तुलनात्मक शिक्षा और शिक्षा का अंतरराष्ट्रीयकरण।

एम.फिल. डिग्री कार्यक्रम की अवधि दो वर्ष है। इस दो वर्षीय एम.फिल. डिग्री कार्यक्रम के अंतर्गत एक वर्ष का पाठ्यक्रम कार्य (30 क्रेडिट) है। इसके बाद एक वर्ष लघु शोध प्रबंध (30 क्रेडिट) के लिए है। दो वर्ष के एम.फिल. पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के उपरांत और निर्धारित आर्हता (वर्तमान में 10 प्वाइंट स्केल पर) 6 एफ जी पी ए या इससे अधिक का ग्रेड पाने वाले शोधार्थी पी–एच.डी. कार्यक्रम में दाखिला प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते हैं। पी–एच.डी. कार्यक्रम में दाखिला लेने की तिथि के दो वर्ष बाद ही शोधार्थी अपने शोध प्रबंध जमा करा सकते हैं।

पी–एच.डी. में सीधे दाखिला लेने वाले शोधार्थियों को दाखिला की पुष्टि हेतु एक वर्ष का प्रारंभिक पाठ्यक्रम पूरा करना पड़ता है। इसके बाद वे दो वर्ष के शोध कार्य के उपरांत ही वे उपाधि हेतु शोध प्रबंध संस्थान में जमा कर सकते हैं।

अंशकालिक पी–एच.डी. में सीधे दाखिला लेने वाले शोधार्थियों को पी–एच.डी. में दाखिला की पुष्टि से पहले एक वर्ष का प्रारंभिक पाठ्यक्रम पूरा करना पड़ता है। अंशकालिक पी–एच.डी. के शोधार्थी दाखिला की पुष्टि के कम से कम चार वर्ष बाद अपना शोध प्रबंध संस्थान में जमा कर सकते हैं।

	एम.फिल.	**पी–एच.डी. पूर्णकालिक**	**पी–एच.डी. अंशकालिक**	**योग**
वर्ष 2017–18 में नामांकन	22	9	-	31
वर्ष 2017–18 के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रम कर रहे विद्यार्थियों की कुल संख्या	36 (वर्ष 2016–17 में नामांकित विद्यार्थियों सहित)	34 (वर्ष 2007–08 से 2017–18 तक नामांकित विद्यार्थियों सहित)	17 (वर्ष 2007–08 से 2017–18 तक नामांकित विद्यार्थी)	87
वर्ष 2017–18 के दौरान स्नातक विद्यार्थी की कुल संख्या	8	-	3	11

डिप्लोमा कार्यक्रम

पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम के छः घटक हैं: (i) पाठ्यक्रम तैयारी कार्य (ii) आमने–सामने पाठ्यक्रम कार्य (iii) परियोजना कार्य (iv) परियोजना कार्य का मूल्यांकन और अंतरिम प्रमाण पत्र विवरण और (v) उन्नत पाठ्यक्रम कार्य और (vi) अंतिम मूल्यांकन और पीजी डिप्लोमा प्रमाण–पत्र वितरण।

शैक्षिक योजना और प्रशासन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडेपा)

संस्थान वर्ष 1982–83 से शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में विशेष रूप से डिजाइन, डिप्लोमा कार्यक्रम आयोजित कर रहा था। आरंभ में यह कार्यक्रम विभिन्न राज्यों/संघ क्षेत्रों के जिला शिक्षा अधिकारियों के लिए पूर्व प्रवेश पाठ्यक्रम के रूप में डिजाइन किया गया था। यद्यपि वर्ष 2014–15 से इस कार्यक्रम में पाठ्यक्रम को संवर्धित करके इसमें परिवर्तन किया गया है और इसके डेपा मूलभूत से पीजीडेपा (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन एजुकेशनल प्लानिंग एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन)– शैक्षिक योजना और प्रशासन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा) में बदल दिया गया है। प्रतिभागियों के कार्य और भूमिकाओं तथा उनकी संस्थाओं जैसे एससीईआरटी/सीमेट/डाइट/डीईओ/बीईओ और राज्य सरकारों के शिक्षा निदेशालयों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम को संबर्धित किया गया है।

एक वर्षीय पीजीडेपा कार्यक्रम को मौजूदा डेपा में व्यापक रूपांतरण के बाद निर्मित किया गया है जो एक सघन दीर्घकालिक कार्यक्रम है जो देश में पेशेवर रूप से शैक्षिक प्रशासकों का संवर्ग का विकास सुनिश्चित करेगा। इसके निम्नलिखित उद्देश्य हैं:

(i) शैक्षिक योजना और प्रबंधन की मूलभूत अवधारणाओं से प्रतिभागियों को अवगत कराना।

(ii) शैक्षिक प्रशासन के क्षेत्र में बेहतर निर्णय कार्य के लिए प्रतिभागियों में योजना और प्रबंधन कौशल के विकास हेतु सक्षम बनाना।

(iii) प्रतिभागियों में शैक्षिक कार्यक्रमों और परियोजनाओं के पर्यवेक्षण और मूल्यांकन योग्यता का विकास करना।

पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम का निरूपण करते समय मूलतः इस बात का ध्यान दिया गया था कि प्रतिभागी को इस पाठ्यक्रम के लिए नीपा में तीन माह से अधिक अवधि के लिए प्रवास न करना पड़े और वह अपने कार्य स्थल पर पाठ्यक्रम का अध्ययन कर सके। इसके अनुसार इसे 12 महीने के पी.जी. डिप्लोमा कार्यक्रम में रूपातंरित किया गया है। अनेक शिक्षा विभाग इस पाठ्यक्रम हेतु अपने अधिकारियों को लंबी अवधि के लिए प्रतिनियुक्त नहीं कर सकते हैं इसलिए पीजीडेपा कार्यक्रम को इस रूप में नियोजित किया गया है कि आमने–सामने पाठ्यक्रम कार्य हेतु प्रतिभागियों को नीपा में 3 महीने से अधिक अवधि के लिए प्रवास न करना पड़े। इस पाठ्यक्रम में निम्नलिखित कार्य शामिल हैं: कार्यस्थल पर पाठ्यक्रम तैयारी कार्य, नीपा में आमने–सामने पाठ्यक्रम कार्य, कार्यस्थल पर परियोजना कार्य, मुक्त और दूरवर्ती अधिगम

तालिका 2.1

शैक्षिक योजना और प्रशासन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (डेपा) में राज्य/संघ क्षेत्रावार भागीदारी			
राज्य/संघ क्षेत्र	**तृतीय पी.जी.– डेपा**	**चतुर्थ पी.जी.– डेपा**	**योग**
अरुणाचल प्रदेश	-	2	2
असम	1	2	3
छत्तीसगढ़	1	1	2
गुजरात	-	3	3
हिमाचल प्रदेश	1	2	3
जम्मू और कश्मीर	1	1	2
कर्नाटक	3	-	3
मध्य प्रदेश	1	-	1
महाराष्ट्र	-	1	1
मणिपुर	2	4	6
मेघालय	-	2	2
मिजोरम	2	2	4
नागालैण्ड	2	2	4
ओडिशा	-	1	1
राजस्थान	-	2	2
तमिलनाडु	3	-	3
सिक्किम	1	1	2
उत्तराखंड	3	3	6
एयर फोर्स	2	2	4
योग	**23**	**31**	**54**

प्रणाली के द्वारा उन्नत पाठ्यक्रम और नीपा में संगोष्ठी सहित कार्यशाला में परियोजना कार्य प्रस्तुति।

पीजीडेपा के पाठ्यक्रम कार्य निम्नलिखित चरणों में संपादित किए जाते हैं:

चरण 1 : पाठ्यक्रम तैयारी कार्य (कार्य स्थल)

चरण 2 : आमने–सामने पाठ्यक्रम कार्य (नीपा)

चरण 3 : परियोजना कार्य (कार्य स्थल)

चरण 4 : परियोजना कार्य का मूल्यांकन और अंतरिम प्रमाण–पत्र वितरण (नीपा)

चरण 5 : प्रारंभिक उन्नत पाठ्यक्रम कार्य (कार्य स्थल)

चरण 6 : अंतिम मूल्यांकन और पीजीडेपा प्रमाण–पत्र वितरण (नीपा)

तृतीय पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम में 13 राज्यों/संघ क्षेत्रों के 23 प्रतिभागी शामिल हुए। यह सितंबर 2016 से जुलाई 2017 के दौरान आयोजित किया गया।

डिप्लोमा कार्यक्रम का संयोजन शैक्षिक प्रशिक्षण और क्षमता विकास विभाग ने किया। शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में पी.जी. डिप्लोमा में राज्यवार/संघ शासित प्रदेशों की भागीदारी का विवरण तालिका 2.1 में प्रदर्शित है :

शैक्षिक योजना और प्रशासन में अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा (आईडेपा)

संस्थान 1985 से विकासशील देशों के पेशेवरों के लिए शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में 6 माह का अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम के विद्यार्थी एशिया, अफ्रीका, मध्य एशियाई गणराज्यों, दक्षिणी अमरीका और कैरिबियाई क्षेत्रों के देशों से आते हैं। इस कार्यक्रम के तीन घटक हैं– (i) सघन पाठ्यचर्चा कार्यक्रम; (ii) अनुप्रयुक्त कार्य और (iii) लघु शोध प्रबंधन। आईडेपा की अवधि छः माह है और यह दो चरणों में पूरा किया जाता है। पहले चरण में तीन माह का सघन पाठ्यचर्या है जो संस्थान, नई दिल्ली में आयोजित किया जाता है। यह चरण आवासीय है और प्रतिभागियों से

अपेक्षा की जाती है कि वे इस चरण के दौरान परिसर में निवास करें। दूसरे चरण में प्रतिभागी को स्वदेश में संस्थान के संकाय सदस्य के मार्गदर्शन में क्षेत्र आधारित शोध परियोजना अध्ययन करना होता है।

आईडेपा कार्यक्रम की पाठ्यचर्या में केंद्रिक पाठ्यक्रम और वैकल्पिक पाठ्यक्रम, प्रायोगिक अभिविन्यास और अप्रयुक्त कार्य शामिल हैं। पाठ्यचर्या कार्य के विषय हैं : शिक्षा और विकास से संबंधित अध्ययन, विकासशील देशों में शैक्षिक विकास के महत्वपूर्ण क्षेत्र, शैक्षिक योजना और प्रशासन, परियोजना नियोजन, शिक्षा में व्यष्टि स्तरीय योजना, शिक्षा में वित्तीय योजना और प्रबंधन, जनशक्ति योजना, शैक्षिक योजना में मात्रात्मक तकनीकें, शैक्षिक प्रबंधन, शोध प्रविधि और सांख्यिकी और शैक्षिक प्रबंधन और सूचना प्रणाली। अनुप्रयुक्त कार्य में शामिल हैं : विषयगत संगोष्ठियां डिप्लोमा कार्यक्रम के अभिन्न घटक हैं जो प्रत्येक प्रतिभागी या प्रतिभागियों के समूह को शैक्षिक योजना और प्रशासन से संबंधित विषयों से जुड़े वस्तुगत आंकड़ों और अनुभवों के आधार पर अपने विचार व्यक्त करने और उनका परस्पर आदान–प्रदान करने के अवसर प्रदान करती हैं। संगोष्ठी प्रस्तुतिकरण के एक भाग के रूप में प्रतिभागियों को अपने देश की शिक्षा प्रणाली की विशिष्ट प्रवृत्तियों को प्रस्तुत करने और परस्पर आदान–प्रदान करने का अवसर प्रदान किया जाता है। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को स्वदेश में उनके कार्यों की प्रासंगिकता और जरुरतों के विशिष्ट क्षेत्र में शोध परियोजना की रूपरेखा बनाने में सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक कौशलों के बीच संबंध स्थापित करने का अवसर प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में चरण–I के दौरान प्रत्येक प्रतिभागी के लिए एक शोध निर्देशक नियुक्त किया जाता है जो दूसरे चरण के कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी के परियोजना कार्य का निर्देशन करता है।

कार्यक्रम का दूसरा चरण प्रतिभागी के स्वदेश में आयोजित होता है। इसमें प्रत्येक प्रतिभागी को प्रथम चरण के दौरान निर्धारित क्षेत्र कार्य आधारित शोध परियोजना पर कार्य करना पड़ता है। शोध परियोजना कार्य (तीन माह की अवधि) पूरा करने के बाद प्रतिभागी को अपना लघुशोध प्रबंध संस्थान को प्रस्तुत करना पड़ता है। लघु शोध प्रबंध की प्राप्ति और तदुपरांत संस्थान के संकाय द्वारा उसके मूल्यांकन के बाद प्रतिभागी को डिप्लोमा की उपाधि प्रदान की जाती है।

वर्ष 2017–18 के दौरान संस्थान ने 33वें अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा का दूसरा चरण पूरा किया जिसका प्रथम चरण 1 फरवरी से 30 अप्रैल 2017 को आयोजित किया गया था। उसमें 20 देशों के 26 प्रतिभागी शामिल हुए। 33वें अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम का दूसरा चरण 1 मई से 31 जुलाई 2017 के दौरान आयोजित किया गया।

34वें अंतरराष्टीय डिप्लोमा कार्यक्रम का प्रथम चरण 1 फरवरी 2018 को शुरु हुआ और इसके प्रथम घटक की अध्यापन–अधिगम गतिविधियां 30 अप्रैल 2018 तक पूरी की गईं। 34वें अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम में 12 देशों से कुल 27 प्रतिभागी शामिल हुए। इसका दूसरा चरण 1 मई से 31 जुलाई 2018 के दौरान प्रतिभागियों के स्वदेश में नियत किया गया जो परियोजना कार्य पर आधारित था।

अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम का संयोजन शैक्षिक प्रशिक्षण और क्षमता विकास विभाग करता है। शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रमों की देशवार भागीदारी का विवरण तालिका 2.2 में प्रदर्शित है।

तालिका 2.2:

शैक्षिक योजना और प्रशासन में अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा (आईडेपा) कार्यक्रमों में देशवार भागीदारी			
देश का नाम	33वां डिप्लोमा	34वां डिप्लोमा	योग
अफगानिस्तान	2	3	5
बांग्लादेश	1	-	1
भूटान	1	4	5
केमेरून	2	-	2
कम्बोडिया	2	-	2
कांगो	1	-	1
इथोपिया	2	3	5
घाना	1	-	1
गिनी बिसाऊ	1	-	1
जमैका	-	1	1
किरिबती	-	1	1
लाओस	-	1	1
लिबेरिया	-	3	3
लिथुआनिया	1	-	1
मेडागास्कर	1	-	1
मॉरीशस	2	2	4
मंगोलिया	1	-	1
म्यांमार	1	-	1
नेपाल	1	-	1
नाइजीरिया	1	1	2
सेनेगल	1	-	1
दक्षिणी सूडान	1	-	1
श्रीलंका	-	2	2
तंजानिया	2	4	6
ट्यूनिशिया	-	1	1
उजबेकिस्तान	1	-	1
योग	**26**	**26**	**52**

तालिका 2.3:

सभी कार्यक्रमों में देशवार भागीदारी 2017–18		
क्र. सं.	देश	भागीदारों की संख्या
1.	अफगानिस्तान	15
2.	आस्ट्रेलिया	01
3.	भूटान	05
4.	इथोपिया	03
5.	फ्रांस	02
6.	जमैका	01
7.	किरिबाती	01
8.	लाओस	01
9.	लाइबेरिया	03
10.	केन्या	01
11.	मेडागास्कर	01
12.	मलेशिया	01
13.	मॉरीशस	04
14.	नेपाल	03
15.	नाइजीरिया	03
16.	रूस	01
17.	श्रीलंका	07
18.	तजाकिस्तान	01
19.	तंजानिया	04
20.	थाइलैंड	01
21.	त्रिनिदाद एंड टोबागो	01
22.	ट्यूनिशिया	01
23.	संयुक्त अरब अमीरात	02
24.	यू.के.	04
25.	संयुक्त राज्य अमेरिका	01
26.	जिम्बाम्बवे	02
27.	यूनेस्को	02
28.	विश्व बैंक	02
	योग	**74**

तालिका 2.4:

व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों में राज्य/संघ शासित क्षेत्रवार भागीदारी 2017–18

क्र. सं.	राज्य/संघीय क्षेत्र	भागीदारों की संख्या
1.	आंध्र प्रदेश	594
2.	अरुणाचल प्रदेश	27
3.	असम	394
4.	बिहार	436
5.	छत्तीसगढ़	158
6.	गोवा	48
7.	गुजरात	384
8.	हरियाणा	557
9.	हिमाचल प्रदेश	356
10.	जम्मू और कश्मीर	81
11.	झारखण्ड	87
12.	कर्नाटक	835
13.	केरल	81
14.	मध्य प्रदेश	518
15.	महाराष्ट्र	926
16.	मणिपुर	27
17.	मेघालय	18
18.	मिजोरम	21
19.	नागालैण्ड	28
20.	ओडिशा	184
21.	पंजाब	423
22.	राजस्थान	592
23.	सिक्किम	21
24.	तेलगांना	83
25.	तमिलनाडु	230
26.	त्रिपुरा	24
27.	उत्तराखंड	86
28.	उत्तर प्रदेश	806
29.	पश्चिम बंगाल	63
30.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	2
31.	चंडीगढ़	29
32.	दादरा और नगर हवेली	1
33.	दमन और दीव	2
34.	दिल्ली	412
35.	लक्षद्वीप	2
36.	पुडुचेरी	8
	योग	**8544**

व्यावसायिक विकास कार्यक्रम

शैक्षिक योजना और प्रशासन में सुधार हेतु सांस्थानिक क्षमता निर्माण के लिए विभिन्न वर्गों के शिक्षा कर्मियों के लिए व्यावसायिक विकास कार्यक्रम विश्वविद्यालय के प्रमुख कार्यकलाप के रूप में सतत जारी है। वर्ष 2017–18 के दौरान संस्थान ने शिक्षा के विभिन्न विकास क्षेत्रों से संबंधित मुद्दों और शिक्षा नीति योजना, प्रशासन के विविध पक्षों से जुड़े 149 अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं, संगोष्ठियां, सम्मेलन और बैठकें आयोजित कीं। इन कार्यक्रमों के विषय थे : स्कूलों की योजना और प्रबंधन, उच्च शिक्षा की योजना और प्रबंधन, माध्यमिक स्तर पर स्कूल प्रावधानों का आकलन, शैक्षिक वित्त की योजना और प्रबंधन, और स्कूल नेतृत्व आदि। इन कार्यक्रमों के प्रतिभागी थे जिला और राज्य स्तर के शिक्षाकर्मी, शिक्षा निदेशक और राज्य स्तर के अन्य अधिकारी, केंद्र, राज्य और जिला स्तर के शैक्षिक संस्थानों के प्रमुख, विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव और अन्य प्राधिकारी, कालेज प्राचार्य और कालेजों तथा उच्च शिक्षा के वरिष्ठ प्रशासक, विश्वविद्यालय तथा समाजविज्ञान शोध संस्थानों के नवनियुक्त प्राध्यापक आदि। ये कार्यक्रम संस्थान के विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित किए जाते हैं। वर्ष 2017–18 के दौरान संस्थान के विभिन्न विभागों द्वारा निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम, संगोष्ठियां, सम्मेलन और बैठकें आयोजित की गईं :

शैक्षिक योजना विभाग

- ओडिशा के शिक्षक शिक्षा संस्थानों (टीईआइ) के प्रमुखों के लिए शिक्षक शिक्षा की योजना पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम, 17–21 जुलाई, 2017, भुवनेश्वर, ओडिशा।
- स्कूल शिक्षा कार्यक्रमों की योजना और निगरानी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम (पूर्वोत्तर राज्यों के अलावा सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए), अगस्त 21–25, 2017, नीपा, नई दिल्ली।
- पूर्वोत्तर राज्यों, 4–8 सितम्बर, 2017, गुवाहाटी, असम में स्कूल शिक्षा कार्यक्रमों की योजना और निगरानी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम।
- एससीईआरटी के संकाय और सिक्किम के डाईट संकायों के लिए योजना और रूपरेखा अनुसंधान परियोजनाओं पर अभिविन्यास कार्यक्रम, 29 जनवरी– 2 फरवरी, 2018, सिक्किम।

शैक्षिक प्रशासन विभाग

- नासिक, महाराष्ट्र में जिला और ब्लॉक स्तर के शिक्षा अधिकारियों का राज्य स्तरीय सम्मेलन, 19–20 जून, 2017।
- पुणे, महाराष्ट्र में जिला और ब्लॉक स्तर के शिक्षा अधिकारियों का राज्य स्तरीय सम्मेलन, 6–7 फरवरी, 2018 ।
- विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में विविधता और समानता के प्रबंधन पर अभिविन्यास कार्यक्रम, 10–14 जुलाई, 2017, नीपा, नई दिल्ली।

- जिला शिक्षा अधिकारियों के लिए शैक्षिक शासन में नेतृत्व पर अभिविन्यास कार्यक्रम, 31 जुलाई – 04 अगस्त, 2017, नीपा, नई दिल्ली।
- राज्य और जिला स्तर की महिला प्रशासकों के लिए शैक्षिक प्रशासन और प्रबंधन पर अभिविन्यास कार्यक्रम, अगस्त 21–25, 2017, नीपा, नई दिल्ली।
- व्यावसायिक शिक्षा के प्रबंधन और योजना पर अभिविन्यास कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण, 13–17 नवंबर, 2017, नीपा, नई दिल्ली
- चेन्नई में जिला और ब्लॉक स्तर के शिक्षा अधिकारियों लिए शैक्षिक योजना और प्रशासन पर राज्य स्तरीय सम्मेलन, 20–21 सितम्बर, 2017, चेन्नई।
- संस्थानिक प्रमुखों के लिए प्रबंधन और पर्यवेक्षण पर अभिविन्यास कार्यक्रम सह–कार्यशाला, 7 सितंबर, 2017, नीपा, नई दिल्ली।

शैक्षिक वित्त विभाग

- वित्तीय योजना पर उन्मुखी कार्यक्रम और राज्यों में शिक्षा का प्रबंधन, फरवरी 6–10, 2017, नीपा, नई दिल्ली

- वित्तीय योजना पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम और राज्यों में शिक्षा का प्रबंधन, 11–15 सितंबर, 2017, नीपा, नई दिल्ली।
- विश्वविद्यालय प्रशासकों के लिए उच्च शिक्षा में नेतृत्व विकास पर कार्यशाला, 26–28 फरवरी, 2018, नीपा, नई दिल्ली ।
- कॉलेज वित्त की योजना और प्रबंधन में अभिविन्यास कार्यक्रम, 19–21 मार्च, 2018।

शैक्षिक नीति विभाग

- शिक्षा में गुणात्मक अनुसंधान विधियों के तरीकों पर उन्मुखीकरण कार्यशाला, 18–28 दिसंबर, 2017, नीपा, नई दिल्ली।

- भारत में शहरी सीमान्तता, सामाजिक नीति और शिक्षा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी, 12–13 फरवरी, 2018, नीपा, नई दिल्ली।
- भारत में सार्वजनिक विश्वविद्यालयों के साथ जुड़ाव पर राष्ट्रीय कार्यशाला; युक्ति और इसके व्यवहार के रूप में स्वायत्तता, मार्च 8–9, 2018 नीपा, नई दिल्ली।
- प्राथमिक स्तर पर वंचित बच्चों की शिक्षा और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों पर अभिविन्यास कार्यक्रमः नीति मुद्दे और कार्यक्रम हस्तक्षेप, 21–25 अगस्त 2017, नीपा, नई दिल्ली।
- उत्तर–पूर्वी राज्यों में प्राथमिक शिक्षा के प्रबंधन में संविधान की 6वीं अनुसूची के तहत स्थानीय प्राधिकरण और स्वायत्त जिला परिषदों के कामकाज पर अभिविन्यास कार्यशाला, 11–15 सितम्बर, 2017, गुवाहाटी, असम।
- आरटीई के तहत स्कूल प्रबंधन समितियों के सुदृढ़ीकरण पर राष्ट्रीय/राज्य सम्मेलन, 20–23 मार्च, 2018 बैंगलोर, कर्नाटक।
- नीति परिप्रेक्ष्य में गांधीवादी शैक्षिक विचारों पर सह–बैठक और कार्यशालाः प्रासंगिकता, चुनौतियां और संभावनाएं पर राष्ट्रीय चर्चा , 3–5 अक्टूबर, 2017, नीपा, नई दिल्ली।
- शिक्षा अधिकार अधिनियम के कार्यान्वयन पर सह–कार्यशाला और चर्चाः स्थिति, मुद्दे और चुनौतियां, 26–28 मार्च, 2018, बंगलुरू, कर्नाटक।

स्कूल एवं अनौपचारिक शिक्षा विभाग

- चयनित राज्यों में ईसीईसी में प्रोत्साहन परिवर्जन और समन्वय पर राष्ट्रीय परामर्श (यूनिसेफ के सहयोग से), 9–10 नवंबर, 2017, नीपा, नई दिल्ली।

उच्चतर एवं व्यावसायिक शिक्षा विभाग

- दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला, ''उच्च शिक्षा का भविष्य'', 7–8 सितंबर, 2017, नीपा, नई दिल्ली
- उच्च शिक्षा में शिक्षण और अधिगम पर विशेष पाठ्यक्रम, 20–24 नवंबर, 2017, नीपा, नई दिल्ली।
- उच्च शिक्षा में विशेष पाठ्यक्रम – उच्च शिक्षा में वित्त पोषण, 30 अक्टूबर – 3 नवंबर, 2017, इंफाल, मणिपुर।
- उच्च शिक्षा में नेतृत्व विकास पर कार्यशाला, दिसम्बर 7–8, 2017, नई दिल्ली।

- भारत में कॉलेजों की संस्थागत आत्मकथाएँ: शताब्दी, 6–7 अक्टूबर, 2017, नीपा, नई दिल्ली

शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली विभाग

- यू–डाईस और एसडीएमआईएस पर राष्ट्रीय स्तर की समीक्षा कार्यशाला, राज्य/संघ शासित प्रदेशों के एम.आई.एस. समन्वयक, 4–8 जुलाई, 2017, नीपा, नई दिल्ली
- यू–डाईस और एसटीएस क्षेत्रीय समीक्षा कार्यशाला राज्य/केंद्रशासित प्रदेश और जिला स्तरीय एमआईएस समन्वयक के लिए, 7 कार्यशालाएं, 29 नवंबर, 2017 से 07 जनवरी, 2018।
- स्कूल शिक्षा की योजना और निगरानी में संकेतक का उपयोग करने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, 28–30 अगस्त, 2017, पुडुचेरी।
- स्कूल शिक्षा की योजना और निगरानी में संकेतक का उपयोग करने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम 29 जनवरी– 2 फरवरी, 2018 नीपा, नई दिल्ली

- यू–डाईसऔर एसडीएमआईएस पर राष्ट्रीय स्तर की समीक्षा बैठक, राज्य और केन्द्रशासित प्रदेशों के समन्वयक, 10–11 अक्टूबर, 2017 नई दिल्ली
- प्राथमिक/माध्यमिक शिक्षा के लिए शैक्षिक विकास के संकेतक पर कार्यशाला/प्रशिक्षण कार्यक्रम, अक्टूबर, 2017, बिहार।

शैक्षिक प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण विभाग

- शैक्षिक योजना और प्रशासन में तीसरा स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडेपा) (1 अगस्त, 2016 से 01 जुलाई, 2017), चरण IV और चरण V, 10–21 अप्रैल, 2017
- शैक्षिक योजना और प्रशासन में तृतीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडेपा) (1 अगस्त 2016 से 01 जुलाई, 2017), चरण VI – 27 जून से 1 जूलाई, 2017

- शैक्षिक योजना और प्रशासन में 33वां अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमा (आईडेपा) चरण I, 1 फरवरी – 30 अप्रैल, 2017, नीपा, नई दिल्ली
- शैक्षिक योजना और प्रशासन में चतुर्थ स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडेपा), 1 अगस्त, 2017 से 01 जुलाई, 2018।
- शैक्षिक योजना और प्रशासन में (प्रथम चरण) 34वां अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमा (आईडेपा), 1 फरवरी, 2018 से 30 अप्रैल, 2018, नीपा, नई दिल्ली
- शैक्षिक प्रशासकों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम, 18 जुलाई – 11 अगस्त, 2017, नीपा, नई दिल्ली

- उच्च शिक्षा के अल्पसंख्यक प्रबंधन संस्थानों के लिए 8वां वार्षिक अभिविन्यास कार्यक्रम, 15–19 जनवरी 2018, नीपा, नई दिल्ली
- मुस्लिम अल्पसंख्यक प्रबंधित वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्रमुखों के लिए संस्थागत नियोजन पर दसवां वार्षिक कार्यक्रम, 25–30 अक्टूबर, 2017, नीपा, नई दिल्ली
- ब्रिटिश काउंसिल के सहयोग से शिक्षक शिक्षा योजना पर एक प्रशिक्षण कार्यशाला, 03 नवंबर, 2017

राज्यों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम

- अनुसूचित जनजातीय क्षेत्रों के आश्रम स्कूलों में सेवारत स्कूल प्रमुखों के लिए क्षमता निर्माण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम (महाराष्ट्र–I) फरवरी 19–23, 2018, नासिक, महाराष्ट्र।
- अनुसूचित जनजातीय क्षेत्रों के आश्रम स्कूलों में कार्यरत स्कूल प्रमुखों के लिए क्षमता निर्माण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम (महाराष्ट्र–II) 18–23, 2017
- अनुसूचित जनजातीय क्षेत्रों के आश्रम स्कूलों में सेवारत स्कूल प्रमुखों के लिए क्षमता निर्माण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आश्रम (आंध्र प्रदेश) 18–23 दिसंबर, 2017।

राष्ट्रीय स्कूल नेतृत्व केंद्र

एस.एस.ए. और आर.एम.एस.ए. के तहत ए.डब्ल्यू.पी.बी. बैठकें और कार्यशालाएं (राष्ट्रीय स्तर)

- 7 मार्च, 2018 को एक दिवसीय राष्ट्रीय सलाहकार समिति की बैठक

पाठ्यक्रम और सामग्री विकास

- प्रणालीगत व्यवस्थापकों के लिए स्कूल नेतृत्व विकास पर कार्यशाला, 4–5 सितम्बर, 2017

राज्य संसाधन समूह (राज्य स्तर) का क्षमता निर्माण कार्यक्रम

- लक्षद्वीप के स्कूल प्रमुखों के लिए स्कूल नेतृत्व पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम, 17–28 अप्रैल, 2017, नीपा, नई दिल्ली
- स्कूल नेतृत्व पर व्यवस्था स्तर प्रशासन का क्षमता निर्माण कार्यक्रम गंगटोक, सिक्किम (बैच 1), मार्च 15–20, 2018,
- स्कूल नेतृत्व (बैच 2), जिला और ब्लॉक स्तर के कार्यकताओं की क्षमता निर्माण के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम, एनसीएसएल, नीपा, मई 2017।
- स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन में एक महीने के सर्टिफिकेट कोर्स के संचालन हेतु संसाधन व्यक्तियों के लिए क्षमता निर्माण, 15–20 जनवरी, 2018, नीपा, नई दिल्ली
- स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन पर एक महीने के सर्टिफिकेट कोर्स हेतु संसाधन व्यक्तियों का क्षमता निर्माण पर अभिविन्यास कार्यक्रम, 19–24 मार्च, 2018, नीपा, नई दिल्ली
- स्कूल नेतृत्व अकादमी (बैच 3), जून 2017, एनसीएसएल, नीपा, नई दिल्ली के संकाय का क्षमता निर्माण
- हिमाचल प्रदेश राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास कार्यक्रम के लिए राज्य संसाधन समूह (एसआरजी) का क्षमता निर्माण, 12–22 अगस्त, 2017
- पश्चिम बंगाल राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास कार्यक्रम के लिए राज्य संसाधन समूह (एसआरजी) का क्षमता निर्माण (7 जिले) 16 जनवरी – फरवरी 22, 2018
- महाराष्ट्र राज्य में स्कूल स्कूल नेतृत्व विकास कार्यक्रम के लिए राज्य संसाधन समूह (एसआरजी) का क्षमता निर्माण 21–27 नवंबर, 2017

- उत्तर प्रदेश बैच–I में स्कूल नेतृत्व विकास कार्यक्रम के लिए राज्य संसाधन समूह (एसआरजी) की क्षमता निर्माण 25 अक्टूबर – 03 नवंबर, 2017
- उत्तर प्रदेश बैच–II में स्कूल नेतृत्व विकास कार्यक्रम के लिए राज्य संसाधन समूह (एसआरजी) की क्षमता निर्माण (06–15 नवंबर, 2017)
- स्कूलों के प्रमुखों के लिए स्कूल नेतृत्व विकास पर राज्य संसाधन समूह (एसआरजी) कार्यशाला, पुदुचेरी, 22 मई–1 जून, 2017, पुदुचेरी
- तेलंगाना राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास कार्यक्रम पर राज्य संसाधन समूह (एसआरजी) का क्षमता निर्माण, 6–10 जनवरी, 2018
- मणिपुर राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास कार्यक्रम के लिए राज्य संसाधन समूह (एसआरजी) का क्षमता निर्माण, 16–26 नवंबर, 2017
- अरुणाचल प्रदेश राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास कार्यक्रम के लिए राज्य संसाधन समूह (एसआरजी) का क्षमता निर्माण, 15–25 जनवरी, 2018
- तमिलनाडु राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास कार्यक्रम के लिए राज्य संसाधन समूह (एसआरजी) का क्षमता निर्माण, 8–12 जनवरी, 2018
- जोन 1 (उत्तरी और मध्य राज्यों) में स्कूल नेतृत्व कार्यक्रम की समीक्षा और प्रतिक्रिया पर कार्यशाला, दिसंबर 3–5, 2017
- जोन 1 (केंद्रीय राज्यों) में स्कूल नेतृत्व कार्यक्रम की समीक्षा और प्रतिक्रिया पर कार्यशाला,
- जोन 3 (पूर्वी राज्यों) में स्कूल नेतृत्व कार्यक्रम की समीक्षा और प्रतिक्रिया पर कार्यशाला, 11–13 दिसंबर, 2017
- जोन 4 (पश्चिमी राज्यों) में स्कूल नेतृत्व कार्यक्रम की समीक्षा और प्रतिक्रिया कार्यशाला, 18–20 दिसंबर, 2017
- जोन 5 (दक्षिणी राज्यों) में स्कूल नेतृत्व कार्यक्रम की समीक्षा और प्रतिक्रिया कार्यशाला, 23–25 नवंबर, 2017
- केन्द्रीय विद्यालय में नव–निर्वाचित प्रधानाचार्यों के लिए स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन पर एक महीने का सर्टिफिकेट कोर्स, 12 जुलाई – 9 अगस्त, 2017, केन्द्रीय विद्यालय, जेएनयू कैम्पस, नई दिल्ली
- मध्य प्रदेश राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास पर राज्य संसाधन समूह का क्षमता निर्माण, 22–27 मई, 2017, मध्य प्रदेश
- राजस्थान राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास पर राज्य संसाधन समूह का क्षमता निर्माण, 12–21 जुलाई, 2017, राजस्थान
- मिजोरम राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास पर राज्य संसाधन समूह का क्षमता निर्माण, जुलाई 11–20, 2017, मिजोरम
- गुजरात राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास पर राज्य संसाधन समूह का क्षमता निर्माण, 3–13 अक्टूबर, 2017 गुजरात
- सिक्किम राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास पर राज्य संसाधन समूह का क्षमता निर्माण,12–22 जून, 2017, सिक्किम
- तमिलनाडु राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास पर स्कूल प्रमुख की क्षमता निर्माण, जून 16–25, 2017, मदर टेरेसा महिला विश्वविद्यालय, कोडाइकनाल, तमिलनाडु
- स्कूल नेतृत्व विकास कार्यक्रम में स्कूल प्रमुख का प्रशिक्षण, 13–23 सितंबर, 2017, मदर टेरेसा महिला विश्वविद्यालय, कोडाइकनाल, तमिलनाडु
- उत्तराखंड में स्कूल प्रमुखों के लिए स्कूल नेतृत्व विकास पर क्षमता निर्माण कार्यशाला, 15–24 मई, 2017, उत्तराखंड
- हरियाणा राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास पर स्कूल प्रमुखों की क्षमता निर्माण पर कार्यशाला, 3–4 नवंबर, 2017
- राजस्थान में स्कूल नेतृत्व कार्यक्रम की समीक्षा और प्रतिक्रिया कार्यशाला, 27–28 अप्रैल, 2017, राजस्थान
- राजस्थान में स्कूल नेतृत्व कार्यक्रम की समीक्षा और प्रतिक्रिया कार्यशाला, 10–11 मई, 2017, राजस्थान
- असम (आरएमएसए), असम में एक दिन 10+2+2+2 रूपरेखा पर अभिविन्यास कार्यक्रम, 14 अगस्त, 2017

- केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एसएलडीपी की 2 दिन की समीक्षा, 7—8 फरवरी, 2018

स्कूल आकलन, नेतृत्व और स्कूल शिक्षा सांख्यिकी के सुदृढ़ीकरण के लिए कार्यक्रम के तहत एडब्ल्युपीबी

- राजस्थान राज्य में स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन पर एक महीने का सर्टिफिकेट कोर्स, 22 मई —18 जून, 2017, राजस्थान
- उत्तराखंड राज्य में स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन पर एक महीने का सर्टिफिकेट कोर्स, 01—30 जून, 2017 उत्तराखंड
- उत्तर प्रदेश राज्य में स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन पर एक महीने का सर्टिफिकेट कोर्स, 01—30 जून, 2017 उत्तर प्रदेश
- सिक्किम राज्य में स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन पर एक महीने का सर्टिफिकेट कोर्स, 16 अगस्त—15 सितंबर, 2017, सिक्किम
- असम राज्य में स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन पर एक महीने का सर्टिफिकेट कोर्स, 3—31 जुलाई, 2017, असम
- तमिलनाडु राज्य में स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन पर एक महीने का सर्टिफिकेट कोर्स, 30 अक्टूबर — 30 नवंबर, 2017

स्कूल नेतृत्व विकास पर ऑनलाइन कार्यक्रम के लिए अभिविन्यास (शिक्षक और शिक्षण पर पंडित मदन मोहन मालवीय योजना के तहत)

- मणिपुर राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास पर ऑनलाइन कार्यक्रम के लिए अभिविन्यास, 27 नवंबर, 2017
- ओडिशा राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास पर ऑनलाइन कार्यक्रम के लिए अभिविन्यास, 16 दिसंबर, 2017
- अरुणाचल प्रदेश राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास पर ऑनलाइन कार्यक्रम के लिए अभिविन्यास, 26 जनवरी, 2018
- केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में स्कूल नेतृत्व विकास पर ऑनलाइन कार्यक्रम के लिए अभिविन्यास, 6 फरवरी, 2018
- सिक्किम राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास पर ऑनलाइन कार्यक्रम के लिए अभिविन्यास, 17 जुलाई, 2017
- पुडुचेरी राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास पर ऑनलाइन कार्यक्रम के लिए अभिविन्यास, 2 जून, 2017

एन.सी.एस.एल. संकाय द्वारा आयोजित अन्य कार्यक्रम

- मानव संसाधन विकास मंत्रालय (परामर्शकारी बैठक) द्वारा आयोजित स्कूल नेतृत्व प्रशिक्षण पर अनुपालन कार्यशाला, 12 अप्रैल, 2017, नीपा, नई दिल्ली।
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय (परामर्शकारी बैठक) द्वारा आयोजित स्कूल नेतृत्व प्रशिक्षण पर अनुपालन कार्यशाला, 23 मई, 2017, नीपा, नई दिल्ली
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय (परामर्शकारी बैठक), नीपा, नई दिल्ली द्वारा आयोजित स्कूल नेतृत्व प्रशिक्षण पर अनुपालन कार्यशाला, 10 जुलाई, 2017।
- नीपा, नई दिल्ली में एकस्टेप के साथ बैठक, 28 सितंबर, 2017, नीपा, नई दिल्ली।
- पंजाब, एसएसए, चंडीगढ़ के माध्यम से संघशासित प्रदेश चंडीगढ़ की बैठक, 17—18 जुलाई, 2017,
- शिक्षक और शिक्षण पर पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन की योजना के तहत राष्ट्रीय कार्यशाला आइजीएनटीयू परिसर, अमरकंटक — मध्य प्रदेश, 14—15 सितंबर, 2017
- गुजरात द्वारा दादर और नगर हवेली और दमन और दीव के संरक्षक की बैठक 24—26 जुलाई, 2017।
- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में स्कूलों के सुधार के लिए रोडमैप, जुलाई, 2017।

उच्च शिक्षा नीति अनुसंधान केंद्र

- यूजीसी कोचिंग योजनाओं के अध्ययन पर अनुसंधान पद्धति कार्यशाला, 2—3 मई, 2017, नीपा, नई दिल्ली

- उच्च शिक्षा के वित्तपोषण पर आईएचईआर प्रथम सहकर्मी शिक्षा बैठक, 30 मई, 2017, नीपा, नई दिल्ली
- राज्य उच्च शिक्षा परिषद की बैठक, 15–16 फरवरी, 2018
- भारतीय उच्च शिक्षा में शिक्षण और अधिगम पर अनुसंधान पद्धति कार्यशाला, 29–30 अगस्त, 2017, नीपा, नई दिल्ली
- भारत में उच्च शिक्षा के गुणवत्ता पर अनुसंधान पद्धति कार्यशालाः बाहरी और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन का संस्थागत स्तर पर एक अध्ययन, 6–7 सितंबर, 2017
- भारत में उच्च शिक्षा के प्रशासन और प्रबंधन पर अनुसंधान पद्धति कार्यशाला, 11–12 सितंबर, 2017, नीपा, नई दिल्ली।
- आइईआर उच्च शिक्षा के वित्त पोषण पर द्वितीय सहकर्मी बैठक, 14 सितंबर, 2017, नीपा, नई दिल्ली।
- भारत में सार्वजनिक उच्च शिक्षा संस्थानों के वित्तपोषण पर अनुसंधान पद्धतिः धन का प्रवाह और उनके उपयोग का अध्ययन, 25–26 सितंबर, 2017, नीपा, नई दिल्ली।
- उच्च शिक्षा स्नातकों की रोजगार पर अनुसंधान पद्धति कार्यशाला, 18–19 जनवरी, 2018
- उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और उत्कृष्टता पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी, 22–23 फरवरी, 2018

स्कूल मानक एवं मूल्यांकन एकक

- शिक्षक शिक्षा में शासन, विनियमन और गुणवत्ता आश्वासन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी, 15–16 मार्च, 2018
- शिक्षा में व्यावसायिक सार्वजनिक नीति निर्माण पर उन्मुखीकरण कार्यक्रमः समावेशी शिक्षा पर ध्यान केंद्रण, 18–22 सितंबर, 2017, नीपा, नई दिल्ली
- सी.डब्ल्यु.एस.एन. पर फोकस के साथ समावेशी शिक्षा की नीति और योजना पर राष्ट्रीय संगोष्ठी, 9–10 नवंबर, 2017, नीपा, नई दिल्ली

- बाहरी मूल्यांकन के लिए दिशानिर्देश के विकास पर दो विशेषज्ञ समूह कार्यशालाएं, 10–12 जनवरी, 2018, नीपा, नई दिल्ली
- शाला सिद्धि (बाहरी मूल्यांकन) पर राष्ट्रीय परामर्शी बैठक, 23–24 जनवरी, 2018, नीपा, नई दिल्ली
- राज्य विशिष्ट क्षमता निर्माणः शाला सिद्धि पर कार्यक्रमः महाराष्ट्र, 21–24 जून, 2017
- राज्य विशिष्ट क्षमता निर्माणः शाला सिद्धि पर कार्यक्रमः हरियाणा, 03–04 जून, 2017
- राज्य विशिष्ट क्षमता निर्माणः शाला सिद्धि पर कार्यक्रमः राजस्थान, 15 सितंबर, 2017
- राज्य विशिष्ट क्षमता निर्माणः शाला सिद्धि पर कार्यक्रमः बिहार, 19–20 सितंबर, 2017
- राज्य विशिष्ट क्षमता निर्माणः शाला सिद्धि पर कार्यक्रमः हिमाचल प्रदेश, 15 दिसंबर, 2017
- राज्य विशिष्ट क्षमता निर्माणः शाला सिद्धि पर कार्यक्रमः महाराष्ट्र, 28–29 दिसंबर, 2017

सूचान प्रौद्योगिकी सेवाएं

- मूडल मूक प्लेटफार्म का उपयोग करके प्रौद्योगिकी के साथ शिक्षण अधिगम पर व्यवसायिक विकास कार्यक्रम, 10–12 जुलाई, 2017, नीपा, नई दिल्ली
- मूडल मूक प्लेटफार्म और मुक्त शिक्षा संसाधन के साथ शिक्षण अधिगम और मूल्यांकन ऑनलाइन पर कार्यशाला, 7–9 अगस्त, 2017, नीपा, नई दिल्ली

वर्ष 2017–18 के दौरान, डिप्लोमा कार्यक्रमों के अलावा, नीपा ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 146 अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं सेमिनार, सम्मेलन और बैठकें आयोजित की।

कुल 8,618 प्रतिभागियों में से 8,544 (तालिका 2.4) भारतीय प्रतिभागी थे। तथा शेष 74 भागीदार अन्य देशों और अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों से थे (तालिका 2.3)।

संस्थान के स्थापना दिवस

संस्थान प्रतिवर्ष 11 अगस्त को अपना स्थापना दिवस मनाता है। प्रथम स्थापना दिवस व्याख्यान 2007 में प्रो. प्रभात पटनायक, उपाध्यक्ष, केरल राज्य योजना बोर्ड, 'आल्टरनेटिव पर्सपेक्टिव्स ऑन हायर एजुकेशन इन द कांटेक्स्ट ऑफ ग्लोबलाइजेशन' पर दिया गया। 2008 में 'डिजाईनिंग आर्किटेक्चर फॉर ए लर्निंग रिवोल्यूशन बेसड आन लाईफ साइकिल अप्रोच' पर प्रो. एम. एस. स्वामीनाथन, संसद सदस्य (राज्य सभा), यूनेस्को इकोटेक्नोलॉजी पीठ, एम.एस. स्वामीनाथन रिसर्च फाउन्डेशन ने दिया, तीसरा व्याख्यान 2009 में प्रो. आंदेबेतिल, राष्ट्रीय अनुसंधान प्रोफेसर तथा प्रोफेसर ऐमिरेटस, समाजशास्त्र, दिल्ली विश्वविद्यालय ने 'यूनिवर्सीटीज़ इन द ट्वेन्टी फर्स्ट संेचुरी' विषय पर दिया। 2010 में चौथा व्याख्यान प्रो. मृणाल मिरी, अध्यक्ष, शासी निकाय, सेंटर फार द स्टडी आफ डवलपिंग सोसायटीज़ ने 'एजुकेशन, ऑटोनॉमी एंड अकाउन्टेबिलिटी' विषय पर दिया। सातवां स्थापना दिवस व्याख्यान प्रो. कृष्ण कुमार, प्रोफेसर, शिक्षा विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय ने 'एजुकेशन एंड मोर्डनटी इन मौडर्न इंडिया' विषय पर दिया। आठवां स्थापना दिवस व्याख्यान अगस्त 2014 में ''इमेजिंग नॉलेजः ड्रीमिंग डेमोक्रेसी' पर प्रो. शिव विश्वनाथन, प्रोफेसर, स्कूल आफ गवर्नमेन्ट एंड पब्लिक पॉलिसी, ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनीवर्सीटी ने दिया। अगस्त 2015 में नौवां स्थापना दिवस व्याख्यान, टी.के. ओमेन, प्रोफेसर एमिरटस, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा 'एजुकेशन एस ऑन इंस्टटरूमेन्ट ऑफ सोशल ट्रांसफारमेशनः द रोल आफ मदर टंग' विषय पर दिया। दसवां स्थापना दिवस व्याख्यान अगस्त 2016 में प्रो. टी.एन. मदान, माननीय प्रोफेसर इंस्टीट्यूट ऑफ इकानॉमिक ग्रोथ, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली ने ''एम.आई.एम. एजूकेटेड पर्सन? रिफ्लेक्टिंग ऑन बिकमिंग एंड बीईंग'' पर दिया। 11वां स्थापना दिवस व्याख्यान अगस्त 2017 में समीक्षाधीन अवधि के दौरान प्रो. कुलदीप माथुर, भूतपूर्व निदेशक, नीपा तथा प्रोफेसर विधि और अभिशासन, जे.एन.यू., नई दिल्ली द्वारा 'चेंजिंग पर्सपैक्टिव्सः नियो लिबरल पॉलिसी रिफॉर्म्स एंड एजुकेशन इन इंडिया'' विषय पर दिया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस

वर्ष के प्रत्येक 11 नवंबर को मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की वर्षगांठ पर राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन किया जाता है। मौलाना अबुल कलाम आज़ाद 15 अगस्त 1947 से 2 फरवरी 1958 तक भारत के केन्द्रीय शिक्षा मंत्री रहे थे। इस पावन अवसर पर नीपा प्रत्येक वर्ष मौलाना अबुल कलाम आज़ाद स्मृति व्याख्यान का आयोजन करता है। इस स्मृति श्रृंखला में प्रतिष्ठित शिक्षाविद् जैसे प्रोफेसर के.एन. पाणिकर, मुशीरूल हसन, अमिया बागची, पीटर डीसुजा, जोया हसन, कपिला वात्सायन और अपर्णा बासु ने व्याख्यान दिया।

मौलाना आज़ाद व्याख्यान दिनांक 9 नवंबर 2017 को भारतीय पुनर्वास केन्द्र में प्रो. फुरकान कमर, प्रबंधन अध्ययन केद्र, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली और भूतपूर्व, महासचिव, भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा दिया गया। व्याख्यान का विषय था ''एसेन्शियल फॉर एक्सीलेन्स इन हायर एजुकेशनः व्हाई शुड द आब्वीयस बी सो एलुसिव?' इस व्याख्यान की अध्यक्षता प्रो. श्याम मेनन, कुलपति अंबेडकर विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा की गई। इस समारोह में नीपा के छात्र, संकाय सदस्य तथा आमंत्रित अतिथियों के अलावा दिल्ली के अन्य संस्थानों के शिक्षाविद् और छात्रों ने भाग लिया।

भारत
राज्यवार भागीदारी
2017-18



Map not to scale

3

अनुसंधान

अनुसंधान

संस्थान, शिक्षा क्षेत्र में विकासात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति को सुनिश्चित करने हेतु साक्ष्य आधारित विकल्पों और रणनीतियों को तैयार के लिए नवीन ज्ञान जुटाने हेतु, शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रबंधन को विशेषकर ध्यान में रखते हुए, विभिन्न विषयों में पारस्परिक शोध और अध्ययनों को बढ़ावा और सहायता प्रदान करता आ रहा है। संस्थान भारत के विभिन्न राज्यों और अन्य देशों में भी गुणात्मक तथा गणनात्मक दोनों प्रकार के शोध, वर्तमान नीतियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों का पुनरीक्षण और मूल्यांकन की तकनीकों तथा प्रशासनिक ढ़ांचों एवं प्रविधियों में तुलनात्मक अध्ययन करता है। अध्ययनों सहित ऐसे कार्य–शोध पर जोर दिया जाता है, जो शैक्षिक नीति,

योजना और प्रबंधन में सुधार के लिए मुख्य क्षेत्रों में नवीन ज्ञान को सृजित कर सकता है।

एम.फिल. और पी–एच.डी. कार्यक्रमों के अतिरिक्त, राष्ट्रीय संस्थान के संकाय सदस्यों द्वारा किए जाने वाले शोध अध्ययनों, अन्य ऐजेंसियों द्वारा प्रायोजित शोध अन्तरर्राष्ट्रीय सहयोग प्राप्त अध्ययनों कार्यक्रम मूल्यांकन अध्ययनों और आंकड़ा प्रबंधन अध्ययनों जैसे शोध कार्यक्रम को भी सहायता प्रदान करता है। शिक्षा प्रणाली में उठने वाले संभावित प्राथमिकता के मुद्दों अथवा भारतीय शिक्षा प्रणाली वास्तव में जिन मुद्दों से जूझ रही है, उनसे संबंधित शोध अध्ययन होते हैं। समीसाधीन वर्ष के दौरान, 7 शोध अध्ययन पूर्ण किए गए, जबकि 38 अध्ययन प्रगति पर थे।

पूर्ण शोध अध्ययन

(31 मार्च, 2018 तक)

1. **मध्य प्रदेश और बिहार में प्रारंभिक शिक्षा के प्रबंधन में स्थानीय निकायों के साझे दायित्वों और क्षमता पर अध्ययन**

अन्वेषकः प्रो. कुमार सुरेश

अध्ययन का मसौदा रिपोर्ट पूर्ण हो गया था लेकिन स्थानीय प्रशासन से संबंधित विषयगत अध्ययन के एक भाग के रूप में अधिक सूचना को शामिल करने के बाद अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की जायेगी।

2. **शिक्षा नीति और सुधार के कार्यान्वयन में शिक्षा मंत्रालय नेतृत्व को मजबूत बनाना**

अन्वेषकः प्रो. के. सुजाता, डा. आर.एस. त्यागी, श्री ए.एन. रेड्डी, डा. वी. सुचरिता

रिपोर्ट प्रस्तुत की गई

3. **जम्मू और कश्मीर के छात्रों के लिए विशेष प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजनाः एक मूल्यांकन**

अन्वेषकः डा. वेटुकुरी पी.एस. राजू

अध्ययन रिपोर्ट मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार को प्रस्तुत।

4. **नागरिक शिक्षा और लोकतांत्रिक नियोजन के लिए उच्च शिक्षाः उच्च शिक्षा संस्थानों में विविधता और भेदभाव का अध्ययन**

अन्वेषकः डा. निधि एस. सभरवाल और डा. सी.एम. मलिश

परियोजना संपन्न, संश्लेषण रिपोर्ट और छह राज्य रिपोर्ट प्रस्तुत।

20 जून, 2017 को विविधता और भेदभाव पर नीति की संक्षिप्त समीक्षा के लिए विशेषज्ञ समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।

नवंबर 2017 को प्रकाशित होने की उम्मीद, शीर्षक ''नीति संक्षिप्ति'' 1ः भारत में उच्च शिक्षा के लिए समान पहुँच; नीति संक्षिप्ति 2ः भारत में उच्च शिक्षा में अकादमिक एकीकरण हासिल करना; नीति संक्षिप्ति 3ः भारत में सामाजिक रूप से समावेशी उच्च शिक्षा परिसरों का विकास करना।

प्रत्येक मॉड्यूल के समग्र दृष्टिकोण और सामग्री की सामूहिक समझ विकसित हेतु मॉड्यूल के लेखकों की पहली बैठक 16 मार्च, 2017 को आयोजित की गई थी।

मॉड्यूल के लिए पहचाने गये क्षेत्रों में शामिल हैः

मॉड्यूल 1ः उच्च शिक्षा में छात्र विविधता और सामाजिक समावेशः अवधारणा और दृष्टिकोण

मॉड्यूल 2: उच्च शिक्षा में छात्र विविधता का वर्गीकरण

मॉड्यूल 3: परिसरों में अकादमिक एकीकरण प्राप्त करने के लिए दृष्टिकोण

मॉड्यूल 4: उच्च शिक्षा में भेदभाव के रूप

मॉड्यूल 5: परिसर में सामाजिक समावेश

मॉड्यूल 6: छात्र विविधता के प्रबंधन के लिए संस्थागत तंत्र

मॉड्यूल 7: छात्र विविधता, नागरिक शिक्षा और लोकतांत्रिक भागीदारी

मॉड्यूल का लेखन प्रगति पर है

5. उच्चतर और तकनीकी संस्थानों में एकाग्रता और अधिपूर्ति

अन्वेषकः प्रो. एन.वी. वर्गीज, डा. जिणुशा पाणिग्रही और सुश्री अनुभा रोहतगी

अंतिम रिपोर्ट नवंबर 2015 में यूजीसी को सौंपी गई। परियोजना पूरी हो गई।

सीपीआरएचई रिसर्च पेपर सीरीज 8 के रूप में 'भारत में उच्च शिक्षा में शिक्षक भर्तीः नेट परिणाम का विश्लेषण' शीर्षक वाली परियोजना पर आधारित शोध पत्र अक्टूबर 2017 में प्रकाशित होने की संभावना है।

6. मदरसों में गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के लिए योजना (एसपीक्यूईएम) का कार्यान्वयन के मूल्यांकन के बारे में मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्रायोजित अध्ययन।

अन्वेषकः प्रो. ए.के. सिंह, प्रो. मंजू नरूला, डा. एस.के. मलिक, डा. नरेश कुमार

मदरसों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए योजना के कार्यान्वयन का मूल्यांकनपरक अध्ययन अगस्त, 2017 से फरवरी, 2018 तक चार राज्यों (छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, त्रिपुरा और उत्तर पदेश) में किया गया। इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्यों में इस योजना के अन्तर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले मदरसों और मकतबों में गुणवत्तापरक शिक्षण योजना (एसपीक्यूईएम) के कार्यान्वयन का अध्ययन करना; और उन राज्यों को शामिल करना जहाँ यह स्कीम चलाई जा रही है और उसके अस्तित्व में आने के समय से ही निरन्तर वित्तीय सहयता दी गई है। राज्य से जिला स्तर तक अध्यापक के मानदेय सहित निधियों के संवितरण संबंधी प्रक्रिया और मानदेय के संवितरण में हुए विलम्ब का अध्ययन करना है; आधुनिक विषयों के शिक्षण हेतु शिक्षाशास्त्रीय (शैक्षणिक) सहायता, पुस्तकालयों का सुदृढ़ीकरण, शिक्षण अधिगम सामग्री, विज्ञान/कम्प्यूटर प्रयोगशाला की स्थापना जैसे संघटकों के लिए धनराशि के प्रभावी उपयोग का अध्ययन करना तथा योजना के कार्यान्वयन में सुधार और निगरानी के एिल उपयुक्त सुझाव देना शामिल था।

मूल्यांकन परक अध्ययन गौण और प्राथमिक दोनों प्रदत्त के संकलन पर आधारित था। जहाँ एक ओर द्वितीयक प्रदत्त (आंकड़े) दस्तावेजों, प्रगति प्रतिवेदनों, दिशा निर्देश इत्यादि से एकत्र किए गए वहीं प्राथमिक प्रदत्त अर्द्धसंरचनाबद्ध साक्षात्कार समय तालिका/प्रश्नावलियों और संबंधित हितधारकों (यथा विद्यार्थी, अध्यापकगण, मदरसा बोर्ड और मदरसा प्रबंधन समिति और अन्य संबंधित कार्यकारी अधिकारीगण, प्रभारी राज्य नोडल अधिकारी, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी एवं अन्य व्यक्तियों के साथ अनौपचारिक बातचीत के माध्यम से एकत्र की गई। फरवरी, 2018 में पूर्ण प्रतिवेदन मानव संसाधन विकास मंत्रालय को उनके अवलोकनार्थ और प्रतिपुष्टि एवं अग्रेतर कार्रवाई के लिए सौंपा गया। विचारार्थ विषय के आधार पर मानव संसाधन विकास मंत्रालय के कहने पर अध्ययन किया गया।

7. प्राथमिक स्तर पर शैक्षिक पहुँच और बच्चों की भागीदारी की वर्तमान स्थिति पर एक अध्ययनः मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का तुलनात्मक अध्ययन।

अन्वेषकः डा. मधुमिता बंद्योपाध्याय

अध्ययन, शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली विभाग का हिस्सा था

शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अरूण सी. मेहता के समक्ष प्रस्तुत किया।

अनुसंधान अध्ययन (जारी)

(31 मार्च, 2018 तक)

1. शैक्षिक प्रशासन और विषयगत अध्ययन का तीसरा अखिल भारतीय सर्वेक्षण

अन्वेषकः प्रो. कुमार सुरेश

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा) ने सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को कवर करते हुए दो शैक्षिक प्रशासन सर्वेक्षण (1973 में, और दूसरा 1990 में) किया था। सर्वेक्षण का मूल उद्देश्य व्यवस्था की बदलती मांग के लिए शैक्षिक प्रशासन की स्थिति और इसकी जवाबदेही की जांच करना था। पिछले दो दशकों के दौरान, अनेक नीतिगत पहल और शैक्षिक कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रशासनिक ढांचे में सुधार और विभिन्न स्तरों, राज्य, क्षेत्र, जिला, उप–जिला और संस्थागत स्तर पर कार्य कर रहे हैं। इन पहलकदमियों और हस्तक्षेपों ने शैक्षिक शासन में नए आयाम जोड़े हैं। विभिन्न स्तरों पर शैक्षिक प्रशासन की स्थिति की जांच करने और शैक्षिक शासन में बदलाव का पता लगाने के लिए, नीपा ने 2013 में तीसरा अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण शुरू किया जिसमें अनेक विषयगत अध्ययन शामिल थे, जिसमें शैक्षिक प्रशासन और शासन के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया था। सर्वेक्षण के विशिष्ट उद्देश्य हैंः–

1. सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में संरचनाओं, प्रणाली और प्रक्रिया की अवधि में शैक्षिक प्रशासन की वर्तमान स्थिति की जांच करना।
2. शैक्षिक प्रशासन की प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कार्यनीति तैयार करने के लिए हस्तक्षेप के प्रमुख मुद्दों और क्षेत्रों की पहचान करना; तथा
3. राष्ट्रीय, राज्य और संघ राज्य–क्षेत्रों के स्तर पर स्कूली शिक्षा के संचालन में सुधार के उपाय सुझाना।

बड़े सर्वेक्षण के भाग के रूप में, निम्नलिखित अध्ययन और गतिविधियाँ की गई हैं–

4. केरल में शैक्षिक प्रशासन पर पायलट अध्ययन, डा. आर.एस. त्यागी
5. डा. मंजू नरुला द्वारा बिहार में शैक्षिक प्रशासन पर पायलट अध्ययन (अंतिम रूप में)
6. इन पायलट अध्ययनों के आधार पर, तीसरे सर्वेक्षण के लिए उपकरणों को अंतिम रूप दिया जा रहा है; तथा
7. प्रो. कुमार सुरेश द्वारा मध्य प्रदेश और बिहार में प्रारंभिक शिक्षा के प्रबंधन में स्थानीय निकायों की साझा जिम्मेदारियों और क्षमताओं पर अध्ययन।

शैक्षिक प्रशासन के तीसरे अखिल भारतीय सर्वेक्षण पर परियोजना के तहत 23 राज्य रिपोर्टें पूर्ण और प्रस्तुत की गईं।

(1. आंध्र प्रदेश, 2. अरूणाचल प्रदेश, 3. असम, 4. बिहार, 5. छत्तीसगढ़, 6. गोआ, 7. कर्नाटक, 8. केरल, 9. मध्य प्रदेश, 10. महाराष्ट्र, 11. मणिपुर, 12. मिजोरम, 13. नागालैंड, 14. ओडिशा, 15. सिक्किम, 16. उत्तराखण्ड, 17. गुजरात, 18. हरियाणा, 19. हिमाचल प्रदेश, 20. पंजाब, 21. तलिमनाडु, 22. तेलंगाना, 23. उत्तर प्रदेश)

2. शैक्षिक प्रशासन की संरचना और कार्यों का अध्ययन (शैक्षिक प्रशासन के तीसरे अखिल भारतीय सर्वेक्षण के भाग के रूप में विषयगत अध्ययन)

अन्वेषकः प्रो. कुमार सुरेश, डा. मंजू नरूला और डा. विनीता सिरोही

प्रस्तावित परियोजना संरचना और शैक्षिक प्रशासन के कार्यों के पहलू पर संसाधन सामग्री की विशिष्टता को देखते हुए विशेष महत्व मानती है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में शैक्षिक प्रशासन की संरचना और कार्यों पर शायद ही

कोई जानकारी उपलब्ध है। शिक्षा विभाग की वेबसाइटें, निश्चित रूप से संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के शैक्षिक प्रशासन की संरचना पर बुनियादी जानकारी शामिल करती हैं, लेकिन ये मुख्य रूप से सचिवालय और निदेशालय स्तरों तक सीमित हैं। ज्यादातर मामलों में, निदेशालय स्तर से नीचे शैक्षिक प्रशासनिक ढांचे की जानकारी बहुत कम है। सभी स्तरों और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में शैक्षिक प्रशासनिक ढांचे की जानकारी की अनुपलब्धता के अलावाय शैक्षिक प्रशासन के प्रत्येक और हर स्तर से जुड़ी कार्यात्मक जिम्मेदारी पर कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। शैक्षिक विकास के लिए केंद्र प्रायोजित योजनाओं की पूरी श्रृंखला ने शैक्षिक प्रशासन में नए आयाम जोड़े हैं। राज्यों में कार्यक्रम कार्यान्वयन प्रारूप ने प्रशासन के समानांतर ढांचे भी बनाए। अनेक मामलों में, राज्यों में शिक्षा की समानांतर संरचना और मुख्यधारा के प्रशासनिक ढांचे के बीच शायद ही कोई सीधा संबंध है। इसी तरह, वर्षों से अकादमिक सहायता प्रणाली की संरचना का विस्तार हुआ है।

उद्देश्य

1. शैक्षिक प्रशासन की संरचना और कार्यों पर विस्तृत जानकारी एकत्र करना।
2. एसएसए/आरएमएसए/एमडीएम/आरटीई, आदि की शुरूआत के विकास के लिए विशिष्ट संदर्भ के साथ, वर्षों में हुए परिवर्तनों का दस्तावेजीकरण करना।
3. शैक्षिक प्रशासन के भीतर संरचनाओं और कारकों की विविधता को बांधना
4. शैक्षिक प्रशासन में एक समर्पित पोर्टल के माध्यम से या जारी अद्यतनीकरण के प्रावधान के साथ मौजूदा व्यवस्था के हिस्से के रूप में शैक्षिक प्रशासन पर सभी प्रासंगिक जानकारी सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध कराने के लिए प्रारंभिक कार्य शुरू हुआ।

आंकड़ा संग्रह के लिए रूपरेखा और उपकरण अंतिम रूप देने की प्रारंभिक कार्य प्रक्रियाधीन

3. शैक्षिक प्रशासन में जिला और ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों की स्थिति, भूमिका और जिम्मेदारियां (तृतीय अखिल भारतीय सर्वेक्षण प्रशासन का हिस्सा के रूप में विषयगत अध्ययन)

अन्वेषकः प्रोफेसर कुमार सुरेश, डा. मंजू नरूला और डा. वी. सुचरिता*

जिला और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी क्षेत्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण शैक्षिक अधिकारी हैं। वे स्कूलों के प्रभावी कामकाज को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिला और ब्लॉक स्तर पर शैक्षिक प्रशासन उनकी निगरानी और समर्थन के मामले में स्कूलों से निकटता से जुड़ा हुआ है; वे स्कूलों और उच्च स्तर के शैक्षिक प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं। स्कूल स्तर पर सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों का कार्यान्वयन इन अधिकारियों की महत्वपूर्ण कार्यकारी जिम्मेदारियों को दर्शाता है। भूमिका और जिम्मेदारियों के विस्तार के संपूर्ण पहुंच को समझना महत्वपूर्ण है और यह भी कि कैसे ये अधिकारी क्षेत्र स्तर पर अधिकारियों की क्षमता में उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं।

अध्ययन का लक्ष्यः—

1. जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की स्थिति और बदलती भूमिकाओं और जिम्मेदारियों, यदि कोई हो, का अध्ययन करना।
2. राज्य/जिला और ब्लॉक स्तर के शैक्षिक प्रशासन में शुरू किए गए आरटीई, 2009 और अन्य विकास कार्यक्रमों के परिणाम स्वरूप, डीईओ और बीईओ की कार्यकारी जिम्मेदारियों में आए बदलाव का अध्ययन,
3. बीईओ और डीईओ की प्रशिक्षण आवश्यकताओं का आकलन करना।

अध्ययन मुख्य रूप से तीसरे अखिल भारतीय सर्वेक्षण शैक्षिक प्रशासन के साथ—साथ जिला और ब्लॉक स्तर के शिक्षा अधिकारियों से संबंधित क्षेत्र—आधारित डाटा संग्रह पर उपलब्ध डेटाबेस पर आधारित होगा। शैक्षिक प्रशासन के तीसरे अखिल भारतीय सर्वेक्षण की राज्य रिपोर्ट में जिला और ब्लॉक स्तर के शिक्षा प्रशासन के बारे में कुछ

बुनियादी जानकारी शामिल है, जिसमें वर्णनात्मक प्रारूप के अनुसार स्थिति, भूमिका और कार्यकारी जिम्मेदारियां शामिल हैं। हालांकि, विश्लेषणात्मक आयाम शामिल नहीं हैं। वर्णनात्मक आंकड़ों का विश्लेषण एक महत्वपूर्ण परिप्रेक्ष्य से किया जाएगा। वर्तमान अध्ययन मुख्य रूप से क्षेत्र अध्ययन के माध्यम से एकत्र किए गए आंकड़ों और जानकारी के अलावा इन आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित होगा।

प्रारंभिक कार्य तैयारी की प्रक्रिया के तहत आंकड़ा संग्रह के लिए ढांचे और उपकरणों से संबंधित कार्य शुरू है।

4. केंद्रीय प्रायोजित माध्यमिक शिक्षा के लिए छात्राओं के प्रोत्साहन की राष्ट्रीय योजना का एक मूल्यांकन अध्ययन (मा.सं.वि. मंत्रालय से अनुरोध)

अन्वेषकः डा. वेटुकुरी पी.एस. राजू

अध्ययन का उद्देश्य एनएसआईजीएसई योजना के तहत देश में विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को प्रदान की गई वित्तीय सहायता के प्रभाव का मूल्यांकन करना है।

गहन अध्ययन तीन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा। नमूना राज्यों का चयन देश के विभिन्न क्षेत्रों से प्रोत्साहन के उपयोग पैटर्न के आधार पर किया जाएगा। सरकारी सहायता प्राप्त और स्थानीय निकाय स्कूलों में कक्षा IX और X में अध्ययनरत प्रत्येक नमूना राज्य की कम से कम 350 लाभार्थी छात्राओं का चयन किया जाएगा।

अंतरिम रिपोर्ट मानव संसाधन विकास मंत्रालय को सौंपी गई है। क्षेत्र से प्राथमिक डाटा का संग्रह, डाटा की कोडिंग और प्रविष्टि प्रगति पर है। अंतिम रिपोर्ट 31 अगस्त, 2018 तक प्रस्तुत करने के लिए तैयार हो जाएगी।

5. केंद्र प्रायोजित योजना 'राष्ट्रीय साधन–सह–योग्यता छात्रवृत्ति योजना' का मूल्यांकन अध्ययन

अन्वेषकः डा. वेटुकुरी पी.एस. राजू

भारत सरकार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों ने वर्षों में शिक्षा की घरेलू लागत के बोझ को कम करने में मदद के लिए अनेक छात्रवृत्ति, वित्तीय सहायता योजनाओं और प्रोत्साहन की घोषणा की है। सामाजिक रूप से हाशिए पर रहने वाले समूह (जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय और छात्राएं) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (जैसे गरीबी रेखा से नीचे के परिवार) और इन लोगों की छात्रवृत्ति और प्रोत्साहन के विशेष लक्ष्य समूह हैं। छात्रवृत्ति का उद्देश्य मेधावी छात्रों की पहचान करना और उन्हें माध्यमिक और साथ ही उच्चतर शिक्षा को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रेरित करना है। ऊपर उठाए गए सभी मुद्दों के मद्देनजर, स्कूल स्तर पर केंद्र और राज्य सरकारों ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और वंचित समूहों के बच्चों के लिए स्कूली शिक्षा को पूरा करने के लिए अनेक छात्रवृत्ति और प्रोत्साहन योजनाएं शुरू की हैं। इस तरह की योजनाओं में से एक राष्ट्रीय साधन–सह–छात्रवृत्ति योजना'(एनएमएमएसएस) को मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) ने 2008 में ग्यारहवीं योजना अवधि के दौरान स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के माध्यम से आरंभ किया था।

लक्ष्यः–

1. केंद्र प्रायोजित 'राष्ट्रीय साधन–सह–योग्यता छात्रवृत्ति योजना' की कार्यान्वयन प्रक्रिया का अध्ययन करना।
2. 2008–09 से 2016–17 की अवधि के दौरान विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा राष्ट्रीय साधन–सह–योग्यता छात्रवृत्ति योजना के उपयोग और उपलब्धि पैटर्न का अध्ययन करना।
3. समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से वंचित वर्गों के छात्रों को प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता के प्रभाव का आकलन करना।
4. छात्रों को छात्रवृत्ति राशि के संवितरण से संबंधित प्रभावी कार्यान्वयन और मुद्दों में आने वाली चुनौतियों की पहचान करना।
5. योजना में सुधार के लिए सुझाव और सिफारिशें देना।

अध्ययन का उद्देश्य केन्द्र प्रायोजित राष्ट्रीय साधन–सह–योग्यता छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसएस) के

तहत देश के विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता के प्रभाव का मूल्यांकन करना है। अध्ययन माध्यमिक और प्राथमिक डाटा का उपयोग करके वर्णनात्मक सर्वेक्षण विधि का उपयोग करके किया जाएगा।

अंतरिम रिपोर्ट मानव संसाधन विकास मंत्रालय को सौंपी गई। क्षेत्र से प्राथमिक डाटा का संग्रह, डाटा की कोडिंग और फीडिंग प्रगति पर है। अंतिम रिपोर्ट 31 अगस्त, 2018 तक तैयार हो जाएगी।

6. भारत में तुलनात्मक शैक्षिक लाभ की स्थानिक गतिशीलता

अन्वेषकः प्रो. मोना खरे

प्रस्ताव विकास, प्रस्तुति और अनुमोदन, साहित्य समीक्षा, भारतीय संदर्भ में प्रासंगिक संकेतकों की पहचान के लिए विचार–विमर्श तथा स्कूल शिक्षा विकास के लिए सारणीकरण और डाटा विश्लेषण पूर्ण हो चुका है और पहले तीन मसौदा अध्याय तैयार है। उच्च शिक्षा विकास के संकेतक की पहचान की गई है और माध्यमिक स्रोतों से डाटा संकलन प्रगति पर है। पहचान किए गए स्थानिक विकास और डाटा संकलन के समग्र सूचकांक के निर्माण के लिए संकेतक प्रगति पर हैं। जिला स्तर पर डाटा की उपलब्धता का पता लगाने के लिए, राज्य के चुनिंदा अधिकारियों से संपर्क किया जाता है। सेमिनार में प्रस्तुत शोध अध्ययन से प्रकाशित तीन तीन पत्र, प्रकाशन के लिए स्वीकार किए गए हैं, कुछ महीनों में प्रकाशित होने की उम्मीद है।

7. मॉड्यूलः उच्चतर शिक्षा संस्थानों में विविधता और भेदभाव

अन्वेषकः डा. निधि एस. सभरवाल और डा. सी.एम. मलिश

मॉड्यूल के समग्र दृष्टिकोण और सामग्री की सामूहिक समझ विकसित करने में मदद के लिए मॉड्यूल के लेखकों की पहली बैठक 16 मार्च, 2017 को आयोजित की गई थी।

मॉड्यूल के लिए पहचाने गये क्षेत्रों में शामिल हैः

मॉड्यूल 1ः उच्चतर शिक्षा में छात्र विविधता और सामाजिक समावेशः अवधारणा और दृष्टिकोण

मॉड्यूल 2ः उच्च शिक्षा में छात्र विविधता का वर्गीकरण

मॉड्यूल 3ः परिसरों में अकादमिक एकीकरण प्राप्त करने के लिए दृष्टिकोण

मॉड्यूल 4ः उच्चतर शिक्षा में भेदभाव के रूप

मॉड्यूल 5ः परिसर में सामाजिक समावेश

मॉड्यूल 6ः छात्र विविधता के प्रबंधन के लिए संस्थागत तंत्र

मॉड्यूल 7ः छात्र विविधता, नागरिक शिक्षा और लोकतांत्रिक भागीदारी

इन मॉड्यूलों का लेखन प्रगति पर है।

8. भारत में उच्चतर शिक्षा स्नातकों का रोजगार और रोजगार–शीलता

अन्वेषकः प्रोफेसर मोना खरे

अध्ययन के लिए अनुसंधान प्रस्ताव 2015 में विकसित किया गया था। प्रस्ताव विशेषज्ञों को भेजा गया और 26 अक्टूबर 2015 को आयोजित विशेषज्ञ समिति की बैठक में अनुमोदन के उपरान्त मात्रात्मक और गुणात्मक अनुसंधान उपकरण विकसित किए गए थे। 12 मई, 2016 को बाहरी विशेषज्ञों के एक समूह के साथ अनुसंधान उपकरणों पर एक चर्चा बैठक आयोजित कर राज्य की टीमों का गठन किया गया और टीम के सदस्यों की पहचान की गई। अनुसंधान उपकरणों को अंतिम रूप देने के बाद, छात्रों और कॉलेज के संकाय/प्रशासन के परिप्रेक्ष्य को उत्पन्न करने के लिए दिल्ली यूनिवर्सिटी कॉलेज में एक प्रायोगिक सर्वेक्षण किया गया तथा नियोक्ताओं और कर्मचारियों के परिप्रेक्ष्य उत्पन्न करने के लिए केनरा बैंक में सर्वेक्षण भी किया गया था। प्रदत्त प्रश्नावली के अलावा, सर्वेक्षण में एफजीडी और साक्षात्कार शामिल थे। पूरी गतिविधि अगस्त और नवंबर 2016 के बीच पूरी हुई। प्रायोगिक सर्वेक्षण का आंकड़ा प्रविष्टि और विश्लेषण पूरा हो गया और उपकरण पक्के हो गए। पहली कार्यप्रणाली कार्यशाला 18–19 जनवरी, 2017 को आयोजित की गई जिसमें 17 राज्य टीमों के सदस्यों ने भाग लिया। अनुसंधान उपकरणों पर गहन चर्चा उपरान्त उनके संबंधित राज्यों में क्षेत्र सर्वेक्षण करने के लिए साझा किया गया।

i) बैंगलोर विश्वविद्यालय, बैंगलोर के सहयोग से "शिक्षा में लैंगिक बजट" पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

ii) हैदराबाद में हिटाची और एली कंपनियों में "भारत में उच्चतर शिक्षा स्नातकों का रोजगार और रोजगारशीलता योग्यता" पर गोल–मेज सम्मेलन और एफजीडी का आयोजन और संचालन किया गया।

iii) ओरिएंटल, लखनऊ में 'भारत में उच्च शिक्षा स्नातकों का रोजगार और रोजगारशीलता' परियोजना पर गोलमेज सम्मेलन और एफजीडी का आयोजन और संचालन किया गया।

iv) सिस्को, बेंगलुरु में "भारत में उच्च शिक्षा स्नातकों का रोजगार और रोजगारशीलता" परियोजना पर गोलमेज सम्मेलन और एफजीडी का आयोजन और संचालन किया गया।

v) एचसीएल, लखनऊ में "भारत में उच्चतर शिक्षा स्नातकों का रोजगार और रोजगारशीलता" पर गोलमेज और एफजीडी का आयोजन और संचालन।

vi) टीसीएस, बेंगलुरु में 'भारत में उच्च शिक्षा स्नातकों का रोजगार और रोजगारशीलता' परियोजना पर गोलमेज सम्मेलन और एफजीडी का आयोजन और संचालन।

vii) महिंद्रा–टेक, नोएडा में "भारत में उच्चतर शिक्षा स्नातकों के रोजगार और रोजगारशीलता" पर गोलमेज सम्मेलन और एफजीडी का आयोजन और संचालन किया गया।

viii) रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस, नई दिल्ली में "भारत में उच्चतर शिक्षा स्नातकों के रोजगार और रोजगारशीलता" पर गोलमेज–सम्मेलन और एफजीडी का आयोजन और संचालन किया।

ix) बैंगलोर विश्वविद्यालय में 'भारत में उच्च शिक्षा स्नातकों का रोजगार और रोजगारशीलता' परियोजना पर कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आमने–सामने साक्षात्कार आयोजित और संचालित किया गया।

x) मुंबई विश्वविद्यालय में 'भारत में उच्च शिक्षा स्नातकों का रोजगार और रोजगारशीलता' परियोजना पर कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आमने–सामने साक्षात्कार आयोजित और संचालित किया गया।

xi) दिल्ली विश्वविद्यालय में 'भारत में उच्च शिक्षा स्नातकों का रोजगार और रोजगारशीलता' परियोजना पर कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आमने–सामने साक्षात्कार आयोजित और संचालित किया गया।

xii) भारत में 'उच्चतर शिक्षा स्नातक की रोजगार और रोजगारशीलता' परियोजना पर कुछ वरिष्ठ अधिकारियों और हिताची और एली कंपनियों के साथ हैदराबाद में आमने–सामने साक्षात्कार आयोजित और संचालित किया गया।

को कैसे संचालित किया जाता है। प्रस्तावित अनुसंधान इस दिशा में एक ईमानदार कदम है। भले ही भारत में एसएलडी पर नीति एक नवजात अवस्था में है, लेकिन क्षेत्र में उपलब्ध सर्वोत्तम परिपाटियों के साक्ष्य जुटाने के लिए खोजपूर्ण अध्ययन की आवश्यकता है। प्रस्तावित अध्ययन नीति और नीति प्रक्रियाओं के निर्माण के लिए सबूतों को प्रस्तुत करने के उद्देश्य से जमीनी स्तर पर वास्तविकता का पता लगाने के उद्देश्य से है। इसलिए, अध्ययन में डिस्लेक्सिया के विशिष्ट संदर्भ के साथ स्कूली शिक्षा में दिव्यांग बच्चों को सीखने की नीति को शामिल करने की नीति और व्यवहार का प्रस्ताव है। अध्ययन के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं:–

अ. नीतियों और परिपाटियों के संदर्भ में विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता (एसएलडी) और कार्यक्रम के हस्तक्षेप की समस्या की प्रकृति और परिमाण का पता लगाना।

ब. भारत में विशिष्ट राज्यों में विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता (एसएलडी) के लिए पहचान, संदर्भ और शैक्षिक हस्तक्षेप के लिए राज्य और जिला स्तर की नीतियों और परिपाटियों का अध्ययन करना।

स. विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता (एसएलडी) के सीखने के प्रतिफलों पर कार्यक्रम के हस्तक्षेप के प्रभाव का अध्ययन करने और क्षेत्र में उपलब्ध सर्वोत्तम परिपाटियों का दस्तावेजीकरण करने के लिए।

द. मूल्यांकन, निदान, शिक्षण कार्यनीतियों और कार्यक्रम प्रावधानों के लिए एसएलडी पर नीति निर्माण के लिए इनपुट प्रदान करना।

अध्ययन बीआरसी और स्कूल स्तर पर माध्यमिक दस्तावेज के क्षेत्र–आधारित अनुभवजन्य डाटा और विश्लेषण दोनों के संयोजन पर आधारित है। यह एसएलडी की पहचान, मूल्यांकन और हस्तक्षेप के लिए जिलों, बीआरसी और स्कूलों से संबंधित राज्य सरकारों द्वारा जारी दिशा–निर्देशों, परिपत्रों और आदेशों का विश्लेषण करेगा। इसके अलावा, परिचालन वास्तविकताओं का पता लगाने के लिए क्षेत्र–आधारित अनुभवजन्य डाटा एकत्र किया जाएगा और उनका विश्लेषण किया जाएगा। स्कूल आधारित अनुभवजन्य डाटा चयनित स्कूलों से एकत्र किया जाएगा। डाटा अवलोकन और साक्षात्कार अनुसूची की मदद से एकत्र किया जाएगा। ये शिक्षकों, परामर्शदाताओं और छात्रों के लिए डिजाइन किए जाएंगे। क्षेत्र–आधारित डाटा 30 स्कूलों से एकत्र किया जाएगा। रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

37. स्थानीय स्कूल प्रबंधन सूचना प्रणाली

अन्वेषकः प्रो. के. श्रीनिवास

चूंकि आरएमएसए–टीसीए बंद है, इसलिए अध्ययन का चरण–1 शुरू नहीं किया जा सका। अकादमिक परिषद के विचार के लिए प्रस्ताव को संशोधित और पुनः प्रस्तुत किया गया है। परियोजना के संचालन के लिए पूर्व–सॉफ्टवेयर विकास कार्य पूर्ण हो गए हैं। सॉफ्टवेयर डेवलपर की पहचान और चयन चल रहा है।

38. प्राथमिक स्तर पर मुस्लिम बच्चों के बीच गैर–नामांकन और ड्रॉपआउट के कारणः आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश का तुलनात्मक अध्ययन

अन्वेषकः डा. वेटुकुरी पी.एस. राजू

अध्ययन का मुख्य उद्देश्य भारत में दो राज्यों में प्रारंभिक स्तर पर मुस्लिम बच्चों के गैर–नामांकन और ड्राप–आउट के कारणों की पहचान करना है। तदनुसार, प्रारंभिक स्तर पर मुसलमानों के बीच गैर–नामांकन और ड्राप–आउट के कारणों के मुद्दे को संबोधित करते हुए अनुसंधान/शैक्षणिक नियोजन की प्रकृति का प्रारंभिक मूल्यांकन करने के लिए उपलब्ध साहित्य की समीक्षा पूरी हो गई है। साहित्य की समीक्षा से पता चलता है कि कोई भी पर्याप्त शोध या अकादमिक साहित्य नहीं पाया गया है जो प्राथमिक स्तर पर मुसलमानों के बीच गैर–नामांकन और ड्राप–आउट को जानने की कोशिश में जुटा है। इसके अलावा, प्रासंगिक माध्यमिक डाटा भी एनएसएसओ, डीआईएसई और जनगणना रिपोर्ट से एकत्र किए गए हैं। मसौदा तैयार किया जा रहा है और परियोजना रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अंतिम रिपोर्ट 31 मई, 2018 तक तैयार होने की उम्मीद है।

4

पुस्तकालय और प्रलेखन सेवाएं

पुस्तकालय और प्रलेखन सेवाएं

ज्ञान और सूचना की साझेदारी

संस्थान ने शैक्षिक नीतियों, योजना और प्रबंधन से संबंधित मौजूदा और नवीनतम ज्ञान को सुलभ बनाने के लिए श्रृंखलाबद्ध कार्य आरंभ किए हैं। संस्थान का पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र शैक्षिक नीति, योजना और प्रबंधन के क्षेत्र में ज्ञान और सूचना प्रलेखन और प्रसारण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता रहा है। पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र द्वारा वर्ष 2017–18 में की गई प्रमुख गतिविधियां निम्नलिखित हैं :

पुस्तकालय और प्रलेखन सेवाएं

संस्थान का पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र संस्थान के संकाय और स्टाफ सदस्यों, देश–विदेश के शोधकर्ताओं, विश्वविद्यालय के एम.फिल. तथा पी.एच.डी. के विद्यार्थियों, नीपा द्वारा आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रतिभागियों और अतिथि संकाय सदस्यों तथा पाठकों की सूचना संबंधी जरुरतों को पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन एवं अधिगम केंद्र के रूप में कार्य करता रहा है। पुस्तकालय, संस्थान के अध्यापन, अधिगम और शोध में सहयोग के लिए आधुनिक अध्यापन– अधिगम सामग्री, कंप्यूटर तथा इलेक्ट्रानिक सुविधाएं जैसे– वाई–फाई से सुसज्जित है।

पिछले चार–पांच वर्षों के अन्तर्गत पुस्तकालय ने अपनी संग्रह नीति में व्यापक परिवर्तन किया है। पुस्तकालय लगभग 80 प्रतिशत जर्नल मुद्रित और ऑनलाईन स्वरूप में मंगाता है। हालांकि, पुस्तकों को मुद्रित रूप में ही प्राथमिकता दी जाती है।

पाठकों की सुविधा के लिए पुस्तकों तथा अन्य सामग्री के संपूर्ण संग्रह को चार प्रमुख अनुभागों– सामान्य, संदर्भ, श्रृंखला, और क्षेत्र अध्ययन संग्रह में वर्गीकृत किया गया है। समीक्षित काल में पुस्तकालय में 299 नई पुस्तकों/दस्तावेजों का संग्रह किया गया। वर्तमान वर्ष में पुस्तकालय/प्रलेखन केंद्र के पास संयुक्त राष्ट्र, युनेस्को, ओ.ई.सी.डी, आई.एल.ओ., यूनिसेफ, विश्व बैक आदि अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा आयोजित संगोष्ठियों और सम्मेलनों की रिपोर्टों इत्यादि के अलावा 60,965 पुस्तकों और दस्तावेजों का संग्रह है। समीक्षाधीन वर्ष 2017–18 में पुस्तकालय ने शैक्षिक योजना, प्रशासन, प्रबंधन तथा इससे संबंधित विषयों पर 250 राष्ट्रीय तथा अतंर्राष्ट्रीय जर्नल एवम् 14 पत्रिकाएं मंगाईं। इन पत्र–पत्रिकाओं से 2,522 प्रमुख आलेखों का सूचीकरण किया गया। समीक्षाधीन वर्ष 2017–18 में पुस्तकालय ने 8,127 जर्नलों को उपयोगकर्त्ताओं को सूचना प्रदान करने के लिए जिल्द में तैयार किए। नीपा ने चार आनलाईन डाटाबेस एलसेवियर सेज, एमेराल्ड, डाटाबेस तथा जे. स्टोर खरीदे। पुस्तकालय के पास 523 ई–बुक का संग्रह है। नीपा पुस्तकालय में मल्टीमीडिया केंद्र है। वीडियो कैसेट, ऑडियो कैसेट, फिल्म, माइक्रोफिल्म, माइक्रोचिप्स और सी.डी. के रूप में गैर–मुद्रित सामग्री उपलब्ध है।

नीपा पुस्तकालय ने नई आनलाइन सूचना सेवाएँ जैसे कि– ''न्यूज फ्लैश'', 'नीपा इन द प्रेस', एस.डी.आई. (नीपा संकाय के अकादमिक कार्य का प्रसार) तथा 'न्यू अराईवल' प्रारम्भ किया है। पुस्तकालय ने विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम की ग्रन्थ सूची तैयार की है। उपभोक्ताओं को संदर्भ सामग्री, आलेखों, रिपोर्टों इत्यादि के लिये फोटोग्राफी सेवाएँ प्रदान की गई हैं।

नीपा पुस्तकालय में सभी गतिविधियाँ, जैसे सूची बनाना, प्राप्तियाँ, प्रसार तथा श्रेणी नियंत्रण पूर्णरूप से कम्प्यूटरीकृत है। इसके लिये लिबसिस 7 साफ्टवेयर पैकेज का नवीनतम वर्ज़न का प्रयोग किया जा रहा है। नीपा में लैन से इंटरनेट या फिर इंटरानेट के माध्यम से सीधे या यू.आर.एल. के माध्यम से नीपा की वेबसाईट पर वेब ओपेक का प्रयोग करके ओपेक का उपयोग किया जा सकता है। इसके माध्यम से नीपा पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों, जर्नलों और लेखों का डाटाबेस देख सकते हैं।

राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संसाधनों की साझेदारी को बढ़ावा देने हेतु नीपा पुस्तकालय तथा प्रलेखन केन्द्र डेलनेट का सदस्य हैं इससे नीपा पुस्तकालय तथा प्रलेखन केन्द्र में उपलब्ध शैक्षिक योजना और प्रशासन पर वृहद रूप से उपलब्ध अमूल्य अधिकारिक दस्तावेज़ों के पहचान की सुविधा उपलब्ध हुई है। आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुये सभी दस्तावेज़ों तथा रिकार्ड का डिजीटलीकरण हेतु परियोजना चलाई जा रही है। यह अपेक्षा की जा रही है कि इससे देश में शिक्षा पर वृहद ऑनलाईन अभिलेखीय सूचना उपलब्ध हो पायेगी।

प्रलेखन केन्द्र

नीपा प्रलेखन केन्द्र में शैक्षिक योजना, प्रबंधन और प्रशासन पर 20,000 से अधिक का वृहद और समृद्ध संग्रह है। इसके संग्रह में केन्द्र –राज्य सरकारों तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रकाशन जैसे राज्य तथा जिला गणना, राज्य तथा जिला गैजेटियर केन्द्र तथा राज्य विश्वविद्यालय के नियम और संविधि, जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी.पी.ई.पी.) तथा सर्व शिक्षा अभियान, राज्यों की सांख्यिकी पुस्तकें, अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण, आर्थिक सर्वेक्षण आयोग तथा समिति की रिपोर्ट, राज्य आर्थिक सर्वेक्षण, राज्य शैक्षिक योजनाएं, राज्य मानव संसाधन विकास रिपोर्टें तथा पंचवर्षीय योजनाएं सम्मिलित हैं।

इसके अतिरिक्त संस्थान के विभिन्न प्रकाशनों जैसे अनुसंधान अध्ययन, समसामयिक आलेख श्रृंखला, विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्टें (1962–2013), प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्टें, विभिन्न मंत्रालयों की रिपोर्टें, अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक योजना संस्थान, पेरिस के प्रकाशन शामिल हैं। केन्द्र में थीसिस का एक वृहद संग्रह है तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन पर क्रमशः स्नातकोत्तर और डिप्लोमा पर शोध संग्रह उपलब्ध है। केन्द्र अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान, (आई.आई.ई.पी.) पेरिस के प्रकाशनों का संग्रह–केन्द्र है। इसके पास गैर–पुस्तक पाठ्य सामग्री जैसे इंडेक्सिंग डाटाबेस, भारत की जनगणना, राज्य मानव संसाधन विकास रिपोर्ट तथा शिक्षा और इससे संबंधित क्षेत्रों पर अन्य प्रकाशनों पर संग्रह है।

प्रलेखन केन्द्र ने अपने सभी कार्यकलापों का कंप्यूटरीकरण कर लिबसेस 7.0 (रिलीज 1.0) सॉफ्टवेयर के प्रयोग द्वारा कर दिया है। इसके अतिरिक्त उपयोगकर्त्ता को डेस्कटॉप पर ऑनलाईन पब्लिक एक्सेस कैटालॉग (ओपेक) तथा सूचना संसाधन तथा सेवाओं की विस्तृत जानकारी के साथ इलैक्ट्रानिक डाटाबेस की पहुंच, प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, इसके समृद्ध संग्रह, विस्तृत सरणी और विविध सेवाएं तथा सुविधाएं भारत तथा विदेशों से उपयोगकर्ताओं को इसकी सूचना संसाधन और सेवाओं का प्रयोग करने के लिये आकर्षित करती है। उपयोगकर्त्ताओं को पठन हेतु प्रलेखन केन्द्र में सुविधाजनक शान्तिपूर्ण और अनुकूल परिवेश उपलब्ध है तथा उपयोगकर्त्ताओं के लिए वातानुकूलन, पर्याप्त रोशनी और जनरेटर बैक–अप की सुविधा उपलब्ध है। प्रलेखन केन्द्र की पठन सुविधाओं का लाभ संकाय, संस्थान के अनुसंधानविद् परियोजना स्टाफ, भारत तथा विदेश के अनुसंधानविद्, डेपा एवं आईडेपा के भागीदार तथा आगन्तुक संकाय द्वारा उठाया जाता है। प्रलेखन केन्द्र पूरे वर्ष सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः नौ बजे से सायं 5.30 बजे तक खुला रहता है।

डिज़ीटल संसाधनों की पहुंच

इसके अंतर्गत संस्थान संकाय तथा अनुसंधानविदों के बीच विभिन्न प्रकार की सूचना की साझेदारी, संपर्कता, सहभाजन के लिए इंटरनेट गतिविधियों को सुदृढ़ तथा विकसित किया गया है। यह सूचना तथा ज्ञान का संग्रह, सृजन, हस्तांतरण तथा एकीकरण करता है। इसके डिज़ीटल संसाधन जैसे पुस्तकें, आलेख, अनुसंधान अध्ययन, समसामयिक आलेख श्रृंखला, प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्टें, सम्मेलन संगोष्ठी के कार्यकलाप, विख्यात शिक्षाविद् व्याख्यान श्रृंखला, दृश्य–श्रव्य व्याख्यान, समिति तथा समिति रिपोर्टें, इंटरनेट पर उपलब्ध हैं। डिजीटल अभिलेखागार शिक्षा तथा इससे संबंधित क्षेत्रों के 11,000 नीतिगत दस्तावेज़ों के डिजीटल अभिलेख उपलब्ध कराता है। यह दस्तावेज़ इंटरनेट या इंटरानेट के माध्यम से [http://14.139.60.153/ or http://www.nuepa.org/New/darch.aspx]. पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त नई प्राप्तियों की सूची, नए जर्नलों की सूची, पाक्षिकों के वर्तमान घटक; जे. स्टोर तथा ऑनलाईन जर्नल डाटाबेस का सम्पूर्ण टेक्स्ट एक्सेस; संदर्भ ग्रंथ सूची – मांग पर साहित्य की खोज तथा इलैक्ट्रानिक दस्तावेज़ वितरण प्रणाली (ई.डी.डी.एस.) के लिये इंटरनेट के माध्यम से चौबीस घंटे ऑनलाईन

सूचना संसाधन तथा प्रलेखन सेवाएं पाठकों को प्रदान की गई है।

यह 300 मुद्रित जर्नलों (राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय) और ऑनलाईन डाटा बेस जैसे सेज, सेज शिक्षा संग्रह ऑनलाईन, एलसेवियर तथा जे. स्टोर की पहुंच प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त पाठकों को मुक्त शैक्षिक संसाधन हेतु पहुंच जैसे 11,831 पूर्ण लिखित जर्नल के संदर्भ में मुक्त पहुंच जर्नल डायरेक्टरी, 280 प्रकाशकों से 12646 अकादमिक सहकर्मी समीक्षा पुस्तकों की डायरेक्टरी, 32,10,157 आलेख, इलैक्ट्रानिक शोध और अनुसंधान हेतु 5 मिलियन ई.टी.डी. (51,11,718 ई.टी.डी.) और शोधगंगा (1,96,901 ई.टी.डी.) एवं अन्य राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय पूर्ण–पठन डाटाबेस, इंडेक्सिंग डाटाबेस, पाक्षिकों की वर्तमान सामग्री और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय पूर्ण पठन–सामग्री उपलब्ध कराता है। इससे अंतः पुस्तकालय ऋण तथा डेलनेट के माध्यम से पुस्तकों, दस्तावेजों, आलेखों इत्यादि के लिए प्रयोगकर्त्ताओं की आवश्यकताओं की पूर्ण करने में सुदृढ़ीकरण हुआ है। प्रलेखन केन्द्र की सेवाओं का लाभ संकाय, नीपा के अनुसंधानकर्त्ताओं, परियोजना स्टाफ, पीजीडेपा तथा आईडेपा, आई.पी.ई.ए., प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा भारत और अन्य देशों के विश्वविद्यालयों अनुसंधानकर्त्ताओं द्वारा उठाया जाता है।

व्यक्तिगत योगदान (डॉ. डी.एस. ठाकुर का शैक्षणिक योगदान – 2017–18

प्रकाशन

शोध पत्र/आलेख प्रकाशित

1. ठाकुर, डी.एस. (2018). वर्चुअल लर्निंग इनवायरमेंटः भारत में शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थानों के लिए मिश्रित सीखने के दृष्टिकोण के रूप में मूडल का उपयोग करना। अब्दुल मजीद बाबा, राज कुमार भारद्वाज, एस.एस. ढाका, तारिक अशरफ और नबी हसन (सं), बिल्डिंग स्मार्ट लाइब्रेरीजः चैंजेस चैलेंजेस इश्यूज एंड स्ट्रेटजीज़ 6–8 अगस्त, 2018 के दौरान केन्द्रीय विश्वविद्यालय, कश्मीर में

आयोजित तीसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आलेख। नई दिल्लीः एशियन लाइब्रेरी एसोसिएशन, पीपी. 177–188

सेमिनार / सम्मेलनों / कार्यशालाओं में भागीदारी

राष्ट्रीय

प्राइड प्लाजा होटल, एयरोसिटी, नई दिल्ली में नीपा द्वारा आयोजित 7–8 दिसंबर 2017 को कुलपतियों के लिए उच्च शिक्षा में नेतृत्व विकास पर कार्यशाला।

अंतरराष्ट्रीय

22–23 फरवरी 2018 को इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में सी.पी.आर.एच.ई., नीपा और ब्रिटिश काउंसिल द्वारा संयुक्त रूप से उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और उत्कृष्टता पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम / कार्यशालाएँ

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान (नीपा) द्वारा आयोजित मूडल के साथ अध्यापन–अधिगम पर कार्यशाला, नई दिल्ली 10–12 जुलाई, 2017।

प्रशिक्षण सामग्री का विकास और संपादन

1. स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एससीईआरटी), दिल्ली द्वारा 6 जुलाई, 2017 को डाईट, राजिन्दर नगर, नई दिल्ली में आयोजित स्कूल पुस्तकाध्यक्षों के लिए तीन दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 'सूचना साक्षरता' पर व्याख्यान दिया।
2. स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एससीईआरटी), दिल्ली द्वारा 6 जुलाई, 2017 को दोपहर 12.00 बजे से 02:30 बजे तक डायट राजिन्दर नगर, नई दिल्ली में आयोजित स्कूल लाइब्रेरियन के लिए तीन दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 'सूचना साक्षरता और सूचना प्रौद्योगिकी' विषय पर व्याख्यान दिया।

सार्वजनिक निकायों को परामर्श और अकादमिक सहायता

मानव संसाधन विकास मंत्रालय और भारत की वार्षिक रिपोर्ट के लिए जानकारी व्यवस्थितः एक वार्षिक संदर्भ सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार।

1. नीपा की गतिविधियों के बारे में सभी विभागों और प्रशासन के प्रमुखों से एकत्रित जानकारी जैसे कि शोध अध्ययन, एम.फिल. और पीएचडी कार्यक्रमों में नामांकन, सम्मानित पीएचडी डिग्री और प्रशिक्षण कार्यक्रम की सूची। जानकारी वार्षिक रिपोर्ट तैयार करने के लिए की जाती है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार।
2. नीपा के सभी विभागाध्यक्षों और प्रशासन से नीपा की अकादमिक और प्रशासनिक गतिविधियों जैसे आदिवासी और अल्पसंख्यक पर किए कए अध्ययन और प्रशिक्षण कार्यक्रम, भारत 2018, की तैयारी के लिए एकत्र करना : एक संदर्भ, वार्षिक प्रकाशन, सूचना और प्रसारण मंत्रालय विभाग, भारत सरकर द्वारा प्रकाशित

अन्य शैक्षणिक और व्यावसायिक योगदान

कंप्यूटर कौशलः

लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस)	:	मूडल (मॉड्यूलर ऑब्जेक्ट–ओरिएंटेड डायनामिक लर्निंग एनवायरनमेंट) लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम
कार्य का ज्ञान लाइब्रेरी सॉफ्टवेयर / पैकेज	:	लिबसिस–4, टैक्लीबप्लस, ज्ञानोदया, विद्या, सीडीएस / आईएसआईएस 3.0।
कंप्यूटर प्रवीणता	:	विंडोज 2000, हाइपरटेक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज (HTML), फ्रंटपेज 2002

वेब पेज निर्माण और इंट्रानेट का ज्ञान

नीपा के प्रलेखन केंद्र की वेब साइट बनाई और अद्यतन की गई और लाइब्रेरी और पुस्तकालय एवं प्रलेखन केंद्र में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के संसाधनों के बारे में जानकारी प्रसारित करने के लिए संस्थान में एक इंट्रानेट विकसित किया, जैसे कि भारतीय और विदेशी पत्रिकाओं की सदस्यता, गैर–पुस्तक सामग्री मद, समसामयिक पर

सामग्री, डिजिटल संसाधनों और ऑनलाइन डेटाबेस की सूचना। इसके अलावा, प्रलेखन केंद्र द्वारा दी जाने वाली प्रलेखन सेवाएं जैसे अनुसंधान अध्ययन की सूची, सामयिक पेपर श्रृंखला, प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट, पीजीडेपा और आईडेपा के शोध प्रबंध, ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस कैटलॉग (ओपीएसी) और शोध अध्ययन के अन्य पूर्ण पाठ दस्तावेज, सामयिक पेपर श्रृंखला, प्रशिक्षण कार्यक्रम की रिपोर्ट और नीपा वृत्तचित्र, प्रख्यात विद्वान व्याख्यान श्रृंखला इंट्रानेट पर भी उपलब्ध हैं।

इसके अलावा, संस्थान के इंट्रानेट के लिए एक ऑनलाइन लाइब्रेरी विकसित की गई है जो लाखों खुले शैक्षिक संसाधनों जैसे किताबें, जर्नल, जर्नल लेख, इलेक्ट्रॉनिक शोध और शोध प्रबंध (ईटीडी), अनुक्रमण डेटाबेस आदि तक पहुंच प्रदान करती है।

विभिन्न प्रशासनिक और शैक्षणिक समितियों में सदस्य

3.1. नीपा में डिजिटल पहल के कार्यान्वयन के लिए नीपा डिजिटल अधिगम अनुश्रवण कक्ष के सदस्य।

3.2. संस्थान में सभी अकादमिक पुरस्कारों के लिए सुरक्षित इलेक्ट्रॉनिक स्टोर हाउस बनाने के लिए मा.स.वि.मंत्रालय और वि.अ.आयोग द्वारा अनिवार्य राष्ट्रीय शैक्षणिक डिपॉजिटरी (एनएडी) के कार्यान्वयन के लिए मैसर्स सीडीएसएल वेंचर्स लिमिटेड (सीवीएल) के साथ समन्वय करने के लिए प्राधिकृत शैक्षणिक संस्थान अधिकारी।

3.3. शोधगंगा और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के इन्फिलबिनेट (सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क) से संबंधित गतिविधियों के लिए विश्वविद्यालय समन्वयक।

नीपा के बाहर प्रख्यात निकायों की सदस्यता

1. भारतीय पुस्तकालय संघ (आई.एल.ए.), दिल्ली। (आजीवन सदस्य)
2. भारत सरकार पुस्तकाध्यक्ष संघ (आई.एल.ए.), दिल्ली। (आजीवन सदस्य)

5

कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं

कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं

सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं

कंप्यूटर केंद्र संस्थान की सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करता है। नेटवर्क संस्थान की रीढ की हड्डी है तथा इसके सक्रिय संघटकों को कंप्यूटर केंद्र द्वारा संचालित, रखरखाव तथा नियंत्रित किया जाता है। कंप्यूटर केंद्र एन.एम. ई.आई.सी.टी परियोजना के अंतर्गत एन.के.एन./एम.टी.एन.एल. द्वारा प्रदान की गई 1 जी.बी.पी.एस ऑप्टिकल फाइबर इंटरनेट संपर्कता से सुसज्जित है। संस्थान में सतत रूप से हर समय इंटरनेट की संपर्कता 24x7x365 सुनिश्चित करने के लिए एरनेट से 10 एम.बी.पी.एस. का बैकअप की सुविधा उपलब्ध है। कंप्यूटर केंद्र सभी स्टाफ सदस्यों, प्रशिक्षुओं, परियोजना स्टाफ, कार्यक्रम भागीदारों, अनुसंधानविदों को कंप्यूटर सुविधा तथा इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराता है। नेटवर्क संसाधनों का प्रयोग करने हेतु सभी स्टाफ सदस्यों तथा संकाय सदस्यों को उच्च गति वाली इंटरनेट संपर्कता तथा नेटवर्क प्वाइंट प्रदान किये गये हैं। नीपा डोमेन पर सभी स्टाफ तथा संकाय सदस्यों को व्यक्तिगत ई–मेल खाता की सुविधा दी गई है। कुलपति तथा अन्य सभी संकाय सदस्यों के निवास पर ब्राड–बैन्ड इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराई गई है। सभी स्टाफ सदस्यों तथा संकाय को डेस्कटाप/लैपटाप कंप्यूटर सुविधा दी गई है। कंप्यूटर केंद्र की सुविधाएं बिना किसी व्यावधान के लगातार 12 घंटे उपलब्ध रहती हैं। कंप्यूटर केन्द्र पर संस्थान के अपने कंप्यूटरों तथा संबंधित उपकरणों के रखरखाव की जिम्मेदारी है।

कंप्यूटर केन्द्र संस्थान की दैनिक अकादमिक तथा गैर अकादमिक गतिविधियों में सूचना प्रौद्योगिकी का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करने हेतु सुविधाएं प्रदान करता है। कंप्यूटर केंद्र विभिन्न प्रकार के नवीनतम कंप्यूटर और प्रिंटरों तथा मल्टी–फंक्शन डिवाईज़ेज से सुसज्जित है। संस्थान के सभी तलों पर सभी कमरे नेटवर्क (साईबररोम सीआर 500) से जुड़े हुए हैं।

नीपा भवन से नीपा हास्टल को उच्च गति इंटरनेट संपर्कता उपलब्ध कराई गई है। नीपा छात्रावास के सभी तलों के कमरों में अतिथियों के लिये प्रमाणित तथा सुरक्षित वाई–फाई संपर्कता उपलब्ध–कराई गई है।

यह केंद्र अकादमिक एककों को प्रशिक्षण, अनुसंधान, मात्रात्मक आंकड़ा विश्लेषण और प्रणाली स्तर के प्रबंधन संबंधी मुद्दे तथा दूसरे कार्यकलापों में सहायता प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त गैर–अकादमिक एककों जैसे – पुस्तकालय, प्रशासन तथा वित्त विभागों को भी सहायता प्रदान की जाती है। संस्थान की डाटा प्रोसेसिंग तथा वर्ड प्रोसेसिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के अलावा कंप्यूटर केंद्र विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों/कार्यक्रमों के लिए अन्य विशिष्ट कंप्यूटर आधारित सेवाएं प्रदान करता है।

लेखा अनुभाग को भी कंप्यूटर अनुप्रयोग के लिए समर्थन दिया जाता है। इसमें शामिल है, वेतन संगणना, आयकर गणना, पेंशन, भविष्य निधि गणना आदि। इसके लिए एस.पी.एस.एस. सांख्यिकी पैकेज नेटवर्क वर्जन सर्वर के साथ स्थापित किया गया है ताकि प्रयोगकर्त्ता नेटवर्क पर गणना कर सकें। कंप्यूटर केंद्र दैनिक गतिविधियों के लिये ओपन स्रोत साफ्टवेयरों को प्रोत्साहन देता है।

संस्थान की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु आधुनिक डाटा केन्द्र स्थापित किया गया है। डाटा केन्द्र उच्च गुणवत्तायुक्त डाटा सर्वर तथा वेब सर्वर से जुड़ा है जोकि चौबीसों घंटे 24x7x365 उपभोक्ताओं के लिये ऑन–लाईन उपलब्ध है। डाटा सेंटर समर्पित समानांतर यू.पी.एस. सिस्टम से समर्थ है जो सर्वर को पावर बैक–अप प्रदान करता हैं। घरेलू डाटा सेंटर को सुदृढ़ बनाने हेतु एस.ए.एन. स्टोरेज़ के साथ ब्लेड सर्वर को प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। संस्थान में इंटरनेट संलग्नता में वृद्धि तथा समर्थतता हेतु एवं डाटा केन्द्र का इंटरनेट लिंक हेतु बैक–अप कनेक्टिविटी के लिये 10 एम.बी.पी.एस. रेडियो फ्रीक्वेन्सी लिंक (आर.एफ. लिंक) किया गया है।

भारत सरकार के मुख्य कार्यक्रम, सर्व शिक्षा अभियान और राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के फ्लैगशिप कार्यक्रम के अन्तर्गत जाने–माने कार्यक्रम एकीकृत शैक्षिक जिला प्रणाली सूचना (यू–डाईस) के लिये सर्वर का रखरखाव संगणक केंद्र करता है। इसके अलावा संगणक केंद्र विद्यालय मानक एवं मूल्यांकन – शाला सिद्धि के राष्ट्रीय कार्यक्रम के वेब पोर्टल का भी रखरखाव करता है।

6

प्रकाशन

NIEPA PUBLICATIONS

प्रकाशन

संस्थान का प्रकाशन एकक संस्थान द्वारा की गई शोध और विकास गतिविधियों के निष्कर्षों के प्रकाशन और प्रसारण द्वारा ज्ञान की साझेदारी संबंधी कार्यकलापों का अनुसमर्थन व्यापक स्तर के लिए करता रहा है। संस्थान के उद्देश्यों को पूरा करने के अनुक्रम में प्रकाशन एकक समसामयिक आलेख/जर्नल/पाक्षिक न्यूजलेटर, पुस्तकें, एम.फिल. और पी–एच.डी. की विवरणिका और प्रशिक्षण कार्यक्रम का कैलेण्डर प्रकाशित करता है। यह विभिन्न राज्यों/संघ क्षेत्रों के शैक्षिक प्रशासन सर्वेक्षणों की रिपोर्टों की श्रृंखला भी प्रकाशित करता है। प्रकाशन एकक कंप्यूटरों तथा प्रिंटरों से सुसज्जित है और विश्वविद्यालय के डीटीपी कार्य भी करता है।

वर्ष 2017–18 के अंतर्गत संस्थान द्वारा कुछ महत्वपूर्ण प्रकाशन निकाले गए – जर्नल ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन (अंग्रेजी), परिप्रेक्ष्य (हिंदी) जर्नल और सी.पी.आर.एच.ई. अनुसंधान आलेख, एम.फिल तथा पी–एच.डी. कार्यक्रमों की विवरणिका तथा पाठ्यचर्या गाईड। संस्थान ने अनेक शोध और संगोष्ठियों/सम्मेलनों की रिपोर्टें पुस्तक और मोनोग्राफ के रूप में प्रकाशित की। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान संस्थान ने निम्नांकित प्रमुख प्रकाशन निकाले :

जर्नल

- जर्नल ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन, जिल्द XXXI, 2017 (अंक 1,2, और 3)
- परिप्रेक्ष्य (शैक्षिक योजना और प्रशासन में सामाजिक–आर्थिक संदर्भ हिन्दी जर्नल) जिल्द XXIII, 2016 (अंक 1 और 2)

एंट्रीप न्यूज़लेटर

- एंट्रीप न्यूज़लेटर (जुलाई–दिसंबर 2016)
- एंट्रीप न्यूज़लेटर (जनवरी–जून 2017)

समसामयिक आलेख:

- नीपा समसामयिक आलेख सं. 50: ***यूनियन– स्टेट रिलेशन इन इंडियाज़ हायर एजुकेशन:*** **जे.बी. जी. तिलक,** नई दिल्ली, नीपा
- नीपा समसामयिक आलेख सं. 51: ***रिप्रजेंन्टेशन आफ वूमेन इन स्कूल लीडरशिप पोज़िशन इन इंडिया,*** **एन. मैथिली,** नई दिल्ली, नीपा, 50 पृष्ठ

सी.पी.आर.एच.ई. शोध आलेख:

- सीपीआरएचई अनुसंधान आलेख 2 (पुर्नमुद्रण) : ***रिफार्म्स इन हायर एजुकेशन इन इंडिया, ए रिव्यू आफ रिकमन्डेशन्स आफ कमीशन्स एंड कमीटीस ऑन एजुकेशन,*** **ए. मैथ्यू,** नई दिल्ली: नीपा
- सीपीआरएचई अनुसंधान आलेख 7: ***इंगलिश एस.ए. मीडियम ऑफ इन्स्ट्रक्शन इन इंडियन एजुकेशन इनक्वैलिटी आफ एक्सेस टू एजुकेशनल अर्पाच्युनिटीज,*** **वाणी के. बूराह** और **निधि एस. सभरवाल**, नई दिल्ली: नीपा
- सीपीआरएचई अनुसंधान आलेख 8: ***टीचर्स रिक्यूरमेन्ट इन हायर एजकेशन इन इंडिया: एन अनालिसिस ऑफ नेशनल एलिजिबिटी टेस्ट (नेट) रिसल्टस,*** **एन.वी. वर्गीज, गरिमा मलिक, और धर्म रक्षित गौतम** द्वारा, नई दिल्ली: नीपा

सःशुल्क प्रकाशन

- ***इंडिया हायर एजुकेशन रिपोर्ट 2016ः इक्विटी* (एन.वी. वर्गीज, निधि एस. सभरवाल, और सी. एम. मलिश** द्वारा संपादित, सेज प्रकाशन, नई दिल्ली

निःशुल्क प्रकाशन :

1. एम.फिल. और पी.एच.डी. पाठ्यचर्या गाईड 2017
2. एलिमेन्ट्री एजुकेशन इन इंडिया : फ्लैश स्टैस्टिक्स 2015–16
3. सेकेण्डरी एजुकेशन इन इंडिया : फ्लैश स्टैस्टिक्स 2015–16
4. स्कूल लीडरशिप डवलपमेन्ट : ए करीकुलम फ्रेमवर्क (पंजाबी संस्करण)
5. न्यूपा – एट ए ग्लान्स
6. नेशनल अवार्ड्स फार इनोवेशन इन एजुकेशनल एडमिनिस्ट्रेशन (सूचना विवरणिका)
7. सी.पी.आर.एच.ई. रिपोर्ट 2016–17
8. कुलपतियों के लिए उच्च शिक्षा में नेतृत्व विकास पर कार्यशाला हेतु सूचना विवरणिका (07–08 दिसंबर 2017)
9. सी.पी.आर.एच.ई. नीतिगत सार (1, 2 तथा 3) (अंग्रेजी संस्करण)
10. उच्च शिक्षा में वित्तपोषण में नवाचार पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी की रिपोर्ट (16–17 फरवरी 2017)
11. उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और उत्कृष्टता पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी पर विवरणिका (22–23 फरवरी 2017)
12. विश्वविद्यालय प्रशासकों के लिए उच्च शिक्षा में नेतृत्व विकास पर कार्यशाला हेतु विवरणिका (26–28 फरवरी, 2018)
13. उच्च शिक्षा में छात्र विविधता और भेदभाव पर राष्ट्रीय संगोष्ठी की रिपोर्ट (27–28 फरवरी 2017)
14. चेंजिंग पर्सपेक्टिवः नियो–लिबरल पॉलिसी रिफामर्स एंड एजुकेशन इन इंडिया (प्रो. कुलदीप माथुर) (नीपा XI स्थापना दिवस व्याख्या)
15. मानव संसाधन विकास मंत्रालय / स्कूल मानक और मूल्यांकन एकक, नीपा के प्रकाशन
    अ) शाला सिद्धि : विद्यालय स्वः मूल्यांकन हेतु निर्देशिका (अंग्रेजी संस्करण)
    ब) शाला सिद्धि : विद्यालय स्वः मूल्यांकन हेतु निर्देशिका (हिंदी संस्करण)

अन्य

इन प्रकाशनों के अतिरिक्त, नीपा ने निम्नांकित प्रकाशन प्रकाशित किये : विवरणिका (एम.फिल. तथा पी–एच. डी. कार्यक्रम) 2017–18; ईयर प्लानर 2018; शीट प्लानर 2018; डेस्क कैलेंडर 2018; नीपा कार्यक्रम हेतु प्रमाण–पत्र, ग्रीटिंग कार्ड; आईडेपा और पीजीडेपा तथा अन्य कार्यक्रमों के लिए घोषणा पत्र; राईटिंग पैड; डॉकेट फोल्डर; स्थापना दिवस तथा मौलाना आजाद शिक्षा दिवस एवं अन्य दूसरे कार्यक्रमों के लिए पोस्टर आदि।

मिमियोग्राफ प्रकाशनः समीक्षाधीन वर्ष के दौरान संस्थान ने विभिन्न अनुसंधान अध्ययनों के मिमियोग्राफ, प्रतिलिपि प्रकाशन, नीपा द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों / संगोष्ठियों की पठन सामग्री, रिपोर्टें प्रकाशित किए।

नीपा वेबसाइट को योगदान : प्रकाशन विभाग ने अपने प्रकाशनों से संबंधित निम्नांकित अद्यतन सूचनाएं अपलोड करने हेतु उपलब्ध कराई है : नीपा के समूल्य तथा निःशुल्क प्रकाशनों की वृहद सूची तथा नीपा के लिए निजी प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित पुस्तकों की सूची; जेपा के वर्तमान तथा भविष्य के अंकों के बारे में सूचना; नीपा प्रशिक्षण कार्यक्रम का कैलेंडर तथा नीपा एट ए ग्लान्स; एम.फिल और पी–एच.डी. विवरणिका; निगम ज्ञापन और नियम (नीपा); चतुर्मासी हिंदी जर्नल परिप्रेक्ष्य; नीपा समसामयिक तथा सी.पी.आर.एच.ई. आलेखों को अपलोड करना; नीपा वार्षिक रिपोर्ट (अंग्रेजी तथा हिंदी संस्करण) 2014–15, तथा डाईस प्रकाशन का वेब वर्जन इत्यादि।

नीपा में सहायता अनुदान योजना

7

नीपा में सहायता अनुदान योजना

कार्य योजना के विस्तार के रूप में राष्ट्रीय शिक्षा नीति और कार्यवाही योजना में उनकी पुनः व्याख्या के विभिन्न मानकों का क्रियान्वयन हेतु उद्देश्यों का वृहद प्रचार आवश्यक है तथा शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत गैर–सरकारी संगठनों तथा स्वैच्छिक एजेंसियों तथा सामाजिक संगठनों के साथ निकटतम सहयोग आवश्यक है। नीति के क्रियान्वयन में बेहतर समन्वयन हेतु, राष्ट्रीय तथा स्थानीय स्तर पर समर्थन व्यवस्था समेत अंतःशास्त्रीय उपागम आवश्यक है।

इस संदर्भ में ये आवश्यक हैंः (अ) देश में शैक्षिक नीतियों तथा कार्यक्रमों के प्रति वृहद जागरूकता पैदा करना, (ब) नीति उन्मुख अध्ययनों तथा संगोष्ठियों को आरंभ करना ताकि मध्य–पाठ्यक्रम सुधार, संशोधन तथा नीति हस्तक्षेपों के साथ समायोजन किया जा सके (स) अध्यापकों, छात्रों, युवाओं तथा महिलाओं और संचार माध्यमों को प्रायोजित संगोष्ठी के आयोजन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके साझा मंच प्रदान करना। (द) शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारी तथा अच्छे व्यवहार एवं सफल प्रयोग को बढ़ावा देना (य) राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा कार्य योजना की समीक्षा को सुविधाजनक बनाना।

उपरोक्त प्रयोजन के लिये, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने सहायता अनुदान कार्यक्रम कार्यान्वित किया है जिसके अंतर्गत योग्य संस्थानों तथा संगठनों को वित्तीय सहायता शिक्षा नीति के प्रबंधन तथा क्रियान्वयन पक्ष पर सीधे प्रभाव डालने वाली गतिविधियों के आधार पर प्रदान की जायेगी। इसके अंतर्गत सम्मेलनों का आयोजन, प्रभावी तथा मूल्यांकन अध्ययन, सर्वोत्तम विकल्पों पर परामर्शकारी अध्ययन, भारत सरकार को सलाह देने हेतु तथा व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने हेतु मॉडल, विडियो फिल्म इत्यादि का निर्माण सम्मिलित हैं।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने इस विश्वविद्यालय के माध्यम से यह योजना संचालित की है जो सहायता अनुदान समिति के द्वारा इसे संचालित करता है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार की सहायता अनुदान योजना के तहत विभिन्न संस्थानों से प्राप्त प्रस्तावों के मूल्यांकन तथा अनुमोदन के लिए एक समिति का गठन किया गया है। 31 मार्च, 2018 के अनुसार इस समिति के निम्नांकित सदस्य हैंः

प्रोफेसर ए.के. सिंह	–	अध्यक्ष
प्रोफेसर ए.के. शर्मा	–	सदस्य
प्रोफेसर उमा मेदुरी	–	सदस्य
प्रोफेसर एन.आर. भानुमूर्ति	–	सदस्य
प्रोफेसर नीलम सूद	–	सदस्य
प्रोफेसर कुमार सुरेश	–	सदस्य
प्रोफेसर वीरा गुप्ता	–	सदस्य
प्रोफेसर प्रमिला मेनन	–	सदस्य
प्रोफेसर के. बिस्वाल	–	सदस्य
श्री बसवराज स्वामी	–	सदस्य सचिव

सहायता अनुदान समिति ने इस योजना के अन्तर्गत अनुदान हेतु आवेदन के रिकार्ड और प्रस्तावों पर निगरानी हेतु डाटाबेस विकसित करने का निर्णय लिया। इसके अनुसार डाटाबेस तैयार किया गया और सहायता अनुदान समिति की बैठकों में प्रस्तुत किया गया।

समीक्षाधीन वर्ष 2017–18 के दौरान समिति ने निम्नांकित सहायता अनुदान की संस्तुति प्रदान की। जिसका विवरण नीचे तालिका में प्रस्तुत है :

1 अप्रैल, 2017 से 31 मार्च, 2018 की अवधि के दौरान आयोजित की गई बैठकें

क्र. सं.	संगठन का नाम	सेमिनार/सम्मेलन/अनुसंधान अध्ययन का विषय	बैठक की तिथि	स्वीकृत सहायता अनुदान राशि रू. में
1.	भारथी हैल्थ एजुकेशन एंड रूरल डवलपमेंट सोसायटी	केंद्रीय बजट 2017 में शिक्षा क्षेत्र पर मुख्य निर्णय	जीआईएसी की 35वीं बैठक 12.07.2017	3,00,000.00
2.	साई एजुकेशनल रूरल एंड अर्बन डवलपमेंट सोसायटी (एसईआरयूडीएस)	भारत में प्रत्यायनः उच्च शिक्षा में शैक्षिक उत्कृष्टता का मार्ग		3,00,000.00
3.	नवनीत फाउंडेशन	प्रारंभिक शैशवकालीन देखभाल और राष्ट्रीय शिक्षा नीति		3,00,000.00
4.	संगीता राव एजुकेशनल सोसायटी (एसआरईएस)	आरटीई अधिनियम के तहत आयु उपयुक्त प्रवेशः चुनौतियां और अवसर		3,00,000.00
5.	उर्मिला फाउन्डेशन, मधुबनी	शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधान के तहत निजी स्कूलों में कमजोर वर्ग के छात्रों को दाखिला लेने के लिए आरक्षण की समस्या और संभावनाएंः इस संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों पर विशेष ध्यान देने के साथ नीतिगत मुद्दों पर चर्चा		3,00,000.00
6.	सेंटर फॉर केटालाइजिंग कम्यूनिटी	निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा अधिनियम, 2009 में बच्चों के अधिकार का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक अंकेक्षण		3,00,000.00
7.	शिव शक्ति महिला मंडल	जीवंत कला तथा सांस्कृतिक शिक्षा विकल्प		3,00,000.00
8.	मदर सोसायटी (मिरैक्क्ल आग्रेनाइजेशन टूवार्ड्स हैल्थ एंड एजूकेशनल रेमेडिअल सोसायटी), कुरनूल	विश्वविद्यालयों और उद्योगों के बीच अंतराफलक के माध्यम से कौशल अंतराल को दूर करना	जीआईएसी की 36वीं बैठक 08.11.2017	3,00,000.00
9.	साना एजुकेशनल डवलपमेंट सोसायटी, नंदयाल, कुरनूल	प्रस्तावित उच्च शिक्षा सशक्तीकरण विनियमन एजेंसी (हीरा)		3,00,000.00
10.	कश्मीर इन्वायरमेंटल एंड सोशियल ऑग्रेनाइजेशन, बांदीपोरा, जम्मू एंड कश्मीर	कश्मीर के गुज्जर और बकरवालों के लिए शिक्षा तक पहुँच		1,50,000.00
11.	राजगिरि कॉलेज ऑफ सोशियल साइंसेज, कोचीन	परिणाम आधारित परिप्रेक्ष्य और व्यवहार सामाजिक कार्य का पुनः संयोजन		3,00,000.00
12.	जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू	भारतीय तुलनात्मक शिक्षा सोसायटी का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन। ''सम्मेलन का विषय समकालीन शैक्षिक प्रवचनों में आलोचना, सहानुभूति और कल्याण है''		5,00,000.00

क्र. सं.	संगठन का नाम	सेमिनार/सम्मेलन/अनुसंधान अध्ययन का विषय	बैठक की तिथि	स्वीकृत सहायता अनुदान राशि रू. में
13.	मणिपुर एजुकेशनल डवलपमेंट एंड रिसर्च एसोसिएशन, इम्फाल–पश्चिम मणिपुर	उच्च शिक्षा में महिलाएँः मुद्दे और चुनौतियां	जीआईएसी की 36वीं बैठक 08.11.2017	2,19,780.00
14.	वाटर, एग्रीकल्चरल, टैक्नोलॉजिकल, इन्वायरमेंटल एंड रिर्सोस, हैदराबाद, तेलंगाना	स्कूलों में लड़कियों की उपस्थिति और छोड़ने की घटती दर को सुधारने में स्वच्छ विद्यालय योजना की भूमिका		3,00,000.00
15.	इंडियन एकेडमी ऑफ सोसियल साइंसेज, इलाहाबाद	XLI भारतीय सामाजिक विज्ञान कांग्रेस विषयगत प्रस्तावनाः भारतीय विश्वविद्यालय शिक्षा प्रणालीः एक महत्वपूर्ण मूल्यांकन		5,00,000.00
16.	ऑल इंडिया काउंसिल फॉर मास एजुकेशन एंड डवलपमेंट (एआईसीएमईडी) पटौटोला लेन, कोलकाता	आजीवन सीखने के संदर्भ में व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण और विकास		3,00,000.00
17.	गार्गी कॉलेज, यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली, नई दिल्ली	नव–उदारवाद कॉल में नीतिगत परिवर्तनः मुख्य सरोकार तथा महत्वपूर्ण विषय		2,50,000.00
18.	सोसायटी फॉर डिसेबिलिटी एंड रिहाबिलिटेशन स्टडीज, नई दिल्ली	भारतीय विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा के लिए विकलांगता अध्ययन पर एक मॉडल पाठ्यक्रम विकसित करना		3,00,000.00
19.	इंडियन हिस्ट्री कांग्रेस, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली	भारतीय इतिहास कांग्रेस का 78वाँ सत्र		3,00,000.00
20	हूमन एंड रूरल इंटिग्रेशन फॉर टकनीकल एक्शन (एचएआरआईटीए), अनंतपुर	स्वयम प्रभा– उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए निःशुल्क डीटीएच चैनलः चुनौतियाँ और सुझाव	जीआईएसी की 37वीं बैठक 16.02.2018	2,70,000.00
21.	वोलंटरी इंटिग्रेटेड डवलपमेंट सोसायटी, अनंतपुर	स्कूलों में विज्ञान शिक्षाः मुद्दे और चुनौतियाँ		3,00,000.00
22.	नेहरू युवाजन सेवा संघम (एनवाइएसएस), चित्तूर	21वीं सदी की गुणवत्ता शिक्षा के लिए शिक्षक शिक्षा में नए प्रतिमान।		2,70,000.00
23.	सेंटर फॉर एजुकेशनल एंड सोशियल स्ट्डीज (सीईएसएस), बंगलौर	भारत में राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में स्नातक शिक्षा का कायाकल्प।		3,00,000.00
24.	वूमन एंड इन्वायरमेंट डवलपमेंट सोसायटी (डब्ल्यूईडीएस), कोप्पल	साक्षर भारतः प्रौढ़ शिक्षा में प्रयासों में वृद्धि को बनाए रखना		2,70,000.00
25.	मोलेक्यूलर वैलफेअर सोसायटी, ग्वालियर	अधिगम की समस्या		3,00,000.00
26.	हूमन रिसोर्स एंड इकोनोमिक डवलपमेंट, पश्चिम इम्फाल, मणिपुर	उत्तर पूर्व भारत में उच्च शिक्षा– अवसर और चुनौतियां।		2,33,000.00
27.	मिजोरम विश्वविद्यालय, आइजोल, मिजोरम	शांति, मानवाधिकार और सहिष्णुता के लिए शिक्षा		3,00,000.00

क्र. सं.	संगठन का नाम	सेमिनार/सम्मेलन/अनुसंधान अध्ययन का विषय	बैठक की तिथि	स्वीकृत सहायता अनुदान राशि रू. में
28.	प्रतीक्षा, नुआपाड़ा	ओडिशा के नुआपाड़ा में निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत पात्र और पलायन करने वाले बच्चों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना।	जीआईएसी की 37वीं बैठक 16.02.2018	2,85,800.00
29.	सुरक्षा, गजपति	भारत के आदिवासी जिलों, गजपति, ओडिशा के स्कूल प्रबंधन समिति के प्रभावी कामकाज के लिए लंजिया–सौरा जनजाति (विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों) के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के मुद्दे, चुनौतियाँ और संभावित रणनीतियाँ।		2,78,650.00
30.	रूरल ऑर्गनाइजेशन फॉर सोशल एम्पावरमेंट (आरओएसई), हैदराबाद, तेलंगाना	राष्ट्रीय शैक्षणिक डिपॉजिटरी योजना और आगे की ओर जागरूकता के लिए सम्मेलन।		3,00,000.00
31.	अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़,	सतत मानव विकास के लिए मानसिक स्वास्थ्य।		4,34,000.00
32.	द इंडियन इकोनोमेट्रिक सोसाइटी (TIES), नई दिल्ली	टीआईईएस का 54वाँ वार्षिक सम्मेलन		3,00,000.00
		वर्ष 2017–18 के दौरान कुल राशि स्वीकृत		**₹ 96,61,230.00/–**

8

प्रशासन और वित्त

प्रशासन और वित्त

प्रशासन

संस्थान के पास हाउसकीपींग तथा सुरक्षा सेवाओं के लिये बाह्य सेवा–स्रोतों के अतिरिक्त निम्नांकित स्वीकृत पद हैं।

प्रशासन तथा अकादमिक एंव तकनीकी समर्थन सेवाएं प्रशासन के कार्य के अनुसार स्थापित अनुभागों द्वारा नियंत्रित तथा समन्वित की जाती हैं।

इसके अनुभाग कार्यकलापों के अनुसार स्थापित किये गए हैं जिन्हें संगठनात्मक आरेख में प्रदर्शित किया गया है। संस्थान में स्वीकृत पदों के अलावा विभिन्न अकादमिक और अनुसचिवीय पदों पर 70 परियोजना कर्मचारी और अधिकारी कार्यरत हैं।

बाह्य संवर्ग पद	**संख्या**
कुलपति	01
कुलसचिव	01
संवर्ग पद	
संकाय (कुलपति, प्रोफेसर, सह–प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर)	42
अकादमिक समर्थन स्टाफ़	11
प्रशासन, वित्त, सचिवीय तथा अन्य तकनीकी स्टाफ	70
सहायक स्टाफ (एम.टी.एस.)	37
कुल	162

समीक्षाधीन वर्ष 2017–18 के अंतर्गत, निम्नांकित नियुक्तियां/सेवानिवृत्तियां की गईं।

सेवानिवृत्तियां

समूह 'ए'

क्र.सं.	नाम	पद	सेवानिवृत्ति की तिथि
1.	प्रो. जांध्याला बी.जी. तिलक	प्रोफेसर	31.05.2017
2.	प्रो. नलिनी जुनेजा	प्रोफेसर	31.07.2017
3.	प्रो. नीलम सूद	प्रोफेसर	31.01.2018
4.	श्री बसवराज स्वामी	कुलसचिव	08.03.2018

समूह 'सी'

क्र.सं.	नाम	पद	सेवानिवृत्ति की तिथि
1.	श्री सुन्दर लाल	चालक	30.04.2017
2.	श्रीमती रम्भा कुमारी	आशुलिपिक ग्रेड–I	30.04.2017
3.	श्रीमती नीलम मुतरेजा	सहायक	30.04.2017
4.	श्री पदम सिंह बिष्ट	डी.ई.ओ.–सी	30.04.2017
5.	श्रीमती जसविन्दर कौर	अ.श्रे. लिपिक	31.07.2017
6.	श्रीमती संतोष कुमारी	आशुलिपिक ग्रेड–I	31.07.2017
7.	श्रीमती अनीता कपूर	सहायक	28.02.2018

नई नियुक्ति

क्र.सं.	नाम	पद	नियुक्ति की तिथि
1.	प्रो. एन.वी. वर्गीज	कुलपति	07.12.2017

वित्त तथा लेखा विभाग

नीपा में वित्त तथा लेखा सेवाएं लेखा अनुभाग द्वारा संचालित की जाती हैं जिसका अध्यक्ष वित्त अधिकारी होता है जिसके अंतर्गत अनुभाग अधिकारी, लेखाकार और कार्यालय के आठ सदस्य तथा अनुसचीवीय स्टाफ होता है। यह अनुभाग बजट की तैयारी, मासिक वेतन तथा पेंशन बिल, अन्य व्यक्तिगत प्रतिपूर्ति जैसे चिकित्सा, एल.टी.सी. बिल, अग्रिम इत्यादि, वस्तुओं की खरीद के लिये बिल भुगतान प्रक्रिया, कार्य, संविदा इत्यादि, पूर्व लेखा परीक्षा, बाह्य परीक्षा के साथ समन्वयन तथा वित्त तथा लेखा से जुड़े अन्य मसलों के लिये उत्तरदायी होता है।

यह सभी वित्तीय मसलों पर समयबद्ध परामर्श देता है तथा वित्तीय भागीदारी, लेखा बयान, उपयोगिता प्रमाण–पत्र इत्यादि हेतु सभी प्रस्तावों के परीक्षण हेतु प्रभावी सहायता प्रदान करता है। वित्त अधिकारी वित्त समिति का सदस्य सचिव होता है जो विश्वविद्यालय के वित्त, निर्देशन तथा विभिन्न श्रेणियों के लिये व्यय की सीमा तय करता है। पिछले पांच वर्षों में मंत्रालय से प्राप्त अनुदान निम्नांकित है :

प्राप्त अनुदान का व्यौरा (2013–2018) (रु. लाख में)

क्र. सं.	शीर्ष	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
1.	सहायता अनुदान (योजना)	1185.00	1206.97	1425.28	1010.87	26.12.95
	सहायता अनुदान (योजनेतर)	1415.00	1511.60	1769.80	1816.11	
	आंतरिक प्राप्तियां	102.81	71.75	131.70	74.47	59.32
	योग	**2702.81**	**2790.32**	**3326.78**	**2901.45**	**2672.27**

2.	व्यय (योजना)	1,272.97	1239.00	1239.97	1078.42	2956.09
	व्यय (योजनेतर)	1441.86	1643.35	1690.36	1721.81	
	योग	**2714.83**	**2882.35**	**2930.33**	**2800.23**	–

3.	आंतरिक प्राप्तियां व्यय के प्रतिशत के रूप में	1%	1%	1%	1%	2%

4.	सहायता अनुदान व्यय का प्रतिशत	100%	100%	100%	100%	100%

उपरोक्त तालिका से यह देखा जा सकता है कि वर्ष 2013–14 से 2017–18 के दौरान सहायता अनुदान में व्यापक रूप से वृद्धि हुई है और इसी अनुपात में इसका व्यय भी बढ़ा है। इससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि नीपा अपनी मुख्य गतिविधियों को पर्याप्त महत्व दे रहा है।

राजभाषा कार्यान्वयन/ हिंदी कक्ष

हिंदी कक्ष

हिंदी कक्ष अनुवाद की सुविधा के माध्यम से अनुसंधान प्रशिक्षण और प्रशासन में अकादमिक सहायता प्रदान करता है। यह कक्ष विभिन्न प्रकाशनों के हिंदी संस्करण प्रकाशित करने के साथ–साथ राजभाषा नीति के क्रियान्वयन में भी सहायता प्रदान करता है।

विश्वविद्यालय के हिंदी कक्ष द्वारा वर्ष 2017–18 के दौरान रोजमर्रा के कार्यों के अलावा निम्नलिखित महत्वपूर्ण कार्य किए गएः

(क) हिंदी में प्रगामी प्रयोग के लिए विश्वविद्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चार बैठकें आयोजित की गईं।

(ख) शैक्षिक योजना और प्रशासन के सामाजिक–आर्थिक संदर्भ से संबंधित हिंदी जर्नल परिप्रेक्ष्य के दो अंक प्रकाशित किए गये।

(ग) हिंदी में निम्नलिखित सामग्री का अनुवाद करके उन्हें प्रकाशन के लिए तैयार किया गयाः

(i) वार्षिक रिपोर्ट : 2016–17

(ii) प्रशिक्षण कार्यक्रम : 2016–17

(iii) हैंडबुक, पाठ्यचर्या तथा अनेक शोध उपकरणों का हिंदी अनुवाद

(iv) परिपत्रों, पत्रों, अधिसूचनाओं, नोटिस, कार्यालय ज्ञापनों आदि का हिन्दी अनुवाद

(घ) हिंदी दिवस समारोह : हिंदी दिवस के उपलक्ष में निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गएः

(i) हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में 14–28 सितम्बर 2017 के दौरान हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस दौरान अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए। हिंदी पखवाड़े 2017 के दौरान हिंदी निबंध प्रतियोगिता, हिंदी प्रारूपण और टिप्पण प्रतियोगिता, हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता, हिंदी टाइपिंग प्रतियोगिता, हिंदी प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुल संस्थान के 15 अधिकारी और कर्मचारियों को प्रशिक्षत किया गया। इसके अतिरिक्त वर्ग 'क' के कर्मचारियों के लिये हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

(ii) हिंदी कक्ष ने योग और स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया।

(ङ) एनसीएसएल, सीपीआरएचई तथा शाला सिद्धि के लिए प्रशिक्षण सामग्री का हिंदी अनुवाद।

अनुलग्नक

संकाय का अकादमिक योगदान

अनुलग्नक

संकाय का अकादमिक योगदान

शैक्षिक योजना विभाग

पी. गीता रानी

प्रो. पी. गीता रानी, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय (राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली से प्रतिनियुक्ति पर)।

जर्नल्स में प्रकाशन

गीता रानी, पी. (2017), डिटर्मिनेंट्स ऑफ इंटरेस्ट सब्सिडी ऑन एजुकेशन लोन्स इन इंडियाः हू गेन्स एंड हू लोसेज? (सह–लेखक) जर्नल ऑफ मैनेजमेंट एंड पब्लिक पॉलिसी, अंक. 9, संख्या1, 2017, पृ. 17–30.

गीता रानी, पी. (2017), एजुकेशन लोन्स एंड फाइनेंसिंग हाइयर एजुकेशन इन इंडियाः ट्रेंड्स, ड्राइविंग फोर्सेज एंड डिस्टोर्संस, आईएएसएसआई क्वार्टर्ली कंट्रीब्यूशन्स टु सोशल साइन्सेजः शिक्षा और विकास पर विशेष अंक, 2017, 36 (2 और 3), पीपी. 152–173.

गीता रानी, पी. (2017), फाइनेंसिंग हायर एजुकेशन एंड एजुकेशन लोन्स इन इंडियाः इंटरस्टेट डिफरेंसियल्स एंड डिटर्मिनेंट्स, जर्नल ऑफ सोशल एंड एकोनोमिक डेवलपमेंट, 2017, 19 (1), 42–59 स्प्रिंगर.

संपादित संस्करणों में अध्याय

"क्रेडिट मार्केट्स इन इंडियाः द केस ऑफ एजुकेशन लोन इन डेवेप्लोपिंग ए क्रेडिट मार्केट फॉर हायर एजुकेशन इन इंडिया" नामक अध्याय (सं.) एम. एम. अंसारी; सिद्धार्थ सोनवत; शाश्वती घोष, यस ग्लोबल इंस्टीट्यूट, यस बैंक, 2017.

यूथ डेवलपमेंट रिपोर्ट, 2016, आरजीआईवाईडी, श्रीपेरंबुदूर, आगामी, 2017 की तैयारी के लिए "डेवलपमेंट ऑफ यूथ एजुकेशन इन इंडियाः पैटर्न एंड प्रोस्पेक्ट्स" नामक अध्याय का योगदान दिया।

आयोजित की गईं सम्मेलन, संगोष्ठी, कार्यशालाएँ और प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसी व्यावसायिक विकास गतिविधियाँ

प्रो. पी. गीता रानी, अर्थशास्त्र विभाग, तमिलनाडू केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा 17–18 जनवरी, 2018 को आयोजित 'मद्रास स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, तमिलनाडू केंद्रीय विश्वविद्यालय का संयुक्त संकाय संगोष्ठी।

वर्ष 2017–2018 के लिए प्रो. पी. गीता रानी, अर्थशास्त्र विभाग, तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विद्यार्थी संगोष्ठी।

वर्ष 2017–2018 के लिए प्रो. पी. गीता रानी, अर्थशास्त्र विभाग, तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पीएचडी. शोध समीक्षा संगोष्ठी।

वर्ष 2016–2018 बैच के लिए प्रो. पी. गीता रानी, अर्थशास्त्र विभाग, तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एमए शोध प्रबंध संगोष्ठी।

संकाय विकास कार्यक्रम (यूजीसी–एचआरडीसी पाठ्यक्रम), सम्मेलन, संगोष्ठी, कार्यशालाएँ आदि में संकाय भागीदारी, विवरण सहित

एआईबीओसी (AIBOC) द्वारा टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (TISS), चेम्बूर, मुंबई में 24–25 मई, 2017 को आयोजित पीपल्स पार्लियामेंट फॉर डेव्लपमेंट के परामर्श पर 'रिसेंट डिकेड्स ऑफ क्रेडिट एंड डेव्लपमेंट' नामक पैनल डिस्कशन में पैनलिस्ट।

सामाजिक विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा 17–18, जून, 2017 को इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित इंक्लूसिव क्वालिटी एजुकेशनः टूवर्ड्स सुसटेनेबल्ल डेव्लपमेंट गोल 4" नामक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन मे ''पैटर्न ऑफ एनरोलमेंट इन स्कूल इजुकेशन इन इंडियाः पोसिबल इंटरफेस ऑन इंक्लूसिव क्वालिटी एजुकेशन" में सहभागिता।

राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (एनएएसी), बैंगलोर में 21–22 मार्च, 2018 के दौरान आयोजित होने वाले मूल्यांकनकर्ताओं अभिविन्यास कार्यक्रम में सहभागिता हेतु आमंत्रण।

अर्थशास्त्र विभाग, भतिृहार विश्वविद्यालय, कोयंबटूर, तमिलनाडु द्वारा 22–24 जनवरी, 2018, आयोजित 'रिसर्च मेथोडोलॉजी फॉर सोशल साइन्सेज' "डाटा एनालिसिस युसिंग लार्ज स्केल सर्वेज – कोरिलेशन एंड रिग्रेशन" नामक कार्यशाला में सहभागिता।

आरडी फाउंडेशन सेंटर फॉर रिसर्च इन इकोनॉमिक्स एंड सोशल डेवलपमेंट (आरडी सीआरईएसडी) एवं अर्थशास्त्र विभाग, पेरियार विश्वविद्यालय, सेलम, तमिलनाडु द्वारा 18–20 जनवरी, 2018 को आयोजित 'कम्प्यूटिंग मेथ्ड्स इन सोशल साइंस रिसर्च' कार्यशाला में 'डाटा एनालिसिस युसिंग लार्ज स्केल सर्वे' शीर्षक पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम के शीर्षक, आयोजक, तिथियां, स्तर (राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय) के विवरण सहित संगोष्ठी/सम्मेलनों में प्रस्तुत किए गए प्रपत्र आदि।

2 मार्च, 2018 को पीजी एंड रिसर्च डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक्स, ए. वी. सी. कॉलेज (स्वायत्त), मयिलादुदुरै द्वारा 'आर्थिक विकास और वृद्धि' पर यूजीसी–सहयोगित अतिथि व्याख्यान श्रृंखला की एक विशेष बातचीत देने के लिए आमंत्रित किया गया।

23 फरवरी, 2018 को वीपीएन महल, नागपट्टनम में तमिलनाडु सरकार के अर्थशास्त्र और सांख्यिकी विभाग द्वारा आयोजित "डेटा साझाकरण" पर क्षेत्रीय स्तर के सम्मेलन में "डाटा शेयरिंगः प्रिलिमिरी रिफ्लेक्सन" पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

गोवा विश्वविद्यालय, गोवा में 11–12 सितंबर, 2017 को आयोजित एनएसएसओ के 70 वें और 71वें दौर के दौरान विषय से संबंधित परिणामों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'हाउसहोल्ड एक्स्पेंडीचर ऑन हायर एजुकेशन इन इंडियाः वॉट डू वी नो एंड वॉट डू रिसेंट डाटा हैव टु से?'' नामक एक संयुक्त पत्र प्रस्तुत किया।

अर्थशास्त्र विभाग, गांधी ग्राम ग्रामीण संस्थान, में 18 दिसंबर, 2017 को 'डिमॉनेटाइजेशन टू जीएसटी' विषय की एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'डिमॉनेटाइजेशन टू जीएसटी : पाथ टु ग्रोथ' नामक पत्र प्रस्तुत किया।

भारतीय आर्थिक संघ के शताब्दी वर्ष में उच्च और व्यावसायिक शिक्षा विभाग, नीपा, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 7–8 सितंबर, 2017 को ''फ्यूचर ऑफ हायर एजुकेशन'' नामक राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'एजुकेशन लोन एंड फाइनेंसिंग हायर एजुकेशनः द स्टाइलाइज्ड फैक्ट्स' नामक एक पत्र प्रस्तुत किया।

अर्थशास्त्र विभाग, पांडिचेरी विश्वविद्यालय, पांडिचेरी द्वारा आयोजित 10–11 अप्रैल, 2017 को 'ग्लोबलाइजिंग द फायनेंस' पर राष्ट्रीय सम्मेलन में अध्यक्षता करने के लिए आमंत्रित किया गया।

मद्रास स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स तथा अर्थशास्त्र विभाग, तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय की संयुक्त संकाय संगोष्ठी, 17–18 जनवरी, 2018 को 'डिपार्टमेंट ऑफ हायर एजुकेशन इन इंडियाः डिफरेंशियल एंड डिसेंटेंट्स' नामक एक प्रपत्र प्रस्तुत किया।

एन.के. मोहंती

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों और सम्मेलनों में भागीदारी

23 फरवरी, 2018 को नीपा, नई दिल्ली में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लेबर इकोनॉमिक्स, रिसर्च एंड डेवलपमेंट (एनआईएलईआरडी) के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों की यात्रा को समन्वित किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम/आयोजित/संचालित कार्यशालाएँ

17–21 जुलाई, 2017 ओडिशा के भुवनेश्वर में ओडिशा के शिक्षक शिक्षा संस्थानों (टीईआइ) के प्रमुखों के लिए शिक्षक शिक्षा की योजना पर प्रो. एस.एम.आई.ए. जैदी और प्रो. के. बिस्वाल के साथ क्षमता निर्माण कार्यक्रम का डिजाइन निर्माण और संचालन।

21–25 अगस्त, 2017 को नीपा, नई दिल्ली में स्कूल शिक्षा कार्यक्रमों की योजना और निगरानी पर एस.एम.आई.ए. जैदी और प्रो. के. बिस्वाल के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम (पूर्वोत्तर राज्यों के अलावा सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए) का डिजाइन निर्माण और संचालन।

04–08 सितंबर, 2017 को गुवाहाटी, असम में पूर्वोत्तर प्रदेशों के लिए स्कूल शिक्षा कार्यक्रमों की योजना और निगरानी पर एस.एम.आई.ए. जैदी और प्रो. के. बिस्वाल के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का डिजाइन निर्माण और संचालन।

29 जनवरी से 02 फरवरी, 2018 को गंगटोक, सिक्किम में एससीईआरटी एवं डीआईईटी के संकाय के लिए योजना और रिसर्च प्रोजेक्ट्स डिजाइनिंग पर डॉ सुमन नेगी के साथ प्रशिक्षण प्रोग्राम का डिजाइन निर्माण एवं संचालन।

प्रशिक्षण सामग्री/पाठ्यक्रम निर्माण/संचालन

प्रो. के. बिस्वाल के साथ एम. फिल/पीएचडी कार्यक्रम, 2017–19 के लिए वैकल्पिक पाठ्यक्रम सं. सीसी–6 (एडवांस्ड प्लानिंग टेक्निक्स इन एजुकेशन) का संचालन।

पाठ्यक्रम समन्वयक के रूप में, फरवरी 2018 में आईडेपा पाठ्यक्रम संख्या 204ः एजुकेशनल प्लानिंग का संचालन किया।

पाठ्यक्रम संख्या 205ः मेथडोलोजी एंड टेक्निकस ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग में पद्धति और तकनीक के संचालन हेतु मार्च 2018 में सम्बद्ध।

पाठ्यक्रम समन्वयक के रूप में, सितंबर–नवंबर 2017 के दौरान पीजीडेपा पाठ्यक्रम संख्या 903ः एजुकेशनल प्लानिंगः कांसेप्ट, टाइप्स एंड अप्रोचेज का संचालन किया।

शैक्षिक योजना के साथ काम करने वाले नीपा के कई अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों और पाठ्यक्रमों से संबद्ध।

एस.एम.आई.ए. जैदी के साथ अगस्त 2017 में क्षेत्र निदान पर मिथ्याअभ्यासः प्रवेश और भागीदारी के संकेतक का निर्माण।

एस.एम.आई.ए. जैदी के साथ अगस्त 2017 क्षेत्र निदान पर मिथ्याअभ्यासः आंतरिक दक्षता के संकेतक का निर्माण।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, यूजीसी, राज्य सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संगठन और राष्ट्रीय संस्थानों के लिए महत्वपूर्ण परामर्श तथा सलाहकार सेवाएँ

आरएमएसए, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार फ्रेमवर्क और निगरानी दस्तावेजों को तैयार करने और अंतिम रूप देने में योगदान (प्रो. के. बिस्वाल के साथ)। एसईएमआईएस 2009/10 और यूडीआईएसई 2016–17 डेटा के विश्लेषण के आधार पर आरएफडी में सभी संकेतक आँकड़ों के लिए 2016–17 डेटा प्रदान किया गया। साथ ही, माध्यमिक शिक्षा उप–क्षेत्र में आरएमएसए और अन्य संबंधित मध्यवर्तनों के कार्यान्वयन

के कारण पिछले रुझानों के विश्लेषण और संभावित भविष्य के परिवर्तनों के आधार पर आरएफडी में प्रत्येक संकेतक आँकड़ों के लिए लक्ष्य प्रदान किए। इसने मानव संसाधन विकास मंत्रालय को आरएमएसएमें प्रगति की निगरानी के लिए दाताओं को आरएफडी के साथ बातचीत करने में सक्षम बनाया। इसके अलावा 4 राज्यों के आरएफडी विकसित कर 8वें जेआरएम को प्रदान किए।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आरएमएसए के कार्यान्वयन की सुविधा के लिए आरएमएसए के तहत राज्य और जिला माध्यमिक शिक्षा योजनाओं (परिप्रेक्ष्य और एडबल्यूपी–बी) की तैयारी के लिए विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तकनीकी सहायता प्रदान की।

मई 2017 से फरवरी 2018 के दौरान मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली में आयोजित आरएमएसए की विभिन्न परियोजना अनुमोदन बोर्ड बैठकों में भाग लिया।

अन्य शैक्षणिक और व्यावसायिक योगदान

श्री लियेलो एपॅान, उप–प्राचार्य, जॉन गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, विस्वेमा, जाखना, कोहिमा, कोहिमा, नागालैंड के डीआईपीए 2016 के शोध प्रबंध 'ए स्टडी ऑफ द टीचर मैनेजमेंट इन द कम्पोजीट गवर्नमेंट हायर सेकंडरी स्कूल इन कोहिमा डिस्ट्रिक्ट, नागालैंड" का पर्यवेक्षण एवं मूल्यांकन किया।

अफगानिस्तान सरकार के आईएआरसीएससी के प्रशासनिक अधिकारी श्री ओबैदुल्लाह रहीमी द्वारा आईडीएपीए 2016 के शोध प्रबंध 'ए स्टडी ऑफ गोवेर्नेंस एंड मैनेजमेंट ऑफ स्कूल एजुकेशन इन अफगानिस्तान" का पर्यवेक्षण।

एम.फिल/पीएचडी प्रवेश समिति के सदस्य के रूप में, एम.फिल/पीएचडी कार्यक्रम 2017–19 में प्रवेश के लिए आवेदनों आदि से संबंधित अन्य गतिविधियों में सहायता की।

एम.फिल/पीएचडी प्रवेश कार्यक्रम 2017–19 के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा को संपन्न कराने में सहायता की।

शोध अध्ययन

तमिलनाडु और ओडिशा में आरएमएसएके तहत जिला माध्यमिक शिक्षा योजना के विकास पर एक्शन रिसर्च प्रोजेक्ट का उपक्रम। इन दो सैंपल राज्यों में आरएमएसए के राज्य परियोजना कार्यालयों के साथ बातचीत के बाद, हमारी (प्रो. एसएमआईए जैदी, प्रो. के. बिस्वाल सहित) परियोजना टीम इन दो राज्यों के सहयोग से अनुसंधान परियोजना को लागू किया। हमने पहले ही कई राज्य और जिला स्तर की कार्यशालाएँ आयोजित की हैं और प्रासंगिक डेटा और जानकारी एकत्रित की हैं। परियोजना के चरण–1 की डेटा विश्लेषण और तैयारी पूरी हो गई है। चरण–2 में, तमिलनाडु और ओडिशा में सैंपल जिलों की एक्शन रिसर्च टीमें मॉडल जिला माध्यमिक शिक्षा योजनाओं को विकसित करने में लगी हुई थीं। नीतिगत अस्थिरता (यानी आरएमएसए और एसपीओ के एसपीडी के लगातार स्थानांतरण और जिला स्तर पर एक्शन रिसर्च टीम के सदस्यों के लगातार स्थानांतरण) के कारण मॉडल जिला माध्यमिक शिक्षा योजनाओं को विकसित होने में दो साल से अधिक का समय लगा। 2016 में, मॉडल डीएसईपी को चेन्नई और भुवनेश्वर में राज्य स्तरीय कार्यशालाओं में प्रस्तुत किया गया तथा जिला कार्य अनुसंधान टीमों को राज्य स्तरीय कार्यशालाओं से प्राप्त टिप्पणियों और सुझावों के मद्देनजर योजनाओं को संशोधित करने के लिए कहा गया। तमिलनाडु और ओडिशा के सभी चार सैंपल जिलों के अनुसंधान दल अपने आदर्श जिला माध्यमिक शिक्षा योजनाओं को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं।

'पब्लिक–प्राइवेट मिक्स इन सेकेंडरी इजुकेशन इन इंडियाः साइज, इन–स्कूल फाइसिलिटीज एंड इंटेक प्रोफाइल' प्रोजेक्ट प्रगति पर है। अब तक, संबंधित साहित्य की समीक्षा कर ली गई है; यू–डीआईएसई और अन्य स्रोतों से माध्यमिक डेटा और जानकारी भी एकत्र कर ली गई है। डेटा विश्लेषण और रिपोर्ट लेखन प्रगति पर है। चरण–1 अक्टूबर 2018 तक पूरा होने की उम्मीद है।

दिसंबर 2017 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के लिए अल्पसंख्यक संस्थानों (आईडीएमआई) की योजना में

अवसंरचना विकास के कार्यान्वयन के मूल्यांकन पर एक शोध अध्ययन पूरा किया।

सुमन नेगी

प्रकाशन

प्रकाशित शोध पत्र/आलेख

अंडरस्टैंडिंग इजुकेशनल आउट–माइग्रेशनः ए केश स्टडी ऑफ हिमाचल प्रदेश, रिसर्च मोनोग्राफ श्रृंखला, डायस्पोरा और ट्रांसनेशनलिज्म पर वैश्विक अनुसंधान फोरम, अंक 3, संख्या 1, जनवरी 2017, पृ. 1–16।

संगोष्ठी/सम्मेलनों में सहभागिता

18–19 अप्रैल, 2017 को विश्व बैंक कार्यालय लोदी एस्टेट, नई दिल्ली द्वारा आयोजित दो–दिवसीय कार्यशाला 'ओपन डाटा एंड नॉलेज फॉर ट्रांसपरेंसी, एडवोकेसी एंड रिसर्च' में सहभागिता।

12 मार्च, 2018 को ग्लासगो विश्वविद्यालय, यूके के सहयोग से सेंटर फॉर स्टडी ऑफ रीजनल डेवलपमेंट, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 'द यूज ऑफ क्रॉस–सेक्शनल डाटा लिंकेज टू इन्फॉर्म एनालिसिस ऑफ द सोशल डिटर्मिनेंट्स इन हेल्थ इन लो एंड मिडल–इन्कम कोंटरीज' कार्यशाला में अध्यक्षता की।

कार्यशाला/सम्मेलन/प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन

17–28 दिसंबर, 2017 को दो सप्ताह की एम.फिल कार्यशाला 'यूज ऑफ सॉफ्टवेयर अप्लीकेशन इन एजुकेशनल रिसर्च' का समन्वय किया।

17 अगस्त, 2018 को नीपा, नई दिल्ली पर समन्वित श्रम अर्थशास्त्र, अनुसंधान और विकास के राष्ट्रीय संस्थान (एनआईएलईआरडी) के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों की यात्रा का समन्वय किया।

29 जनवरी से 02 फरवरी, 2018 के दौरान गंगटोक, सिक्किम में एससीईआरटी और सिक्किम के संकायों के लिए योजना और डिजाइनिंग अनुसंधान परियोजनाओं के प्रशिक्षण प्रोगाम का समन्वय।

23 फरवरी, 2018 को नीपा, नई दिल्ली पर समन्वित श्रम अर्थशास्त्र, अनुसंधान और विकास के राष्ट्रीय संस्थान के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों की यात्रा का समन्वय किया।

रिपोर्ट अवधि में प्रशिक्षण और पाठ्यक्रम सामग्री विकास/संचालन

प्रशिक्षण सामग्री विकास

परिपत्र – स्टेटस ऑफ स्कूल एजुकेशन इन सिक्किमः डेव्लपमेंट, इसूज, एंड चौलेंजेज एससीईआरटी और डीआईईटी फरवरी 2017 के संकाय हेतु अनुसंधान परियोजनाओं की योजना बनाने और डिजाइन करने के लिए प्रशिक्षण सामग्री के हिस्से के रूप में स्थिति पत्र।

पाठ्यक्रम संचालन

एम.फिल. शैक्षिक योजना पर पाठ्यक्रम, अनिवार्य पाठ्यक्रम (सीसी–6)

शैक्षिक अनुसंधान में सॉफ्टवेयर अनुप्रयोग के उपयोग पर एम.फिल. कार्यशाला

पीजीडेपा पाठ्यक्रम संख्या 903ः शैक्षिक योजना

पीजीडेपा शैक्षिक योजना पर उन्नत पाठ्यक्रम

आईडेपा पाठ्यक्रम नं. 204ः शैक्षिक योजनाः अवधारणा, प्रकार और दृष्टिकोण

आईडेपा पाठ्यक्रम संख्या 205ः शैक्षिक योजना की पद्धति और तकनीक

आईडेपा पाठ्यक्रम नं 206ः शैक्षिक योजना में मात्रात्मक तकनीकों का उपयोग

अन्य पाठ्यक्रमों/कार्यक्रमों में संसाधन व्यक्ति

नीपा, नई दिल्ली में 21–25 अगस्त, 2017 को स्कूल शिक्षा कार्यक्रमों की योजना और निगरानी पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम (पूर्वोत्तर राज्यों के अलावा सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए)।

पूर्वोत्तर राज्यों के लिए गुवाहाटी, असम में 04–08 सितंबर 2017 को स्कूल शिक्षा कार्यक्रमों की योजना और निगरानी पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम।

नीपा, नई दिल्ली में 17–28 दिसंबर, 2017 के दौरान 'क्वालिटेटिव रिसर्च मेथड्स इन एजुकेशन' पर ओरिएंटेशन कार्यशाला।

आईडेपा पाठ्यक्रम – अनुसंधान प्रविधि एवं सांख्यिकी, फरवरी 2018।

शोध अध्ययन (पूर्ण)

दिसंबर 2017 में मानव संसाधन विकास मंत्रालयके लिए 'एवाल्यूशन ऑफ द इम्प्लीमएंटेशन ऑफ द इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्लपमेंट इन माइनॉरिटी इंस्टीट्यूशन (IDMI) स्कीम' पर एक शोध अध्ययन पूरा किया।

पर्यवेक्षण और मूल्यांकन

क्षेत्रीय विकास अध्ययन केंद्र, सामाजिक विज्ञान स्कूल, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में जमा किए गए एम.फिल. शोध प्रबंध 'ग्रोथ ऑफ अरबनाइजेशन इन उदयपुर डिस्ट्रिक्टः ए केस स्टडी ऑफ टूरिजम डेव्लपमेंट इन उदयपुर सिटी' का मूल्यांकन किया।

सुश्री आयशा रहमान द्वारा प्रस्तुतः एम.फिल. शोध प्रबंध 'स्कूल कंसोलिडेशन एंड इट्स इम्पैक्ट ऑन स्टूडेंटसः एन अनालिसिस ऑफ द राजस्थान स्कूल मर्जर पॉलिसी' को निर्देशित किया।

म्यांमार से सुश्री एई फू द्वारा प्रस्तुत आईडेपा शोध प्रबंध 'ए स्टडि ऑन द रिपिटेशन रेट्स इन ग्रेड–XI एट द अपर सेकंडरी लेवलः ए केस स्टडि ऑफ मोन स्टेट, म्यांमार' को निर्देशित किया।

अरुणाचल प्रदेश से श्री लिमर भोजेद्वारा प्रस्तुत पीजीडेपा शोध प्रबंध 'ए स्टडि ऑफ टीचर मैनेजमेंट अंडर राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (आरएमएसए) इन पापुम पारे डिस्ट्रिक्ट ऑफ अरुणाचल प्रदेश' को निर्देशित किया।

रिपोर्ट अवधि में सार्वजनिक निकायों को परामर्श और शैक्षणिक सहयोग

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अनुरोध पर, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के 'इम्प्लीमेंटेशन ऑफ द इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्लपमेंट इन मैनोरिटी इन्सटीट्यूशन (आईडीएमआई) स्कीम' के मूल्यांकन अध्ययन का एक हिस्सा रहा।

अन्य शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योगदान

एम.फिल. एवं पी.एच.डी. कार्यक्रम के लिए एक संचालन समिति के सदस्य के रूप में विभिन्न तरीके का योगदान।

सदस्य, स्थायी खरीद समिति।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय–एमओयू समिति के सदस्य सहित एमओयू दस्तावेज तैयार करने में योगदान।

स्क्रीनिंग कमेटी के एक सदस्य रूप में आवेदन पत्रों की प्रारंभिक स्क्रीनिंग में योगदान।

नीपा से बाहर प्रख्यात निकायों की सदस्यता

सदस्य, कार्यक्रम सलाहकार समिति (पीएसी), एससीईआरटी, देहरादून, उत्तराखंड।

सदस्य, अनुसंधान सलाहकार समिति (आरएसी), एससीईआरटी, देहरादून, उत्तराखंड।

शैक्षिक प्रशासन विभाग

कुमार सुरेश

प्रकाशन

कुमार सुरेश और वी. सुचरिता, 2017. *कंपोडियम ऑफ इनोवेशन्स एंड गुड प्रैक्टिसेज इन एजुकेशनल एडमिनिस्ट्रेशन*, नई दिल्लीः नीपा।

वर्ष 2017–2018 में सम्पन्न शोधपरक अध्ययन

परीक्षण की संस्कृतिः सामाजिक–सांस्कृतिक प्रेरकतत्व और एशिया–प्रशांत क्षेत्र में युवा वर्ग पर उनका प्रभाव (एशिया–प्रशांत क्षेत्र के नौ देशों के भाग के रूप में यूनेस्को के आग्रह पर किया गया अध्ययन)

मध्य प्रदेश और बिहार में प्रारम्भिक शिक्षा के प्रबंधन में स्थानीय निकायों के साझा दायित्व और सक्षमता के बारे में अध्ययन।

आयोजित सम्मेलन/कार्यशाला/कार्यक्रम

जिला शिक्षा अधिकारियों और ब्लॉक शिक्षा पदाधिकारियों का राज्य स्तरीय सम्मेलन

वर्ष 2017–2018 के दौरान शैक्षिक योजना और प्रशासन विषय पर जिला और ब्लॉक स्तर के शिक्षा पदाधिकारियों के चार राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया, दो सम्मेलन महाराष्ट्र में (19–20 जून, 2017 को नासिक में और 6–7 फरवरी, 2018 को पुणे में) और दो सम्मेलन तमिलनाडु में (30–31 अगस्त, 2017 और 20–21 सितंबर, 2017 को चेन्नई में) आयोजित किए गए।

10–14 जुलाई, 2017 को विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में विविधता और साम्यता के प्रबंधन पर अभिविन्यास कार्यक्रम।

अप्रैल 2017–मार्च 2018 तक जिला और ब्लॉक स्तर के शिक्षा पदाधिकारियों के लिए शैक्षणिक प्रशासन में नवोन्मेष के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार की योजना का कार्यान्वयन।

शोध अध्येताओं के लिए लेखन कौशल विषयक कार्यशाला।

संसाधन व्यक्ति के रूप में शैक्षणिक कार्यक्रमों में संगोष्ठियों/सम्मेलन/कार्यशाला/आमंत्रित व्याख्यानों में सहभागिता

15 दिसंबर, 2017 को संकाय विकास केंद्र, बनस्थली विद्यापीठ द्वारा आयोजित संकाय प्रेरण कार्यक्रम में ''वैश्विक उच्चतर शिक्षा का वर्तमान समय में रुझान और इसका भारत पर प्रभाव'' के बारे में प्रस्तुति।

10 मार्च, 2018 को एचआरडीसी, संत गडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय, अमरावती, महाराष्ट्र में महाविद्यालय के प्राचार्यों की बैठक में ''उच्चतर शिक्षा के संस्थानों में संस्थानिक शासन और नेतृत्व की चुनौतियाँ'' विषयक आमंत्रित व्याख्यान दिया।

19 जनवरी, 2018 को भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज, भोपाल, मध्य प्रदेश में उच्चतर शिक्षण संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में आईक्यूएसी की भूमिका पर राष्ट्रीय सेमीनार में ''उच्चतर शिक्षा में गुणवत्ता के मुद्दे'' के बारे में मुख्य भाषण।

5 अक्टूबर, 2017 को ग्लोबल ओ.पी. जिंदल विश्वविद्यालय में ''उच्चतर शिक्षा संस्थान में समानता और विविधता'' विषय पर विशेष व्याख्यान दिया।

31 जनवरी, 2018 को टाउनहाल, कोझीकोड, केरल में आईईसीआई के आधिकारिक शुभारम्भ में ''नीति सुधार और शैक्षणिक शासन में रुझान'' पर मुख्य संबोधन।

27 मार्च, 2018 को यूजीसी तथा एचआरडीसी, जे.एन.यू. द्वारा 'बहुसंस्कृतिवाद, संविधान और शिक्षा' विषय पर व्याख्यान दिया गया।

दिसंबर 2017 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय की योजना (पीएमएमएमएनएमटीटी) के तहत नीपा द्वारा कुलपतियों के लिए आयोजित ''उच्चतर शिक्षा में नेतृत्व विकास'' पर हुई कार्यशाला में दो सत्रों की अध्यक्षता की।

जनवरी, 2018 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय की योजना (पीएमएमएमएनएमटीटी) के अंतर्गत नीपा द्वारा विश्वविद्यालय के प्रशासकों के लिए उच्चतर शिक्षा में नेतृत्व विकास संबंधी कार्यशाला में एक सत्र की अध्यक्षता की।

सार्वजनिक निकायों को परामर्शदायी और शैक्षणिक सहायता

पश्चिम बंगाल, कोलकाता में राज्य स्तरीय अर्हता परीक्षण के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का प्रेक्षक

नीपा से बाहर प्रख्यात निकायों की सदस्यता

सदस्य, अकादमिक परिषद, एनआईओएस

सदस्य, यूजीसी–सीईसी का अकादमिक परिषद

सदस्य, शासी निकाय– मोतीलाल नेहरू महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय

शासी निकाय–मैत्री कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय

सदस्य, अकादमिक परिषद, अकादमिक परिषद– संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय, अमरावती, महाराष्ट्र।

विशेषज्ञ समिति के सदस्य

प्रमुख अनुसंधान के प्रस्तावों का मूल्यांकन करने के लिए आईसीएसएसआर विशेषज्ञ समिति

शैक्षणिक अध्ययन विभाग, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली के अध्ययन बोर्ड के सदस्य

समाजशास्त्र विभाग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के अध्ययन बोर्ड के सदस्य

5 अगस्त, 2017 को एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया, हैदराबाद द्वारा आयोजित शिक्षक नवोन्मेष पुरस्कार को अंतिम रूप देने के लिए विशेषज्ञ समिति के सदस्य

शैक्षणिक व्यावसायिक निकायों में सदस्यता

इंडियन सोशियोलोजिकल सोसायटी के आजीवन सदस्य

आईआईपीए, नई दिल्ली के आजीवन सदस्य

इंटरनेशनल सोशियोलॉजिकल एसोसिएशन

अन्य शैक्षणिक योगदान

संपादकः नीपा समसामयिक पेपर श्रृंखला

इस अवधि के दौरान दो समसामयिक पत्र प्रकाशित किए गए।

एम.फिल. और पी–एच.डी. का पर्यवेक्षण

सुश्री प्रतिक्षा त्रिपाठी के एम.फिल. शोध प्रबंध का पर्यवेक्षण

चार पीएचडी विद्वान सुश्री सोनाली चीतलकर, सुश्री पूजा शुक्ला, सुश्री अनुराधा बोस और मानसी थपलियाल नवानी (सह–पर्यवेक्षक) अपनी–अपनी डॉक्टरेट शोध को आगे बढ़ा रही हैं।

पीजीडेपा परियोजना के कार्य का पर्यवेक्षण

पीजीडेपा परियोजना का पर्यवेक्षण किया।

एम.फिल./पीएचडी कार्यक्रम का समन्वय और शिक्षण

शैक्षणिक प्रशासन और प्रबंधन पर मुख्य पाठ्यक्रम सीसी–07 का समन्वय कार्य किया और पच्चीस सत्रों को कार्यान्वित किया।

साम्यता और बहुसांस्कृतिक शिक्षा पर वैकल्पिक पाठ्यक्रम ओसी–07 का समन्वय कार्य किया और 10 सत्रों में कार्यान्वित किया।

सीसी–01 के कोर्स टीम के सदस्य के रूप में शिक्षा के राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में 10 सत्रों का कार्यान्वित किया।

शैक्षणिक प्रशासन में पीजीडेपा कोर्स और एडवान्स कोर्स का समन्वय और शिक्षण

पाठ्यक्रम समन्वयक के रूप में कोर्स के संचालन की व्यापक रूपरेखा तैयार की और अन्य व्यक्तियों के साथ कोर्स का संचालन किया।

आईडेपा कोर्सः आईडेपा कोर्स के शैक्षणिक प्रशासन के बारे में कोर्स का संचालन किया।

आईडेपा म्यांमार कार्यक्रम में शैक्षणिक प्रशासन के बारे में कोर्स का संचालन किया।

अन्य कार्यक्रमों में शिक्षण

नीपा में शैक्षणिक प्रशासन विभाग और अन्य विभागों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण/क्षमता निर्माण कार्यक्रमों में संसाधक के रूप में कार्य किया और 15 से अधिक व्याख्यान दिए।

नीपा के विभिन्न शैक्षणिक निकायों के सदस्य के रूप में योगदान

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नीपा की समीक्षा के लिए प्रतिवेदन तैयार करने के लिए बनी समिति के अध्यक्ष

जिला और ब्लॉक स्तरीय शिक्षा अधिकारियों के लिए शैक्षिक प्रशासन में नवाचार के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार योजना के कार्यक्रम निदेशक के रूप में इस योजना के कार्यान्वयन से संबंधित बहुत से जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।

पाठ्यक्रम सीसी–07 शैक्षिक प्रशासन और प्रबंधन के पाठ्यचर्या पुनरीक्षण का समन्वयक।

इक्विटी और बहुसांस्कृतिक शिक्षा के बारे में वैकल्पिक पाठ्यक्रम ओसी–07 की पाठ्यचर्या पुनरीक्षण के समन्वयक

लेखन कौशल पाठ्यक्रम कार्यशाला के बारे में पाठ्यचर्या पुनरीक्षण के समन्वयक

पर्यवेक्षकों के आवंटन के लिए समिति

एम.फिल./पीएचडी कार्य की प्रगति की समीक्षा के लिए बनी समिति

एम.फिल./पीएचडी कार्यक्रम की निगरानी समिति

छात्र परामर्श केंद्रः एम.फिल./पीएच.डी. स्थायी समिति

सदस्य, जीआईएसी

एम.फिल. प्रवेश साक्षात्कार समिति और स्क्रिप्ट का मूल्यांकन,

सेमीनार अनुदान के लिए प्रस्ताव की समीक्षा

कार्यक्रमों के संचालन से संबंधित नीपा के विभागों की परामर्शदात्री समिति और विभिन्न कार्य बलों के सदस्य के रूप में भी कार्य किया।

विनीता सिरोही

संगोष्ठियों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं में सहभागिता

07–08 दिसंबर, 2017 को उच्च शिक्षा में नेतृत्व पर कुलपति सम्मेलन में भाग लिया।

कार्यशालाओं/प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन

13–17 नवंबर, 2017 (5 दिन) को "व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण की योजना और प्रबंधन" पर समन्वित और संगठित अभिविन्यास कार्यक्रम।

प्रशिक्षण सामग्री और पाठ्यक्रम विकास/संचालन

संशोधित एम.फिल./पीएचडी वैकल्पिक पाठ्यक्रम ओसी–2 – शिक्षा और कौशल विकास

संशोधित एम.फिल./पीएचडी मुख्य पाठ्यक्रम सीसी–1 – शिक्षा का मनोवैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य

मुख्य पाठ्यक्रम सीसी–7 के संशोधन में योगदान – शैक्षिक प्रशासन और प्रबंधन

स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन पर वैकल्पिक पाठ्यक्रम के संशोधन में योगदान

शिक्षण सीसी–1 पाठ्यक्रम (10 सत्र)

पीजीडेपा में शैक्षिक प्रशासन और प्रबंधन पर शिक्षण पाठ्यक्रम में योगदान

पीजीडेपा में शैक्षिक प्रशासन और प्रबंधन पर एडवांस पाठ्यक्रम के समन्वयक और प्रबंधन

सार्वजनिक निकायों को परामर्श और शैक्षणिक सहयोग

"गैर–शिक्षण गतिविधियों में शिक्षकों का समावेश और शिक्षा पर इसके प्रभावः भारत में चुनिंदा राज्यों का एक अध्ययन" पर एक अध्ययन आयोजित कर मानव संसाधन विकास मंत्रालय को अकादमिक सहयोग।

टीवीईटी इंडिया कंसल्टेंट के रूप में यूनेस्को के लिए परामर्श और ''एशिया और प्रशांत क्षेत्र में टीवीईटी शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों और संस्थानों'' पर एक अध्ययन।

12–14 जुलाई, 2017 को एनसीईआरटी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित "हरियाणा में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम का मूल्यांकन" नामक कार्यशाला में भाग लिया और सहयोग प्रदान किया।

यूनाइटेड किंगडम में 2018 राष्ट्रमंडल छात्रवृत्ति के पुरस्कार के लिए चयन समिति के नामित सदस्य विशेषज्ञ के रूप में मानव संसाधन विकास मंत्रालय को शैक्षणिक सहयोग, 15 मार्च, 2018

अन्य शैक्षणिक और व्यावसायिक योगदान

आईडेपा परियोजना का पर्यवेक्षण और निर्देशन

दो पीएचडी शोधार्थी का पर्यवेक्षण और निर्देशन

नीपा में विभाग के विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में तथा विभाग के बाहर व्याख्यान दिए।

शैक्षिक प्रशासन में नवाचार के अनुप्रयोगों के लिए स्क्रीनिंग समिति के सदस्य, 11 दिसंबर, 2017

बाह्य विशेषज्ञों/मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा शैक्षिक प्रशासन में नवाचारों के अनुप्रयोगों के मूल्यांकन के संयोजक, 12–13 दिसंबर, 2017

शैक्षिक प्रशासन में नवाचारों में पुरस्कारों के लिए मूल्यांकन को अंतिम रूप देने में योगदान – 19 दिसंबर, 2017

नीपा और एनईएफ–एसयूएनवाई, यूएसए के मध्य समन्वयन बैठक में सहभागिता, 11 जनवरी, 2018

नीपा से बाहर प्रख्यात निकायों की सदस्यता

प्रशिक्षण सलाहकार समिति, सीबीएसई के सदस्य

एसोसिएशन ऑफ क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट के आजीवन सदस्य

इंडियन एसोसिएशन ऑफ एप्लाइड साइकोलॉजी के आजीवन सदस्य

इंडियन जर्नल ऑफ वोकेशनल एजुकेशन, पीएसएससीआईवीई की संपादकीय दल के सदस्य

मंजू नरूला

सेमिनार/सम्मेलन/कार्यशालाओं में भागीदारी

अंतरराष्ट्रीय

16–18 नवंबर 2017 को शीर्षक 'समकालीन शैक्षिक प्रवचनों में आलोचना, सहानुभूति और कल्याण' जम्मू आयोजित 8वें अंतर्राष्ट्रीय सीईएसआई सम्मेलन में भाग लिया और 'महिला शैक्षिक प्रशासकः चुनौतियां और अवसर' पर एक पत्र प्रस्तुत किया।

शोध अध्ययन पूरा हुआ

2017, गैर–शिक्षण गतिविधियों में शिक्षकों भागीदारी और शिक्षा पर इसका प्रभावः भारत के चयनित राज्यों में एक अध्ययन, (सह–लेखक (द्वितीय) प्रो. विनीता सिरोही के साथ), मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्रायोजित

मा.सं.वि.मं. मूल्यांकन अध्ययन में शामिल

दो राज्यों में मदरसों (SPQEM) में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की योजना के कार्यान्वयन का मूल्यांकनः

1. छत्तीसगढ़
2. मध्य प्रदेश

पुस्तक

मंजू नरूला और अजीत मंडल संपादक (2017), *एजूकेशन इन इमर्जिंग इंडिया*, अटलांटिक पब्लिशर्स, नई दिल्ली (प्रेस में)

लेख

मंजू नरूला (2017), वैश्वीकरण के युग में भारतीय शिक्षा, भारतीय शिक्षा में महत्वपूर्ण मुद्दे, संपादित जिल्द, कल्पज पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली।

शैक्षिक प्रशासन में सुधार पर विचारः बिहार, भारत का केस अध्ययन, परिप्रेक्ष्य जर्नल में स्वीकृत (नीपा)

कार्यशालाएं/सम्मेलन/प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन

राज्य और जिला स्तर की महिला प्रशासकों के लिए शैक्षिक प्रशासन और प्रबंधन पर अभिविन्यास–सह–कार्यशाला, 21–25 अगस्त 2017

संस्थागत प्रमुखों के लिए स्कूल का प्रबंधन एवं पर्यवेक्षण पर अभिविन्यास–सह–कार्यशाला, 7 सितंबर 2017

कार्यशालाओं/सम्मेलनों/प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भागीदारी

नासिक, महाराष्ट्र में शैक्षिक योजना और प्रशासन पर जिला और ब्लॉक स्तर के शिक्षा अधिकारियों के लिए राज्य स्तरीय सम्मेलन, 19–20 जून 2017

समन्वय और शिक्षण

कोर्स टीम सदस्य और पाठ्यक्रम में शिक्षण ''शैक्षिक प्रशासन'' पीजीडेपा में शैक्षिक प्रबंधन (आमने–सामने)

पाठ्यक्रम में सामग्री और शिक्षण की तैयारी ''शैक्षिक प्रशासन'' पीजीडेपा में शैक्षिक प्रशासन पाठ्यक्रम पर एडवांस पाठ्यक्रम में शैक्षिक प्रबंधन

आईडेपा में शैक्षिक प्रशासन पाठ्यक्रम में शिक्षण

अन्य कार्यक्रमों में शिक्षण

जिला शिक्षा अधिकारियों के लिए शैक्षिक शासन में नेतृत्व पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम

एम.एड. छात्रों के लिए विभाग द्वारा मेजबान एम.एड. इंटर्नशिप कार्यक्रम में भागीदारी। इस वर्ष, आरआइई भोपाल के छात्रों ने इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए दौरा किया।

पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन

पीजीडीईपीए प्रतिभागी

पीजीडेपा प्रतिभागी सुश्री भानुडेका, ''ए स्टडी ऑन द स्टेटस' ऑफ गर्ल्स एजुकेशन ऑन स्पेशल रेफरेंस विद केजीबीवी टू बारपेटा डिस्ट्रिक्ट, असम'' के शोध प्रबंध का पर्यवेक्षण किया।

श्री अशोक कुमार कैंथ के विषय "ए स्टडी ऑन इंप्लीमेंटेशन आफ इन सर्विस टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम इन डाइट विलासपुर एट जुखाला, हिमाचल प्रदेश'' के शोध प्रबंध का पर्यवेक्षण किया।

सेनेगल से आईडेपा प्रतिभागी श्री ममदौ फेय के शोध विषय ''स्कूल सिस्टम इंस्पेक्शन इन द एकेडेमी ऑफ कौलैक टीचर्स एंड हेडमास्टर्स एक्सपेक्टेशंस एंड रिफ्लेक्शंस'' शोध प्रबंध का पर्यवेक्षण किया।

अन्य शैक्षणिक और व्यावसायिक योगदान

एम.फिल./पीएचडी कार्यक्रम के लिए स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य

लिखित परीक्षा लिपियों के मूल्यांकन के लिए सदस्य

एम.फिल./पीएचडी पाठ्यक्रम के संशोधन में सदस्य

शैक्षिक प्रबंधन और प्रशासनः कोर कोर्स

शिक्षा, साक्षरता और जीवन लंबी सीख– वैकल्पिक पाठ्यक्रम

व्यावसायिक विकास और शिक्षकों का प्रबंधन– वैकल्पिक पाठ्यक्रम

स्कूल नेतृत्व– वैकल्पिक पाठ्यक्रम

नीपा के बाहर प्रख्यात निकायों की सदस्यता

1. ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ टीचर एजुकेटर्स (AIATE) की आजीवन सदस्यता
2. भारत की तुलनात्मक शिक्षा संस्था की आजीवन सदस्य
3. शिक्षा और आर्थिक विकास संस्था की आजीवन सदस्य

वी. सुचरिता

प्रकाशनः

इंगेजिंग विद सोशियल इंक्लूजन थ्रू आरटीईः ए केस स्टडी आफ टू प्राइवेट स्कूल्स इन दिल्ली वी. सुचरिता और के. सुजाता (2018) इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इनक्लूसिव एजुकेशन (रूटलेज), डीओआईः10.1080/13603116.2018.1430179, (इंटरनेशनल डबल ब्लाइंड पीयर रिव्यू जर्नल)

पुस्तक शीर्षक ''एडुकेटिंग एक्स–क्रिमिनल ट्राइब्स – इशूज एंड कंसर्न ऑफ माल्ली गांधी'' पुस्तक समीक्षा जर्नल ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन (जेपा), वॉल्यूम XXXI, नंबर 2 में प्रकाशित की।

सम्मेलनों में भागीदारीः

29 जनवरी और 30 अगस्त, 2017 को हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद में "रीविजिटिंग ट्राइबल पॉलिसीज, रिसर्च एंड इनोवेशन" पर राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया और पत्र शीर्षक "जनजातीय शिक्षा के लिए नीति निर्माण – चुनौतियां" प्रस्तुत किया।

18–20 अप्रैल, 2017 को एनसीईआरटी, नई दिल्ली में स्कूली शिक्षा में नवाचार (नवोन्मेष) पर तीन दिवसीय सम्मेलन में भागीदारी

प्रशिक्षण कार्यक्रमों/कार्यशालाओं आयोजनः

जिला स्तरीय शिक्षा अधिकारियों के लिए शैक्षिक शासन में नेतृत्व' पर अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन, 31 जुलाई – 4 अगस्त 2017, नीपा, नई दिल्ली

आरआईई भोपाल के छात्रों के लिए 18 से 22–सितंबर, 2017 तक 5–दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम।

पाठ्यक्रम निष्पादितः

एम.फिलः

शैक्षिक प्रशासन पाठ्यक्रम (कोर्स सं. सीसी–07) में सत्र सम्पादित

पीजीडेपाः

'शैक्षिक प्रशासन' पाठ्यक्रम (कोर्स सं. 907) में सत्र सम्पादित

आईडेपाः

एक सूत्रधार और मूल्यांकनकर्ता के रूप में आईडेपा प्रतिभागियों के लिए 'प्रतिभागियों संगोष्ठी' में शामिल।

अनुसंधान परियोजनाएं पूरी हुईः

(एक टीम के सदस्य के रूप में) शिक्षा नीति और सुधारों के कार्यान्वयन में मंत्रालय के शिक्षा नेतृत्व को मजबूत करना (188–आरएएस 0401) आईआईईपी यूनेस्को।

मार्गदर्शन और पर्यवेक्षणः

श्री केलीखा केने को 'प्राथमिक शिक्षा में सामुदायिक भागीदारीः पुत्सेरो ब्लाक, फेक जिला नागालैण्ड के तहत एक अध्ययन' परियोजना के लिए पीजीडेपा प्रतिभागी का मार्गदर्शन।

एम.फिल के छात्र सुश्री नीलंजन मोइत्रा को उनके शोध प्रबंध का शीर्षक 'उच्च शिक्षा प्राप्त आदिवासी युवाओं के बीच रोजगार के प्रति उत्साह और बाधाओं को समझनाः झारखंड के अनुसूचित जनजातियों के बीच एक अध्ययन' के लिए मार्गदर्शन।

अन्य शैक्षणिक और व्यावसायिक योगदानः

राज्य और जिला स्तर के प्रशासकों के लिए महिला शैक्षिक प्रशासकों पर अभिविन्यास कार्यशाला में 'शिक्षक प्रबंधन में मुद्दे' पर एक समूह कार्य सत्र की अध्यक्षता, 21.25 अगस्त, 2017, नीपा, नई दिल्ली

व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण की योजना और प्रबंधन पर अभिविन्यास कार्यक्रम में ''राज्य के अनुभवों को साझा करना'' पर एक सत्र की अध्यक्षता की। 13–17 नवंबर, 2017, नीपा, नई दिल्ली

शैक्षिक प्रशासन में नवाचारों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार, 2017–18 के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच के लिए जांच समिति के सदस्य और समन्वयक

शैक्षिक प्रशासन में नवाचारों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार, 2017–18 के लिए विशेषज्ञों की मूल्यांकन समिति की बैठक का समन्वय

यूडीसी के पद के लिए पदोन्नति पर विचार करने के लिए विभागीय पदोन्नति समिति के सदस्य।

शैक्षिक प्रशासन पर पाठ्यक्रम के लिए एम.फिल पाठ्यक्रम संशोधन टीम में सदस्य

एम.फिल/पीएचडी अनुप्रयोगों के लिए ''प्रारंभिक एम.फिल./पीएचडी आवेदन जांच समिति' में सदस्य।

एम.फिल/पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन

पूरा किये गये शोध अध्ययन के बारे में संक्षिप्त जानकारी

1. परीक्षण की संस्कृतिः सामाजिक–सांस्कृतिक परिचालक और एशिया–प्रशांत क्षेत्र में युवाओं पर प्रभाव (यूनेस्को ने अध्ययन का अनुरोध किया)

प्रोफेसर कुमार सुरेश

यूनेस्को, बैंकॉक कार्यालय के समावेशी गुणवत्ता शिक्षा की अनुभाग अनुरोध पर एशिया–प्रशांत क्षेत्र के नौ देशों के अध्ययन के भाग के रूप में एक अध्ययन का आयोजन किया गया और भारत के बारे में एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी। इस अध्ययन में ''परीक्षण की संस्कृति'' के पीछे के सामाजिक–आर्थिक प्रेरक तत्वों और युवा वर्ग की शिक्षा और उनकी आकांक्षाओं के संदर्भ में उनकी प्रासंगिकता पर उनके प्रभावों को समझना प्रस्तावित था।

एशिया–प्रशांत क्षेत्र में बहुत से देशा में में ''परीक्षण की संस्कृति'' में अपनी शिक्षा नीतियों में मूलतः विद्यार्थी के अधिगम की प्राप्ति के स्तर में अभिवृद्धि करने का प्रयास और शिक्षा प्रणाली के कार्यनिष्पादन की प्रात्यक्षिक माप के रूप में किया जा रहा है। शिक्षा प्रणालियों में अधिगम परिणाम की माप हेतु उपयोग किए जाने के लिए न्यून और उच्च दोनों जोखिमों में पूदरे प्रदेश में विभिन्न प्रकार के मूल्यांकन और प्रदेश में विभिन्न प्रकार के

मूल्यांकन और परीमाएं विद्यमान हैं। जबकि इन परीमाओं के अस्तित्व को शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के प्रयास के रूप में युक्तियुक्त बनाया जा सकता है, विशुद्ध रूप से ''उच्च प्राप्तांक'' पर इतना अधिक बल दिए जोन से अधिगम के अन्य मूलभूत पहलुओं को कम करना भी हो सकता है जिन्हें अक्सर परीक्षणों और परीक्षाओं से कम से कम उनके परम्परागत स्वरूप में प्रयुक्त किया जा सकता है। सामाजिक–सांस्कृतिक कारकों और शिक्षा प्रणालियों विशेष रूप से परीक्षाओं के मध्य संबंधों की जांच करने के लिए, यूनेस्को, बैंकॉक में ''संस्कृति परीक्षण'' पर एक प्रादेशिक अध्ययन कराया गया। इस क्षेत्र के नौ देशों को तुलनात्मक समझ के लिए मामलों के रूप में लिया गया है। भारत इन केस अध्ययनों में से एक है। भारत के संबंध में प्रतिवेदन तैयार किया गया है और प्रस्तुत किया गया। क्षेत्रीय प्रतिवेदश्न का संलिश्ट रूप प्रकाशनाधीन है।

भारत में परीक्षा और परीक्षण की अध्ययन संस्कृतिः सामाजिक–सांस्कृतिक प्रेरक तत्व और एशिया–प्रशांत क्षेत्र में युवा वर्ग पर इसके प्रभाव के विस्तृत अध्ययन का एक भाग है। भारत के इस केस अध्ययन का लक्ष्य भारत में परीक्षाओं की विद्यमान संस्कृति को समझना है। इसमें इसके संबंध में भी सूझ–बूझ उत्पन्न करने का प्रयास किया गया है कि समाज संस्कृति और अर्थव्यवस्था के बदलते संदर्भ में परीक्षा और परीक्षण की संस्कृति किस प्रकार प्रभावित हुई है। इसके इस प्रश्न का उत्तर प्राप्त करने का भी प्रयास किया गया है कि क्या भारत भी कन्फ्यूशियस परम्परा वाले देश जिन्होंने ऐतिहासिक रूप से परीक्षण और परीक्षा को बहुत अधिक महत्व दिया है, की भांति ही परीक्षण की बढ़ती हुई संस्कृति की दिशा में अग्रसर हो रहा है अथवा उसकी पद्धति का अनुसरण कर रहा है। यह विश्लेषण प्रदत्त के प्राथमिक और द्वितीयक दोनों स्रोतों पर आधारित है।

प्राथमिक प्रदत्त मुख्यतः छह राज्यों के दस विद्यालयों/महाविद्यालयों से संकलित किये गये हैं। रायपुर के मामले में सूचना के अंतराल को पूरा करने के लिए, एक और विद्यालय को सम्मिलित किया गया है। ऐसी स्थिति में विद्यालयों/महाविद्यालयों कुल संख्या ग्यारह हो जाती है। चयनित विद्यालयों/महाविद्यालयों में भारत के निम्नलिखित राज्यों अर्थात् दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (पूर्वी विनोद नगर, पूर्वी दिल्ली) और नौएडा, उत्तर प्रदेश); छत्तीसगढ़ (बस्तर और रायपुर), ओडिशा (संबलपुर), कर्नाटक (बैंगलोर) और तेलंगाना (हैदराबाद) में से प्रत्येक राज्य से दो–दो (एक सरकारी और एक निजी) विद्यालयों/महाविद्यालय शामिल थे। परीक्षा और परीक्षण के साथ–साथ शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न विषयों के बारे में प्रश्नावली, गहन साक्षात्कार के इन संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के माता–पिता/अभिभावकों के साथ विषय केन्द्रित सामूहिक चर्चा के माध्यम से विचार और अभिमत संकलित किए गए। राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक जगत के विशेषज्ञों और प्रशासकों के भी विचार और मतों का संकलन किया गया।

मुख्यतः प्रत्यार्थियों (उत्तरदाताओं) के तीन समूहों– अर्थात पांच प्रमुख अंतःसंबंधित भाव जिनमें परीक्षण, प्रत्याशा, अभिप्रेरण और प्रभाव, परीक्षाओं, निजी ट्यूटर से प्रत्याशा औरपरीक्षा का अवबोध और अधिगम पर प्रभाव जैसे तत्व शामिल थे के बोर में विद्यार्थियों, शिक्षकों और माता–पिता/अभिभावकों से डेटा एकत्र किए गए। आंकड़ों के विश्लेषण से इस तर्क की पुष्टि होती है कि परीक्षण और प्राप्तांक अधिगम और उपलब्धि के माप के रूप में अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। विद्यार्थीगण और शिक्षकगण दोनों अपना अधिकांश समय परीक्षा या परीक्षा से संबंधित गतिविधियों पर व्यतीत करते हैं। छात्रों और माता–पिता दोनों तीन महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण कारणों से परीक्षा को महत्व देते हैं जो इस प्रकार हैं– i) परीक्षा अधिगम का माप है; ii) परीक्षा से कैरियर (जीविकोपार्जन) के मार्ग की पहचान करने में मदद मिलती है; और iii) यह अगले स्तर तक पदोन्नति के लिए महत्वपूर्ण है। उत्तरदाताओं से प्राप्त कुछ अन्य प्रतिक्रियाओं में छात्रवृत्ति प्राप्त करने के स्रोत, प्रतिस्पर्धी भावना विकसित करने में सहायक तत्व, अपने स्वयं की योग्यता और क्षमता के आकलन का अवसर, सही और गलत के मध्य निर्णय की भावना विकसित करना आदि शामिल था।

जहाँ तक उच्च जोखिम वाली परीक्षाओं से प्रत्याशा का संबंध है, छात्र और अभिभावक दोनों इस बात से सहमत थे कि सभी विषयों में शीर्षस्थ ग्रेड प्राप्त करना, स्नातक स्तर तक की शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात् सर्वोत्तम अवसरों का चयन करने में समर्थ होना और

कक्षा में सर्वश्रेष्ठ छात्र होना परीक्षाओं से की जाने वाली प्रमुख प्रत्याशा हैं। माता–पिता और शिक्षक का विद्यार्थी पर बहुत प्रभाव पड़ता है। अतः परीक्षा और परीक्षण के प्रति छात्रों के दृष्टिकोण का निर्माण भी उनके द्वारा ही होता है।

परीक्षाओं में विद्यार्थियों और उनके कार्यनिष्पादन से बहुत अधिक उम्मीदें हैं। इस प्रकार प्रत्याशा विभिन्न स्रोतों जैसे माता–पिता, शिक्षक, सहकर्मी समूह, परिवार के सदस्यों और समुदाय आदि से आती हैं, लेकिन अधिकांश उम्मीदें माता–पिता की रहती हैं। परीक्षा में छात्रों का कार्यनिष्पादन केवल छात्र विशेष की चिंता विषय नहीं है, बल्कि माता–पिता, परिवार के सदस्यों, सगे भाई–बहनों और समुदाय अन्य लोग भी इस बात को लेकर उतने ही चिंतित रहते हैं। इसलिए, यदि कोई विद्यार्थी परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करता है, तो परीक्षाफल से इन सभी व्यक्तियों में आनन्द का संचार होता है। यहां तक कि विद्यालयों के लिए इसे उपलब्धि माना जाता है। सामान्यतः विद्यार्थी को विद्यालय द्वारा आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाता है। इससे परीक्षा और समाज और संस्कृति का व्यापक संदर्भ परिलक्षित होता है। परीक्षाओं और कार्यनिष्पादन से संबंधित प्रत्याशा से विद्यार्थी बहुत अधिक दबाव में आ जाते हैं। इन प्रत्याशाओं पर खरा उतरने के लिए विद्यार्थी स्वयं को केवल अध्ययन तक ही सीमित रखते हैं। वे अपने अध्ययन के घंटे बढ़ाते हैं। उनमें से अधिकांश छात्र टीवी, सोशल मीडिया या सामाजिक गतिविधियों से पूर्णतः अलग हो जाते हैं।

प्रत्येक विद्यार्थी उच्च अंक प्राप्त करने की अभिलाषा रखता है क्योंकि उन्हें लगता है कि उच्च अंक के आधार पर उन्हें अपनी पसंद के संस्थानों में प्रवेश पाने में मदद मिलेगी। विद्यार्थियों में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने की प्रतिस्पर्धा के कारण विद्यार्थी तनाव और चिंता की स्थिति में आ जाते हैं। अधिक साख–जोखिम वाली परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने की अभिभावक की प्रत्याशा के कारण छात्रों पर अत्यधिक दबाव आ जाता है। इस रूझान का शिक्षकों पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। समकालीन भारत में अध्यापक–अधिगम प्रक्रिया का समग्र संदर्भ शिक्षा के प्रति परीक्षा केंद्रित दृष्टिकोण द्वारा संसूचित होता है।

विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक प्रक्रियाओं के कारण छात्रों को निजी ट्यूशन का सहारा लेना पड़ता है। अधिकांश विद्यार्थी निजी ट्यूशन लेते हैं। प्राइवेट ट्यूशन लेने वाले छात्रों का प्रतिशत बहुत अधिक है। अध्ययन में उत्तरदाताओं ने प्राइवेट ट्यूशन पर किए गए घरेलू व्यय के बारे में बहुत स्पष्ट ब्यौरा नहीं दिया, लेकिन राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि गृहस्थी के खर्च की बहुत बड़ी रकम प्राईवेट ट्यूशनों पर खर्च की जाती है। बहुत से अध्ययन और सर्वेक्षण रिपोर्ट (सुजाता, 2013; जयचंद्रन, 2014; नंदा, 2015; मोहंती, 2017) ने प्राईवेट ट्यूशन के बारे में कराए गए थे, इनमें भी इसी बात को प्रमाणित किया गया है। प्राईवेट ट्यूशन के लिए जिम्मेदार विभिन्न कारणों में से कुछ प्रमुख कारकों में स्नातक/प्रवेश परीक्षा की तैयारी करना और स्कूल में ग्रेड में सुधार करना शामिल था। प्राईवेट ट्यूशन लेने के कारण पर पूछे गये सवालों के जवाब में, 37.14 प्रतिशत छात्रों का कहना है कि इससे उन्हें और अधिक अध्ययन करने की प्रेरणा मिलती है, 25.71 प्रतिशत छात्रों के लिए यह परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने का एक साधन है जबकि 20 प्रतिशत विद्यार्थियों का मानना है इसके फलस्वरूप उनकी सूझबूझ और समझ को व्यापक करने में सहायता मिलती है।

प्राप्त उत्तरों के अनुसार यह निष्कर्ष निकाला गया कि शिक्षा प्रणाली की प्रकृति और गुणवत्ता ने भी ट्यूशन देने की व्यापकता पर प्रभाव पड़ा, तथापि, छात्रों को उन विषयों में ट्यूशन की तलाश होती है जिन्हें वे विद्यालय में कठिन विषय मानते थे। यह भी देखा गया कि विशेष शैक्षिक आवश्यकताओं वाले छात्रों के माता–पिता भी निजी ट्यूशन की तलाश करते हैं क्योंकि उन्हें ऐसा लगता है कि उनके बच्चों को विद्यालय में पर्याप्त सहायता नहीं मिल रही है। माता–पिता की शिक्षा और आर्थिक परिस्थितियों से भी संभवतः प्राईवेट ट्यूशनों के प्रति दृष्टिकोण को प्रभावित हुई है।

वस्तुतः, भारत में एशिया–प्रशांत के बहुत से अन्य देशों की भाँति भारत में समकालीन शिक्षा प्रणाली में जाँच और परीक्षण मुख्य स्थान प्राप्त कर लिया है। मुख्य रूप से परीक्षाओं में पाठ्यपुस्तक में उल्लिखित जानकारी को रटकर याद करने ओर परीक्षा में संबंधित जानकारी पुनःप्रस्तुत

करने के आधार पर प्राप्तांक की जांच करने पर बल दिया जाता है। परीक्षण प्राप्तांक माध्यमिक शिक्षा के पश्चात के प्रमुख संस्थानों में प्रवेश के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण अवधारकों में से एक है। भारत में शिक्षा प्रणाली की उभरती हुई प्रवृत्ति परीक्षा, परीक्षण और प्राप्तांक पर बहुत अधिक बल दिया जाता है। परीक्षण और परीक्षा पर अत्यधिक जोर दिये जाने से शिक्षा के मुख्य प्रयोजन का अल्पीकरण होता है। परीक्षा और परीक्षण से संबंधित नीति भी परीक्षण और परीक्षा की संस्कृति का समर्थन करती है।

अध्ययन के निष्कर्ष से पता चलता है कि विद्यार्थी की सफलता के रूप में सफल होने के लिए अत्यधिक दबाव का सामना करने की दौर पर पूर्णतः ध्यान केंद्रित किया जाता है इसकी परिभाषा केवल मानकीकृत परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने, उच्च अंक प्राप्त करने और फिर एक अच्छे माहाविद्यालय/विश्वविद्यालय में प्रवेश मिलने के रूप में की जाती है। उनकी खुशी, मानसिक स्वास्थ्य, की इस संदर्भ में कोई भी सार्थकता नहीं है। माता–पिता और विद्यालय की ओर से दबाव, असफलता का भय और पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करने के भय का परीक्षाओं के प्रति युवाओं की अभिवृत्ति पर पर्याप्त प्रभाव पड़ता है क्योंकि विद्यार्थी के स्व–मूल्य का अवधारणा शैक्षणिक सफलता और ग्रेड के आधार पर होता है ना कि उनकी वैयक्तिक अभियोग्यता के आधार पर।

2. शिक्षणेत्तर कार्यकलापों में शिक्षकों अंतर्ग्रस्तता और शिक्षा पर इसका प्रभावः भारत के चुनिंदा राज्यों में एक अध्ययन (स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, मा.सं.वि. मंत्रालय, भारत सरकार के अनुरोध पर आयोजित अध्ययन)

डा. विनीता सिरोही और डा. मंजू नरूला

बालकों के निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (आरटीई अधिनियम 2009) की धारा 27 के तहत दिए गए अधिदेश के अनुसार किसी भी अध्यापक को दस वर्षीय जनगणना, आपदा राहत ड्यूटी अथवा स्थानीय प्राधिकारी या राज्य विधायिका या संसद जैसी भी स्थिति हो, के अलावा किसी अन्य गैर–शैक्षणिक प्रयोजनों से प्रतिनियुक्त नहीं किया जाएगा। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 में विद्यालय में शिक्षकों की पर्याप्त उपस्थिति का उपबंध किया गया है। शिक्षकों द्वारा इस प्रकार निष्पादित शिक्षणेत्तर कार्य से शिक्षा गुणवत्ता दुष्प्रभावित होने के साथ–साथ विद्यार्थियों के अधिगम स्तर पर भी प्रभाव पड़ेगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा) से शिक्षणेत्तर गतिविधियों में अध्यापकों की अंतरग्रस्तता और शिक्षा पर इसका प्रभावः भारत के चयनित राज्यों मं एक अध्ययन विषय पर अध्ययन कराने का अनुरोध किया था।

वर्तमान अध्ययन देश के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले चार राज्यों में आयोजित किया गया है। गुजरात, कर्नाटक, ओडिशा और उत्तराखंड के चार 8 जिलों के 200 स्कूलों के 872 शिक्षकों का प्रतिदर्श लिया गया। इसके अलावा, 153 प्रधानाध्यापक (हैडमास्टर), 47 ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) और 8 जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) को प्रश्नावली दी गई थी। प्रत्येक राज्य से दो जिलों का आकस्मिक रूप से चयन किया गया, प्रत्येक जिले में 25 राजकीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों का चयन सुव्यवस्थित या प्रतिचयन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया, जिसमें यूडाईस में उपलब्ध विद्यालयों की सूची वर्ष 2015–16 का उपयोग किया गया। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने के लिए स्कूलों का चयन किया गया। जब बिना पूर्व घोषण के संकलन के उद्देश्य से विद्यालयों द्वारा प्रदत्त जानकारी और आकड़ों के सत्यापन हेतु कुछ एक विद्यालयों का दौरा किया गया। उसके पश्चात परिमाणात्मक और गुणात्मक दोनों विधियों का उपयोग करके किया गया था।

इस अध्ययन में विभिन्न प्रकार के शिक्षणेत्तर गतिविधियों में शिक्षकों द्वारा खर्च दिए गए समय पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह समय कक्षा के अंदर या बाहर के बच्चों के शिक्षण के क्रम में व्यतीत समय के अतिरिक्त है। प्रत्यक्ष शिक्षण के अलावा अन्य सभी गतिविधियों को गैर–शिक्षण गतिविधियों की विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। कुल 47 ऐसी गैर–शिक्षण गतिविधियाँ स्कूल के भीतर और बाहर सूचीबद्ध की गईं, इन शिक्षणेत्तर गतिविधियों की प्रकृति के आधार पर, इन्हें तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है– मूल गतिविधियों में 10 गतिविधियाँ शामिल हैं जैसे– पाठ योजना निर्माण, गृहकार्य की जाँच, अधिगमकत्ताओं

का मूल्यांकन, अभिभावक–शिक्षक बैठक शामिल थी। विद्यालय संबंधी गतिविधियों में 29 गतिविधियाँ शामिल हैं जैसे– मध्याह्न भोजन के लिए अलग से रिकार्ड का रखरखाव, छात्रवृत्ति, वर्दी, पाठ्य पुस्तक, छात्रों का चिकित्सकीय जाँच, सीआरसी/बीआरसी, डीईओ कार्यालय के साथ सम्पर्क, अधिकारियों के दौरे की सुविधा प्रदान करना तथा अन्य विभागों को दी जाने वाली सेवा में 8 गतिविधियाँ शामिल हैं जैसे– जनगणना सूची को अद्यतन बनाना, निर्वाचन ड्यूटी, पल्स पोलियो शिविर का आयोजन आदि शामिल था।

विद्यालय में शिक्षक द्वारा बिताए गए कुल समय में से 42.6 प्रतिशत समय शिक्षणेत्तर मूल गतिविधियों में; 31.8 प्रतिशत समय और शिक्षणेत्तर विद्यालयी गतिविधियों पर 6.5 प्रतिशत समय अन्य विभागों को दी गई शिक्षणेत्तर सेवा कार्य में व्यतीत हुआ। दूसरी ओर, मात्र 19.1 प्रतिशत समय शिक्षण पर व्यतीत हुआ।

अन्य विभागों को प्रदत्त सेवा के अग्रेतर विश्लेषण से पता चलता है कि अध्यापकगण अपना अधिकांश समय मतदान केन्द्र स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के रूप में बिताते हैं। अन्य विभागों को प्रदत्त आठ सेवाओं में 32.62 प्रतिशत समय बीएलओ के कार्य से संबंधित विभिन्न कर्तव्यों में व्यतीत होता है। शिक्षकों को विभिन्न कार्यकलापों का निष्पादन करते हुए सालों भर काम करना पड़ता है। अध्यापकों ने यह भी बताया कि चूंकि बीएलओ की ड्यूटी निष्पादित करने के क्रम में भाग लेने वाले लोगों से बातचीत करने, नए मतदाताओं को पंजीकृत करने आदि उपेक्षित है, उन्हें विद्यालय के समय के बाद और यहाँ तक कि छुट्टियों के दिनों में भी कार्य करना पड़ता है। कई बार उन्हें स्कूल के समय के दौरान भी अनुरोधों में शामिल होना पड़ता है। जनगणना संबंधी कार्य केवल 10 वर्षों में एक बार किया जाता है और इस पर व्यतीत समय का अनुपात बहुत कम (4.3 प्रतिशत) है, अध्यापक मतदान के दिनों में निर्वाचन कराने में बहुत कम समय व्यतीत करते हैं। मतदान के दिनों में भी चूंकि विद्यालय बंद होते हैं, अध्यापन का समय प्रभावित नहीं होता है।

चार राज्यों में उच्च प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षणरत शिक्षकों की तुलना में प्राथमिक कक्षाओं के अध्यापकगण विद्यालय से संबंधित कार्यकलाप और अन्य विभागों को दी गई सेवा की दो श्रेणियों में अधिक समय व्यतीत करते हैं। विद्यालयों की अवस्थिति के संबंध में शहरी क्षेत्रों के अध्यापक ग्रामीण क्षेत्रों के अध्यापकों की अपेक्षा अन्य अन्य विभागों को दी गई सेवा में अपेक्षाकृत अधिक समय व्यतीत करते हुए पाये गये थे।

इस अध्ययन का एक प्रयोजन गैर–शिक्षण गतिविधियों में शिक्षक की भागीदारी के प्रभाव विद्यार्थियों की अधिगम उपलब्धि पर होने वाले प्रभाव का भी अध्ययन करना था। प्रतिगमन विश्लेषण से पता चलता है कि जब शिक्षकों के लिए शिक्षणेत्तर गतिविधियों पर व्यतीत होने वाला समय अधिक होता है, तो इसके परिणाम स्वरूप विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षणों में ग्रेड ए या ग्रेड बी प्राप्तांक का प्रतिशत घट जाता है। इसलिए, शिक्षकों की गैर–उपलब्धता का छात्रों के उपलब्धि स्तरों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है।

शिक्षा विभाग को नीतिगत उपायों सहित ऐसे कदम उठाने की आवश्यकता है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि शिक्षकगण कक्षा में बालक–बालिकाओं के प्रत्यक्ष शिक्षण और शिक्षण में सहायक प्रमुख गतिविधियों में अपना अधिकांश समय व्यतीत कर सके। वर्तमान अध्ययन से सर्वाधिक महत्वपूर्ण यह बिन्दु उभरकर आया कि शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिकाओं और जिम्मेदारियों जो उनके व्यवसाय के लिए उचित हो और गुणवत्तापरक शिक्षा प्राप्त करने से संबंधित एवं विद्यालय के प्रबंधन में उनकी भूमिका के बारे में नीति बनाने की तत्काल आवश्यकता है।

3. मध्य प्रदेश और बिहार में प्रारंभिक शिक्षा के प्रबंधन में स्थानीय निकायों के साझा दायित्व और उनकी अभिक्षमता

प्रो. कुमार सुरेश

अध्ययन की पृष्ठभूमि और सार

भारत में प्रारंभिक स्कूली शिक्षा को समुदाय, राज्य सरकार और स्थानीय निकायों के मध्य साझाकृत दायित्व माना गया है। स्थानीय शासन और शिक्षा से संबंधित विभिन्न नीतिगत दस्तावेजों में प्रारंभिक शिक्षा के प्रबंधन में स्थानीय शासन और समुदाय के महत्व को रेखांकित किया गया है। प्रारंभिक शिक्षा के प्रभावी प्रबंधन में स्थानीय निकायों की अनिवार्य भूमिका की परिकल्पना के संबंध में

कोठारी आयोग, शिक्षा नीति, 1868, शिक्षा नीति, 1986 और प्रोग्राम ऑफ ऐक्शन, 1992; और सीएबीई प्रतिवेदन, 1993 विशिष्टतः उल्लेखनीय है। सामुदायिक भागीदारी और स्थानीय निकायों की सक्रिय भूमिका सार्वभौमिक शिक्षा के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अनिवार्य अपेक्षा मानी गई है। इसके अलावा शैक्षणिक विकास कार्यक्रम और शिक्षा के क्षेत्र में केंद्रीय क्षेत्र के हस्तक्षेप के फलस्वरूप स्थानीय स्तर पर शिक्षा के प्रबंध और प्रदायगी में स्थानीय निकायों की भूमिका और उनकी अन्तर्ग्रस्तता उजागर हुई है। डीपीईपी के केंद्रीय क्षेत्र के कार्यक्रम और सर्वशिक्षा अभियान इस संदर्भ में विशिष्ट रूप से महत्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार, स्थानीय शासन से संबंधित5 विभिन्न समितियों और आयोगों में स्थानीय शासन के महत्व को स्थानीय लोकतंत्र, सामुदायिक भागीदारी, योजना और विकास का उर्ध्वमुखी दृष्टिकोण और स्थानीय स्तर पर संसाधन और सेवा का प्रभावी प्रबंध को संस्थागत तंत्र के रूप में दर्शाया गया है। एक और बलवंत राय मेहता समिति और अशोक मेहता समिति की सिफारिशें और दूसरी ओर 73वां और 74वां संविधान संशोधन इस संबंध में बहुत अधिक महत्वपूर्ण हैं।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 में निर्विवादतः प्रारंभिक शिक्षा के प्रबंधन में स्थानीय निकायों की भूमिका का उल्लेख किया गया है। इस संबंध में, विद्यालय के विभिन्न कार्यकलापों में स्थानीय निकायों की अंतर्ग्रस्तता के साथ स्कूल प्रबंधन समिति का उपबंध महत्वपूर्ण है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 में केंद्र सरकार, राज्य सरकार और स्थानीय शासन के मध्य तीन दिशीय साझेदारी का उल्लेख है। अधिनियम के उपबंध के अनुसार, प्रारंभिक शिक्षा का प्रबंध तीनों क्रम/टियर/क्षेत्रों– केंद्रीय, राज्य और स्थानीय शासन का साझाकृत दायित्व है।

संघीक सरंचना में बहु–स्तरीय शासन की दृष्टि से अद स्थानीय सरकारों को शासन के महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में देखा जाता है। शासन के इस क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर कुशल दक्ष और लागत–प्रभावी सेवा–प्रदायगी के दायित्व से युक्त है। किंतु सेवा–प्रदायगी तंत्र की भूमिका निर्धारित करने के अलावा, हालिया वर्षों में स्थानीय शासन को स्थानीय लोकतंत्र का मॉडल माना जा रहा हे। इस अदबोध की भारत में स्थानीय स्व–शासन की संस्थाओं के सृजन में मुख्य भूमिका रही है। यह भारत में विकेन्द्रीकरण के मुख्य प्रेरक तत्वों में से एक रहा है। यदि इस प्रारंभिक शिक्षा के प्रबंध में स्थानीय निकायों की भूमिका और सक्षमता पर विशिष्टतः बल देते हैं तो नीतिगत दस्तावेजों और विद्वतापूर्ण लेखन दोनों में इसे स्वीकृत किया गया है। भारत में प्रारंभिक शिक्षा के प्रबंधन में साझा दायित्व की संकल्पना गत दो दशकों के दौरान शुरू किए गए विभिन्न शैक्षणिक विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन से संबंधित दिशानिर्देश, अधिनियम, परिपत्र; सरकारी ओदश से प्रेरिभूत होते हैं। पंचायती राज संस्थाओं को प्रारंभिक शिक्षा के प्रबंधन में समुदाय और राज्य के मध्य साझेदारी की समग्र प्रक्रिया की मुख्य एजेंसी माना गया है।

तथापि प्रश्न यह है कि संबंधित राज्यों द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को किस हद तक शक्ति और दायित्व दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि अधिकांश और वित्तीय शक्ति प्रत्यायोजित नहीं की है। यदि उन्हें राज्य के अधिनियमों के आधार पर प्रारंभिक विद्यालयों के प्रबंधन का दायित्व समनुदिष्ट किया भी गया है तो क्या वे इन दायित्वों का निर्वाह करने में स्व–क्षम हैं?

वस्तुतः जहाँ तक क्षमताओं और शक्ति के साझा करने का संबंध है, विडम्बना पूर्ण स्थिति विद्यमान है। यद्यपि राज्यों की आकांक्षा संघीय शासन व्यवस्था के अंतर्गत स्व–शासन के राज्य अधिकार के रूप में अधिक से अधिक शक्ति और स्कायत्तता प्राप्त करने की रहती है। तथापि जब स्थानी शासन के साथ शक्ति और संसाधनों के बंटवारे का प्रश्न आता है तब समस्या उत्पन्न होती है। अधिकांश मामलों में राज्य सरकारें स्थानीय निकायों को संघीय शासन व्यवस्था के तीसरे स्कंध के रूप में शक्ति और स्वायत्तता देने के इच्छुक नहीं रहते हैं। अधिकतर मालों में स्थानीय निकायों की क्षमता पर इसका अड़चनकारी प्रभाव पड़ता है। पिछले कई वर्षों में देखा गया है कि राज्य सरकारों ने संघीय शक्ति साझा करने की समन्वित संरचना के रूप में स्थानीय निकायों के विकास को सुकरनरी बनाया है। कुल मिलाकर, स्थानीय निकाय आश्रित संरचना ही बनी रही है। स्थानीय निकायों की क्षमतायें सर्वाधित अड़चनकारी कारक वित्तीय क्षमता है। स्थानीय निकायों को वित्तिय क्षमता नहीं प्रदान की जाती है जबकि यह स्थानीय शासन की सक्षम संरचना का मूल है। इस स्थिति में स्थानीय सरकार की भूमिका और क्षमता केंद्र से परेहोना

निश्चित है। साझाकृत दायित्व और हिस्सेदारी अभिक्षमता में कमी के अड़चनों के कारण परिसीमित होती है।

इस पृष्ठभूमि में यह अध्ययन तीसरे अखिल भारतीय शैक्षणिक प्रशासन सर्वेक्षण की एक गुरूतर परियोंजना के लघु अध्ययन के रूप में कराया गया। इस अध्ययन में प्रमुखतया शक्ति साझा करने के संघीय परिप्रेक्ष्य और आनुबांगिकता सिद्धांत के कार्यकरण के आधार पर प्रारंभिक विद्यालयों के प्रबंध में राज्य और स्थानीय निकायों के मध्य संबंध की प्रकृति का खाका तैया करने का प्रयास किया गया।

संबंध की रूपरेखा के दो स्तर हैं। पहले स्तर पर, जिसमें अध्ययन पर प्रमुखता से बल दिया गया, इसका उद्देश्य राज्य अधिनियमों, शासनादेश और परिपत्रों के माध्यम से प्रदत्त शक्ति और उत्तरदायित्व के आधार पर स्थानीय निकायों की अभिक्षमता की जांच करना था। जांच के दूसरे स्तर में यह सुनिश्चित करने का प्रस्ताव था कि व्यवहार में जमीनी स्तर पर राज्य और स्थानीय निकायों के मध्य किस सीमा तक शक्ति और दायित्वों का बंटवारा किया गया है। इस अध्ययन में मुख्य रूप से शक्तियों के प्रत्यायोजन से संबंधित शासनादेश और परिपत्रा और स्थानीय निकायों की क्षपता पर इस के प्रभाव का विश्लेषण करना प्रस्तावित था। व्यवहार में संसूचित जमीनी सच्चाई के क्रांतिक विश्लेषण के भाग के रूप में, दो राज्य बिहार और मध्य प्रदेश में से प्रत्येक राज्य के दो–दो जिले अर्थात् बिहार से पटना और अरवल और मध्य प्रदेश से रायसेन और विदिशा और आठ प्रखंडों अर्थात प्रत्येक जिले से दो–दो प्रखंडों का अध्ययन के लिए चयन किया गया है।

अध्ययन के नतीजे से संकेत मिलता है कि अभी भी स्थानीय निकायों को सशक्त बनाने तथा स्थानीय निकायों को अनुषंगिकता के संघीय सिद्धांत के अनुसार स्थानीय शासन का सक्षम संस्थागत ढांचे के रूप में बनाने और व्यवहार में बहुत बड़ी खाई है। अधिनियमों, परिपत्रों और शासनादेशों की रूपरेखा से निरूपित होता है कि इन निकायों को शक्तियाँ दी गई हैं किन्तु प्रकार्यात्मक वास्तविकता से पता चलता है कि शक्तियों का प्रयोजन अपर्याप्त है इन निकायों के प्रतिधि स्थानी निकायों को सौंपे गए स्कूलों के प्रबंधन से संबंधित दायित्वों पर पूरी तरह ध्यान नहीं देती है। शिक्षा अधिकारियों के साथ गहन साक्षात्कार में इस बात पर विशेष रूप से पता चलता है कि शिक्षा स्थानीय निकायों की न्यूनतम प्राथमिकता वाला क्षेत्र है। अधिकांश मामलों में उनकार प्रतिनिधित्व औपचारिक मात्र है। स्थानीय निकायों की भागीदारी मुख्य रूप से स्कूली शिक्षा के प्रबंधन के वित्तीय क्षेत्र तक सीमित है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के उपबंध के अन्तर्गत सृजित एसएमसी के रूप में स्कूल स्तर पर शासन की भागीदारी संरचना और राज्य सरकारों के नियमों के फलस्वरूप शक्ति प्राप्त संरचना का निर्माण नहीं के बराबर हुआ है। सहभागी स्कूल प्रशासन व्यवस्था के सशक्त संरचना के रूप में एसएमसी (स्कूल प्रबंधन समिति) को स्कूलों की जमीनी हकीकत से पृथक रूप में नहीं देखा जा सकता है। ये केवल कागज पर ही प्रकार्यात्मक हैं। स्कूलों का दौरा, स्कूल के कामकाज के प्रेक्षण में भागीदारी का अभाव और शिक्षा अधिकारियों, प्रधानाध्यापकों, विद्यालय प्रबंधन समितियों के अध्यक्षों और एसएमसी के कुछ सदस्यों के साथ साक्षात्कार से इस तथ्य की पुष्टि होती है कि संरचना और अधिदेशित भूमिका के सृजन के आशय के अनुरूप विद्यालय प्रबंधन समितियां कार्य नहीं कर रही हैं।

4. मदरसा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए योजना (एसपीक्यूईएम) के कार्यान्वयन का मूल्यांकन

डा मंजू नरूला (एक टीम सदस्य के रूप में)

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के कहने पर, नीपा चार राज्यों– उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और त्रिपुरा में मदरसों के कामकाज का एक मूल्यांकनपरक अध्ययन (मदरसों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की योजना) आयोजित कर रहा है जिसमें संकाय के 4 सदस्य अध्ययन दल शामिल हैं। यह योजना 2009–10 में आरम्भ हुई थी और इस योजना के अन्तर्गत मदरसों और मकतबों ने अनुदान के लिए आवेदन किया था, उन्हें भारत सरकार द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त हो रही है। यह योजना वे मदरसों और मकतबों जिन्होंने अनुदान के लिए आवेदन किया था। उन्हें भारत सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त हो रही है। इस योजना में मदरसों और मकतबों को औपचारिक विषयों अर्थात् विज्ञान, गणित, सामाजिक अध्ययन, हिंदी और अंग्रेजी को शिक्षण कार्य आरम्भ करने के लिए प्रोत्साहित करती है ताकि मदरसों

और मकतबों में अध्ययनरत बालक–बालिकाओं को कक्षा 1 से 12वीं के लिए शैक्षणिक दक्षता प्राप्त हो सके। यह योजना मदरसों के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली के मानकों के समकक्ष शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है।

5. शिक्षा नीति और सुधार के कार्यान्वयन में शिक्षा मंत्रालय के नेतृत्व को सशक्त बनाना

के. सुजाता, ए.एन. रेड्डी, वी. सुचारिता, आर.एस. त्यागी

भारत वर्तमान में जन्मदर, मृत्युदर, जनसंख्या घनत्व और उम्र संरचना में तेजी से आ रहे बदलाव के कारण जनसांख्यिकीय परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। यद्यपि यह परिवर्तन पूरे देश में समान रूप से नहीं हो रहा है और अलग–अलग क्षेत्रों में इस परिवर्तन का स्वरूप अलग–अलग है। ठीक उसी तरह विगत दशक में शिक्षा क्षेत्र में कई तरह के परिवर्तन हुए हैं और अलग–अलग राज्यों में इसमें भिन्नता है। इस अध्ययन का उद्देश्य नामांकन दरों को प्रभावित करने वाली विभिन्न शिक्षा नीतियों को समझने के साथ–साथ इस बात का भी विश्लेषण करना है कि क्या जनसांख्यिकीय परिवर्तन के कारण शिक्षा नीति की प्राथमिकताएं बदल गई हैं।

चूँकि इस अध्ययन में तीन एशियाई देशों (भारत, मलेशिया और कोरिया गणराज्य) के मामलों को सम्मिलित किया गया है जो जनसांख्यिकीय तथा सामाजिक–आर्थिक रूप से एक दूसरे से भिन्न है तथा इसके उद्देश्य इस तरह से निर्धारित किए गए हैं कि उन्हें भारतीय संदर्भ में और अधिक उपयुक्त तथा भारतीय शिक्षा प्रणाली के लिए प्रसांगिक बनाया जा सके। इस प्रकार भारतीय अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य थे

- भारत तथा प्रतिदर्श राज्यों में जनसांख्यिकीय परिवर्तन तथा शिक्षा, विशेषकर प्रारंभिक शिक्षा पर इसके प्रभावों का अध्ययन करना;
- चुनिंदा प्रतिदर्श राज्यों में विद्यालय जाने वाले बच्चों तथा प्रारंभिक शिक्षा में नामांकन पद्धति पर जनसांख्यिकीय परिवर्तन के प्रभाव की जांच करना;
- उपलब्धता भागीदारी समान हिस्सेदारी और गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए प्रारंभिक शिक्षा को संचालित करने वाले मौजूदा नीतिगत ढांचे की समीक्षा करना;
- जनसांख्यिकीय परिवर्तन के आलोक में शिक्षा की गुणवत्ता और समान भागीदारी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए नीतिगत उपाय के संबंध में सुझाव देना

भारतीय अध्ययन में डेटा संग्रह के लिए मात्रात्मक और गुणात्मक दृष्टिकोण दोनों का संयोजन शामिल था।

विद्यालयी शिक्षा की उपलब्धता तथा विद्यालय, नामांकन विद्यालयों के बदलते आकार, निजी क्षेत्र के उद्भव आदि के परिप्रेक्ष्य में विद्यालयी शिक्षा के विस्तार आदि में रूझानों का विश्लेषण करने के लिए परिमाणात्मक दृष्टिकोण का उपयोग किया किया गया। जनसांख्यिकीय परिवर्तन के रुझानों की जांच अखिल भारतीय स्तर पर तथा 20 प्रमुख राज्यों में की गई। जनसांख्यिकी परिवर्तन का विश्लेषण जनसंख्या के आकार, लिंग, जनसंख्या के सामाजिक और धार्मिक, ग्रामीण/शहरी संरचना 1991 के बाद जन्म दर, परिवर्तन, मृत्यु दर और उत्पादकता दर में परिवर्तन से संबंधित रुझानों के परिप्रेक्ष्य में किया जाता है। जनसांख्यिकीय परिवर्तन संबंधी आंकड़ा विभिन्न द्वितीयक स्रोतों से प्राप्त किया गया। हालांकि जनगणना एक महत्वपूर्ण द्वितीयक स्रोत रहा, जन्म दर, मृत्यु दर और उत्पादकता दर संबंधी आंकड़े प्रतिदर्श पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) से प्राप्त किए जाएंगे। शिक्षा सुविधाओं से संबंधित आकड़ा चुनिंदा शैक्षिक सांख्यिकी/विद्यालयी शिक्षा संबंधी सांख्यिकी तथा जिला शिक्षा सूचना प्रणाली (डाईस) से प्राप्त किया गया था।

जनसांख्यिकीय परिवर्तन और शिक्षा में बदलाव को देखते हुए उठाये गये नीतिगत कदमों को समझने के लिए गुणात्मक दृष्टिकोण का उपयोग किया गया। नीतिगत दस्तावेजों, वार्षिक योजनाओं, दृष्टिपत्रों, सरकारी आदेशों, कार्यक्रमों के संयुक्त समीक्षा मिशनों आदि की समीक्षा करके आकड़े एकत्रित किये गये। व्यापक शोध प्रश्नों को ध्यान में रखते हुए, विगत दस वर्षों में कार्यान्वित की गई शिक्षा नीतियों और विधानों की समीक्षा की जा रही है। विशेषतौर पर अनुसंधान टीम ने सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) पर विशेष ध्यान केंद्रित किया क्योंकि यह कार्यक्रम विशेष रूप से प्रारंभिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण के लिए चलाया गया था और विगत दस वर्षों से इसका कार्यान्वयन किया जा रहा है।

प्रमुख निष्कर्ष:

जब हम स्कूलों की संख्या में वृद्धि को देखते हैं, तो प्राथमिक स्कूलों की संख्या वर्ष 1990–91 में 560.9 हजार से 1.5 गुणा बढ़कर 2014–15 में 847.1 हजार हो गई है। इसी तरह, उच्च प्राथमिक विद्यालयों की संख्या में भी 2.7 गुणा वृद्धि हुई है। अर्थात् वर्ष 1990–91 में जहाँ इनकी संख्या 151.5 हजार थी। वर्ष 2014–15 में यह बढ़कर 425 हजार हो गई। इसी प्रकार प्राथमिक और उच्च प्राथमिक चरण में नामांकन की संख्या में विशेष रूप से हालिया वर्षों में बालकों के घटते हुए रूझान को दर्शाता है। प्राथमिक स्तर पर नामांकन 97.4 मिलियन से बढ़कर 129.1 मिलियन हो गया है और अपर प्राइमरी विद्यालय में लगभग दो गुनी बढ़ गयी है। अर्थात् वर्ष 1990–91 में 34 मिलियन से बढ़कर वर्ष 2015–16 में 67.6 मिलियन हो गया है। अध्यापकों की संख्या में लगातार वृद्धि होती रही है, यद्यपि वर्ष 2010 के बाद विभिन्न कारणों से जिनमें अन्य बातों के साथ–साथ शिक्षकों की उपलब्धता में मामले में बड़ी संख्या में खाली पद शामिल हैं, ह्रासमान रूझान रहा है प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या वर्ष 2000–01 में लगभग 190 हजार से बढ़कर 2010–11 में लगभग 2500 हजार और 2015–16 में और अधिक बढ़कर 2670 हजार हो गई है। इसी तरह, उच्च प्राथमिक स्कूलों में कार्यरत अध्यापकों की संख्या 2000–01 के 1326 हजार से बढ़कर 2010–11 में 2239 हजार और वर्ष 2015–16 में और अधिक बढ़कर 2612 हजार हो गई। प्राथमिक कक्षा स्तर पर सकल नामांकन अनुपात (जीआइआर) 1990 के दशक के 100 प्रतिशत से थोड़ा कम होकर 1992–93 से 1996–97 के दौरान 90 प्रतिशत हो गया है। वर्ष 1997–98 से वर्ष 2003–04 के दौरान यह बढ़कर 90 प्रतिशत से अधिक हो गया है। वर्ष 2004–05 से यह 100 प्रतिशत से अधिक है। इसी प्रकार उच्च प्राथमिक स्तर पर जहाँ यह वर्ष 1990–91 से 1992–93 के दौरान 60 प्रतिशत से अधिक था, वर्ष 1993–94 से 2000–01 के दौरान यह घटकर 60 प्रतिशत से कम हो गया है। यद्यपि कई वर्षों में इसमें निरन्तर वृद्धि हो रही है तथापि यह अब तक 100 प्रतिशत से अधिक नहीं हो पाया है। विभिन्न राज्यों में जीईआर में व्यापक भिन्नता भी देखी जा सकती है। यहाँ तक कि वर्ष 2014–15 में भी अनेक राज्यों में जीईआर 100 प्रतिशत से कम रहा है, जबकि कुछ अन्य राज्यों ने सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा में अपनी उपलब्धियों को स्वीकार किया है। इन राज्यों में केरल, हिमाचल प्रदेश शामिल हैं। अन्य राज्यों में जहां जीईआर 100 प्रतिशत से कम है, उनमें आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश आदि शामिल हैं, लेकिन कुछ शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े राज्यों में जहाँ जीईआर शत–प्रतिशत अथवा उससे अधिक पाया गया है, उनमें झारखंड, असम, छत्तीसगढ़ आदि शामिल हैं। इन असंगत प्रतिरूप का विश्लेषण करना कठिन है।

शिक्षा पर जनसांख्यिकीय संक्रमण काल का सर्वाधिक दृष्टव्य प्रदर्शन विद्यालय के घटते हुए आकार में निहित है। पिछले कुछ वर्षों में प्रवेश के मामले में विद्यालय के आकार में निरन्तर गिरावट आई है। हालांकि, विद्यालय के आकार में विभिन्न कारणों से कमी आ रही है, जिसमें नए विद्यालयों के खोले जाने के कारण विद्यार्थियों की कमी होना शामिल है। निजी स्कूलों की बढ़ती हुई संख्या को भी राजकीय विद्यालयों के घटते हुए आकार का एक कारण माना जाता है। तथापि जैसा कि आकड़ों से पता चलता है, गैर–सरकारी विद्यालयों में भी विद्यार्थियों की संख्या में कमी आ रही है।

नीतिगत स्तर पर विद्यालयों में अधिगमकर्त्ताओं की निरंतर कम होती संख्या के मुद्दे के समाधान के लिए युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया जारी है, जिसमें राज्यों में विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर स्कूलों को प्राथमिक से उच्च प्राथमिक और उच्च प्राथमिक से उच्च विद्यालय में परिणत किया जा रहा है। ताकि स्कूलों में पर्याप्त संख्या में विद्यार्थी उपलब्ध रहें और प्रत्येक कक्षा में एक शिक्षक की उपस्थिति व्यवहार्य हो सके।

जनांकिकीय संक्रमण से संबंधित विचार–विमर्श और चर्चा में तथाकथित जनांकिकीय लाभांश से होने वाले फायदे पर बल दिया जा रहा है। जनांकिकीय लाभांश का लाभ उठाने के लिए बढ़ती हुई युवा आबादी को फायदा उठाने के लिए कौशल विकास, प्रशिक्षण, स्टार्ट–अप आदि जैसी कई नीतियां शुरू की जा रही हैं। इस प्रकार, जनकिकीय संक्रमण अभी भी शैक्षिक योजना, विशेष रूप से प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा क्षेत्र में अभी भी चर्चा का विषय नहीं बना है।

शैक्षिक वित्त विभाग

मोना खरे

प्रकाशन

प्रकाशित पुस्तकें

डिस्परिटीज इन ग्रेजुएट एम्प्लोयबिलिटी स्किल्स, वर्गीज एनवी, निधि सभरवाल और मलिश, सी.एम. (सं.), इंडिया हायर एजुकेशन रिपोर्ट 2016ः इक्विटी सेज, 2018. नई दिल्ली।

प्रकाशित शोध पत्र/आलेख

'चैलेंजिंग द ऐड इंडस्ट्री स्ट्रक्चरः शिफ्टिंग डायनामिक्स ऑफ इंडियाज एजुकेशन डेव्लपमेंट कोऑपरेशन" रेविस्त्रा दे एकोनोमिया पोलिटिका ए हिस्टोरीका एकोनोमिका, अंक 40, जुलाई–अगस्त 2018।

चैलेंजिंग ऑफ फाइनेंसिंग एलेमेंटरी एजुकेशन इन इंडियाः पास्ट टेंड्स एंड फ्यूचर पोटेन्सियल" बहु–विषयक अध्ययन और शिक्षा एआईसीएमएसई 2016 (ऑक्सफोर्ड) पर अकादमिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन द्वारा तैयार पुस्तक आईएसबीएन संख्या 978–1–911185–16–1 (ऑनलाइन) एफएलई लर्निंग लिमिटेड ब्रिटेन।

